CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 06°C

लखनऊ, गुरुवार 5 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 91 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई ने मचाया हड़कंप

पेज 2



इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच जरूर होना चाहिएः ब्रेट ली

खेल टाइम्स



क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु

सम्पादकीय



अमेरिका ने अरब सागर में ईरानी ड्रोन को मार गिराया

पेज 12

# विपक्षी सांसदों का हंगामा, पीएम मोदी की स्पीच टली

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकसभा आज तक स्थगित
■ शाम पांच बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले थे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

हंगामे के कारण पीएम नरेंद्र मोदी का बुधवार शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। सुबह सदन सिर्फ 5 मिनट चला और 12 बजे तक स्थगित हुआ। इसके बाद 12 बजे हंगामा होने पर दोपहर 2 बजे तक और 2 बजे दोबारा शुरू होकर 8 मिनट में ही रुक गया। शाम 5 बजे फिर शुरू होने के बाद भी हंगामे के चलते लोकसभा को बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने चेयर की तरफ बुधवार को भी पेपर उछाले। मंगलवार को इसी हरकत पर 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी (राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।

### पीएम मोदी डरे हुए हैं, इसीलिए संसद नहीं आए: राहुल

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण नहीं हो सका। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, इसलिए सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और बयान भी साझा किया। इस वीडियो में वो पहले ही ये बात कह चुके थे। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम मोदी लोकसभा नहीं आएंगे। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

# सुप्रीम कोर्ट एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ ईडी और सीबीआई को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर ईडी को कड़ी फटकार लगाई है।

इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में एसबीआईकी शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं, इसलिए हम अपेक्षा करते हैं कि दोनों एजेंसियां अब त्वरित कार्रवाई करें। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए।

### नीट-पीजी कटऑफ कम करने के फैसले पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2025-26 की कट-ऑफ घटाने के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनबीईएमएस से जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026 को होगी। योग्यता कट-ऑफ प्रतिशत घटाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, न्यूरोसर्जन सौरव कुमार, यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष डा. लक्ष्य मित्तल और वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डा. आकाश सोनी द्वारा दायर की गई। याचिका में कहा गया था कि विवादित नोटिस के माध्यम से कट-ऑफ को असामान्य रूप से बेहद कम, यहां तक कि शून्य और नकारात्मक स्तर तक घटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों में कमी मनमानी है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है।

# ईसी बंगाल को निशाना बना रहा: ममता बनर्जी

## एसआईआर मुद्दा कहा: नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील | CJI की बेंच ने कहा: असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिएं | चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है।

सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। ममता ने कहा कि चुनाव से पहले 2 महीने में ऐसा कुछ करने की कोशिश की जा रही है, जो 2 साल में होना था। खेतीबाड़ी के मौसम में लोगों को परेशान किया जा रहा है। 24 साल बाद इसे 3 महीने -**शेष पृष्ठ दो पर**

### वांगचुक की जमानत पर विचार करे केंद्र: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है? जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा कि दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए।

# राहुल गांधी के जवाब में भाजपा भी लाई किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बोले: नेहरू-गांधी का भी इतिहास सामने आना चाहिए

**नई दिल्ली।** संसद में किताब के हवाले से बयान देने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा राजनीतिक टकराव बन गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक कथित अप्रकाशित सैन्य पुस्तक का जिक्र करने के बाद अब भाजपा ने भी पलटवार किया है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे कई प्रकाशित और प्रतिबंधित किताबों के कवर लेकर सदन पहुंचे और कांग्रेस पर इतिहास छिपाने का आरोप लगाया। इसी मुद्दे पर सदन में हंगामा बढ़ा और कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि इसके बाद उन्होंने सभी किताबों को लेकर मीडिया से बात की। निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कई किताबों के नाम गिनाए। इनमें नेहरू और गांधी परिवार से जुड़ी किताबें, इमरजेंसी पर लिखी किताबें और मित्रोखिन आर्काइव का जिक्र शामिल रहा। उन्होंने दावा किया कि इन पुस्तकों में कांग्रेस शासन, आपातकाल और कथित विदेशी प्रभाव से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। उनका कहना था कि कई किताबों पर कांग्रेस सरकार के समय प्रतिबंध लगाया गया था और अब उन पर खुली चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मेरा स्पीकर साहब से यह भी अनुरोध है कि आप जो छपी हुई किताब है। उस पर ही चर्चा करा लीजिए। संसद में चर्चा हो जाएगी, तो गांधी नेहरू परिवार की जो मक्कारी है, वो सबके सामने आ जाएगी। 50 के दशक में चीन हमसे पीछे हुआ करता था, लेकिन वो कैसे आगे निकल गया। उसके पूरे इतिहास पर चर्चा होनी चाहिए। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राहुल गांधी ने संसद में पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित किताब का हवाला दिया। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई कि बिना प्रकाशित और बिना आधिकारिक अनुमति वाली सामग्री का जिक्र नियमों के खिलाफ है।

### एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया। बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 21 अगस्त 2025 को करोड़ों की जमीन के विवाद में बनारसी यादव ने गाजीपुर के शूटरों को सुपारी देकर कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर अरविंद फौजी सहित चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था।





नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित 'संस्मरण' की एक प्रति दिखाते हुए।

### उधमपुर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था।

# गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की थीं शिकार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भारत सिटी अपार्टमेंट में गत रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है।

भारत सिटी के बी वन टॉवर के फ्लैट नंबर 907 में रहने वाली तीन सगी बहनों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार तड़के करीब दो बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बच्चियों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार सुबह बच्चियों के आत्महत्या की जानकारी देते हुए कहा कि मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की आदी थीं और वे कोरियाई ऑनलाइन गेम खेलती थीं। सुसाइड नोट में बच्चियों ने माता-पिता से खेद व्यक्त किया है। मृतक बहनों की पहचान निशिका (16 वर्ष), प्राची (14 वर्ष) और पाखी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बहनों ने अपार्टमेंट के नौ मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राहुल ने नरवणे की किताब दिखाई, कहा: पीएम को दूंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित समझो वह करो!।

राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं, तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके। राहुल गांधी, पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक लेकर पहुंचे। लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### जनता का निरादर कर रहे हैं पीएम मोदी: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मनमर्जी से काम कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है।

■ कांग्रेस सांसद ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह को गद्दार बताया, मंत्री ने पलटकर कहा: राहुल देश के दुश्मन

# युमनाम खेमचंद सिंह बने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को लोकभवन में खेमचंद को गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मैतेई समुदाय से आने वाले खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। नगा समुदाय से आने वाले लोसी दिखो को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई है। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। उनके अलावा कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन ने भी डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। उन्होंने दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शपथ ली। वे राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के प्रयास से मूकबधिर खुशी के जीवन में लौटी 'खुशी'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की मूकबधिर बच्ची खुशी को उसकी खोई हुई आवाज मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवे. दनशील हस्तक्षेप और त्वरित निर्देशों के चलते खुशी का सफल इलाज संभव हो सका, जिससे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है। 26 नवम्बर को खुशी ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बेहतर इलाज के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद खुशी को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसका इलाज सफल रहा। इलाज के बाद खुशी न सिर्फ सुनने और बोलने में सक्षम हुई, बल्कि उसके चेहरे पर भी खोई हुई मुस्कान लौट आई। मासूम खुशी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि थैंक्यू योगी जी।

### बराड़ के दो गुर्गे गिरफ्तार, वारदात में कार बरामद

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर 23 जनवरी को हुए सनसनी खेज गुरविदर सिंह हत्याकांड में एस-ए-एस- नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी. हरमनदीप सिंह हंस ने बुधवार को कहा कि इस हत्याकांड की साजिश विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सतिद. रजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिए हैं। 23 जनवरी को गुर. विदर सिंह अपनी पत्नी अमरदीप कौर के साथ मोहाली कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे।

# यूपी के अनुदेशकों ने जीती लड़ाई, अब खत्म नहीं होगी नौकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सुप्रीम कोर्ट ने 17000 रुपये मानदेय देने का दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकारी स्कूल में कार्यरत अनुदेशकों की नौकरी संविदा की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी नहीं जाएगी। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को अनुदेशकों का मानदेय 17000 रुपये करने का निर्देश दिया है।

उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार अनुद. ेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविदा की जो निर्धारित अवधि है, वह खत्म होने के बाद भी अनुद. ेशकों की नौकरी नहीं जाएगी। 10 साल तक काम करने के चलते यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित हो चुका है। साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये देने का मानदेय देने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि अनुदेशक साल 2013 से ही मानदेय बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे थे, लेकिन सरकार ऐसा करने को तैयार नहीं थी। फिर अनुदेशकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई।

कोर्ट ने अनुदेशकों को मिलने वाले 7000 रुपये के मानदेय पर भी सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक बिना किसी संशोधन के मानदेय तय रखना अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो अंशकालिक शिक्षक लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2017-18 से अंशकालिक शिक्षकों का मानदेय 17,000 प्रतिमाह माना जाएगा। यह अगले संशोधन तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस नए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 2017 से अब तक नए मानदेय के तहत बकाया श्रेणी में आने वाली राशि का भुगतान 6 महीने के अंदर करने को कहा है। बता दें कि यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय साल 2017 में बढ़ाने का निर्णय हुआ था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस फैसले को लागू नहीं किया गया। इसके बाद अनुदेशक सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में फैसला दिया था, तो सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी।

### कैंसर के खिलाफ अभियान चलाए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में पुरुषों में होने वाले लगभग 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है, तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए। ऐसे अभियानों की अगुवाई उन भरोसेमंद लोगों से कराई जानी चाहिए, जो निजी जीवन में भी किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर ईमानदारी से सफल हुए हों और जिनके परिवार खुशहाल हों। ऐसे वास्तविक उदाहरण समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने का संकल्प लेगी। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अखिलेश ने जोर देते हुए कहा कि कैंसर से लड़ने से बेहतर है उससे बचाव किया जाए।

# वैदेही आर्ट गैलरी सीता के जीवन से कराएगी परिचित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन चरित्र पर आधारित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी अयोध्या में वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जाएगी।

बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रेरणा हैं। उनके दिव्य और तेजस्वी चरित्र से नई पीढ़ी को गहराई से परिचित कराना आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने 'वैदेही आर्ट गैलरी' की अवधारणा साझा करते हुए कहा कि यह केवल एक कला संग्रहालय नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव स्थल होना चाहिए। आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, गरिमा, धैर्य और शक्ति का आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुतीकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की संकल्पना, कथा-वस्तु, डिजाइन, दृश्य भाषा, कला और तकनीक-सभी आयाम इस भाव को प्रतिबिबित करें कि एक दिव्य विरासत को नई पीढ़ी के समक्ष प्रेरणाोत के रूप में पुनर्प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई पर मचा हड़कंप

**लखनऊ/बांदा, वार्ता**

■ अधीक्षक-जेलर समेत अज्ञात पर केस, एसआईटी जांच में जुटी

उत्तर प्रदेश के बांदा जिला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई ने बड़ा बवाल खघ कर दिया है। मामले में जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है।

मंगलवार को टीम ने बांदा मंडल जेल में करीब 5-6 घंटे तक दस्तावेज, रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की गहन पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई हो गई, यही बिंदु अब जांच का केंद्र बना हुआ है। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महा. निदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीजी (कारागार) पीसी मीणा ने जांच प्रयागराज रेंज के डीआईजी राजेश श्रीवास्तव को सौंपी है। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिकी ट्रेड डील पर संसद में पीयूष गोयल का बयान

# देश व किसानों के हितों की रक्षा का रखा ध्यान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से बाहर रखा गया, भारतीय पक्ष अहम् क्षेत्रों की रक्षा करने में सफल रहा

भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भारी शोर-शराबे के बीच लोकसभा में कहा कि दोनों देशों के बीच डील को लेकर बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। भारतीय पक्ष डील करने के दौरान अपने अहम क्षेत्रों खासकर कृषि और किसानों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा।

सांसदों के हंगामे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की अमेरिका यात्रा के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संतुलित, पारस्परिक रूप से, लाभकारी और द्विपक्षीय ट्रेड डील करने को लेकर लगातार और नियमित चर्चा करते रहे हैं। पिछले साल, दोनों पक्षों के बातचीत करने वालों ने अलग-अलग लेवल पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के जरूरी हितों को ध्यान में रखते हुए यह स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपने-अपने जरूरी और संवे. दनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करना चाहेंगे और सबसे अच्छे नतीजे भी सुनिश्चित करना चाहेंगे। आपसी बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों खासकर कृषि और डेयरी के हितों की रक्षा करने में सफल रहा। एक साल की बातचीत के बाद दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से अलग रखा गया है। खाद और कृषि क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा, इस डील से भारत और अमेरिका दोनों पक्षों को फायदा होगा। 2 फरवरी 2026 को पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों पर टेलीफोन पर बातचीत की। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह टैरिफ कई प्रतिस्पर्धी देशों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से कहीं कम है। ट्रेड डील में विकसित भारत की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक और स्ट्रक्चरल समझौता भारत-अमे. रिका संबंधों को मजबूत करने तथा विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को भी दिखाता है।

### राहुल गांधी पर भड़के केन्द्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इससे पहले कल मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा था। राहुल की आलोचना करते हुए गोयल ने कहा कि वह भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में ट्रेड डील पर बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें (राहुल गांधी) देश की प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी भारतीय नागरिक उनकी भ्रम वाली सोच से सहमत हो सकता है। क्या राहुल को लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश से चिढ़ होती है, जिसे हम भारत में लाने की कोशिश कर रहे हैं? इससे पहले कांग्रेस नेता ने यह आरोप लगाया था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में आकर ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया।



सेंसेक्स 83817.69
निफ्टी 25776



सोना 159035
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश



चांदी रु. 284432
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन चढ़े शेयर बाजार आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों में बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 78.56 अंक (0.09 प्रतिशत) चढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत ऊपर 25,776 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 12 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस बीच आईटी कंपनियों में भारी दबाव रहा, जिसके कारण सुबह प्रमुख सूचक. ांकों में गिरावट थी और एक समय सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूट गया था। अमेरिकी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

बताया जा रहा है कि एक ऐसे एआई टूल के विकास की खबर आने के बाद ये कंपनियां दबाव में आ गईं जो दस्तावेजों की समीक्षा और आंकड़ों के विश्लेषण का काम कर सकती हैं। ज्यादातर कंपनियां वर्तमान में ये काम भारतीय कंपनियों से आउटसोर्स करवाती हैं। उसी का असर आज बाजार खुलते ही दिखा। सेंसेक्स में आईटी कंपनियों में ही सबसे अधिक गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। टीसीएस में भी लगभग सात फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटे। तीस कंपनियों वाले संवेदी सूचकांक में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। ट्रेंट का शेयर पांच प्रतिशत के करीब चढ़ा। एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और पावरग्रिड में दो से ढाई प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए।

# सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली। शाम 4.32 बजे तक एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 5,226 (3.4 प्रतिशत) उछलकर 1,59,035 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

सोने की आज शुरुआत 1,58,420 पर हुई थी, जो पिछले बंद भाव 1,53,809 के मुकाबले काफी ऊपर है। चांदी की बात करें, तो इसकी चमक आज और भी ज्यादा है। शाम 4.29 बजे तक 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी 16,417 (6.13 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 2,84,432 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। चांदी आज 2,78,015 पर खुली थी और इसने पिछले बंद भाव 2,68,015 के मुकाबले लंबी छलांग लगाई है। सोने और चांदी की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी क्रैश पर आखिरकार ब्रेक लग गया है। सोना और चांदी दोनों में मजबूत खरीदारी देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से एमसीएक्स पर सोना और चांदी दोनों के भाव एक बार फिर तेज रफ्तार पकड़ते नजर आ रहे हैं। अगर आप आज सोना-चांदी खरीदने या निवेश करने की सोच रहे हैं, तो आपको ताजा कीमतों पर नजर रखना जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में आज फिर से बड़ी तेजी देखने को मिल रही है।

# चावल, गेहूं महंगा, चीनी सस्ती दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी महंगा हुआ जबकि चीनी में नरमी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 16 रुपये मजबूत हुआ और 2,875 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में घटबढ़ रही।

उड़द दाल की औसत कीमत 22 रुपये और तुअर दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 43 रुपये की गिरावट रही। मूंग दाल 22 रुपये और चना दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सात रिंगिट चढ़कर 4,222 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.11 प्रतिशत की तेजी में 54.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 46 रुपये और सूरजमुखी तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 33 रुपये और वनस्पति की तीन रुपये बढ़ी। वहीं सरसों तेल में सात रुपये और सोया तेल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईसी बंगाल...**

में पूरा करने की जल्दबाजी क्यों है। 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। ईसीआई की प्रताड़ना के चलते बीएलओ की जान जा रही है। बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। असम और नॉर्थ ईस्ट में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। एसआईआर प्रक्रिया वोटर्स को शामिल करने नहीं बल्कि हटाने के लिए हो रही है। अब तक 58 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं। भाजपा ने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए, जो बीएलओ अधिकारों को दरकिनार करते हुए नाम हटा रहे हैं। ममता ने कहा कि सर बेटी शादी के बाद ससुराल जाती है, वह पति का टाइटल इस्तेमाल कर रही है, यह भी मिसमैच है। कुछ बेटियां जो ससुराल चली गईं, उनके नाम भी डिलीट कर दिए गए। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि राज्य सरकार से बार-बार मांग करने के बाद एसआईआर के काम के लिए पर्याप्त ग्रुप बी अधिकारी नहीं दिए गए। इस कारण माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। सभी नोटिस में कारण होते हैं। जिनके नाम हटे उन्हें अधिकृत एजेंटों को भी लाने की अनुमति दी गई थी। हमने राज्य सरकार को कई पत्र लिखे हैं कि हमें क्लास 2 अधिकारी दें ताकि ईआरओ को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने उस रैंक के लगभग 80 अधिकारी दिए हैं, बाकी निचले रैंक के। इसलिए हमें माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। गलती उनकी है। माइक्रो ऑब्जर्वर सही तरीके से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सहयोग नहीं कर रहा है, तो कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। समय की कोई समस्या नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी नोटिस वापस लेना अव्यावहारिक है। नाम की स्पेलिंग में गड़बड़ी होने पर चुनाव आयोग नोटिस जारी न करे। चुनाव आयोग अपने अधिकारियों को भी निर्देश दे कि वे संवे. दनशील रहें। अगर राज्य सरकार ऐसे लोगों की टीम देती है, जो बांग्ला और स्थानीय बोलियां जानते हों, और वे जांच करके चुनाव आयोग को बताएं कि स्थानीय बोली के कारण गलती है, तो इससे मदद मिलेगी। स्थानीय बोली के अनुवाद को एआई की मदद लेने के कारण अगर ऐसा हो रहा है, तो हम समाधान निकालेंगे। इस वजह से असली मतदाता को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। अपने आवेदन में ममता ने कहा है कि आर्टिकल 32 रिट में याचिकाकर्ता होने के नाते वह मामले से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे कहती हैं कि पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी अध्यक्ष होने के नाते वह सुप्रीम कोर्ट के तौर-तरीकों को समझती हैं और स्थापित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करेंगी।

**राहुल ने...**

कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। राहुल ने हाथ बढ़ाकर बिट्टू से हाथ मिलाना चाहा, लेकिन वे ऐसा किए बिना आगे निकल गए। नेता प्रतिपक्ष राहुल और केंद्रीय मंत्री के बीच थोड़ी देर के लिए बहस हुई। रवनीत सिंह बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तीन बार कांग्रेस सांसद रह चुके हैं। वे पहली बार 2009 में आनंदपुर साहिब से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना से जीत हासिल की। 2024 लोकसभा में उन्होंने लुधियाना से पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 20 हजार वोटों से हार गए। चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र सरकार में राज्यसभा सदस्य और मंत्री बनाया गया और रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। यह पहली बार नहीं है जब रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच बयानबाजी देखने को मिली है। सितंबर 2024 में बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बिट्टू ने अमेरिका में सिखों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

# हाईकोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति मंजूर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 2024ए का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 224ए का इस्तेमाल कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो साल के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर फिर से नियुक्त किया है। यह कदम आपराधिक मामलों की लंबित भारी संख्या के मद्देनजर उठाया गया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, मोहम्मद असलम, सैयद आफताब हुसैन रिजवी, रेणु अग्रवाल और ज्योत्सना शर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति की मंजूरी दी। इन नियुक्तियों के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 115 हो जाएगी, हालांकि यह स्वीकृत 160 न्यायाधीशों की संख्या से अब भी कम है। उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से खासकर आपरा. धिक लंबित मामलों के निपटारे में मदद मिल सकती है। संविधान में यह प्रावधान है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से लंबित मामलों की अधिकता या रिक्तियों की स्थिति से निपटने के लिए सेवा. निवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकते हैं, हालांकि अनुच्छेद 224ए के तहत ऐसी नियुक्तियां बहुत कम होती हैं। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने ऐसी नियुक्तियां केवल तीन बार की हैं। 1972 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सूरज भान, 1982 में मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति पी. वेणुगोपाल और 2007 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति ओपी श्रीवास्तव की नियुक्ति हुई थी उच्चतम न्यायालय ने 2021 के एक निर्णय में 'निष्क्रिय' संवैधानिक प्रावधान का पुनः उपयोग किया, जिसे उच्च न्यायालयों में बड़ी तादाद में लंबित मामलों के समाधान के रूप में वर्णित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वर्तमान प्रक्रिया तब शुरू की, जब उन्होंने देखा कि उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय के अनुच्छेद 224ए के इस्तेमाल के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके बाद सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों के लिए सिफारिशें मांगने वाले पत्र भेजे गए। अभी तक तीन उच्च न्यायालय से इस तरह की सिफारिश मिली हैं। इनमें से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई है। बाकी सिफारिशों पर विचार करने के लिए कॉलेजियम के फिर से बैठने की उम्मीद है। अन्य उच्च न्यायालय अभी सुझाव भेजने की प्रक्रिया में हैं। पिछले साल दिसम्बर में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने 2021 के निर्णय को स्पष्ट किया और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों को शामिल करते समय अधिक लचीलेपन की अनुमति दी।

# मुख्यमंत्री योगी का बाल प्रेम

## सीएम के पास पहुंच कर बालहठ के साथ निश्छल मन से अपनी बात रखते हैं प्रदेश भर के बच्चे





**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** नर्सरी में एडमिशन कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची मासूम बच्ची की जिद हो या चॉकलेट की मांग करने वाले बच्चों की हठ। जिन मुख्यमंत्री का नाम सुनकर अपराधी कांप उठते हैं, बच्चे उन्हीं से मिलकर सहजता से अपनी जिद मनवा लेते हैं। कहते हैं, 'बच्चे मन के सच्चे', वे अपने दिल की भावना को अत्यंत निश्छलता से प्रकट कर देते हैं, यही भाव उस समय सामने आया, जब सीएम योगी आदित्यनाथ को देखते ही एक छोटी बच्ची ने उन्हें सैल्यूट किया। सीएम ने भी मुस्कुराते हुए बच्ची को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। उनका यह बाल प्रेम उनके कोमल हृदय व सर्वसुलभ होने के साथ-साथ जनसेवा, संवेदना व सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री के बच्चों से जुड़ाव और उनके साथ भावनात्मक संवाद के कई दृश्य समय-समय पर सामने आते रहते हैं। विगत सोमवार को 'जनता दर्शन' में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली से सीएम का संवाद इन दिनों चर्चा में है। अपने एडमिशन के लिए जिद, फिर एबीसीडी व कविता सुनाकर अनाबी ने सीएम का दिल जीत लिया। वहीं मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से 'और क्या चाहिए' पूछना और उसका मासूम जवाब सुनकर खिलखिलाकर हंसना भी उनके बालप्रेम को प्रकट करता है। बच्चों से अत्यंत आत्मीयता से संवाद और उनके भविष्य को लेकर त्वरित निर्णय मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता को प्रदलशत करते हैं। बीते दिनों 'जनता दर्शन' में दो साल की अनन्या से संवाद भी लोगों के मन को छू गया। इसी तरह 31 दिसंबर को मेजर की बेटी अंजना भट ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने मकान पर कब्जे की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के भीतर न सिर्फ मकान को कब्जा मुक्त कराया, बल्कि आरोपियों पर एफआईआर व तत्काल गिरफ्तारी भी कराई।

यह मामला सीएम की जन समस्याओं के प्रति गंभीरता को प्रकट करते हुए स्पष्ट संदेश देता है कि वे कानून व्यवस्था, बच्चों, महिलाओं और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों का समाधान कराने में तनिक भी विलंब नहीं करते। कानपुर की मूक-बधिर युवती खुशी गुप्ता की कहानी भी इन दिनों हर किसी की जुबां पर है। मुख्यमंत्री से मिलने की उसकी जिद और अकेले पैदल चलकर लखनऊ पहुंचने की जानकारी जब सीएम योगी आदित्यनाथ को मिली तो उन्होंने उसे बुलाकर उसके बनाए चित्रों को स्वीकार किया और उसके शिक्षित-सुरक्षित भविष्य का आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' के जरिए लखनऊ की अनाबी अली, कानपुर की मायरा, गोरखपुर की पंखुड़ी और मुरादाबाद की वाची का स्कूल में एडमिशन कराना भी सीएम योगी की संवेदनशीलता का हिस्सा है। कानपुर की नन्ही मायरा ने कहा था कि मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। इस पर सीएम ने तत्काल उसका प्रवेश कराने का निर्देश दिया। वाची ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूं, सीएम ने उसका भी प्रवेश कराया। गोरखपुर की पंखुड़ी की फीस माफ कराने के साथ ही उसे पुन: विद्यालय भेजना भी सुनिश्चित कराया। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में आए बच्चे सीधे सीएम योगी के पास पहुंच गए। बीते सितंबर में 'जनता दर्शन' में कानपुर की रायपुरवा निवासी एक वृद्ध मां अपने कैंसर पीड़ित बेटे का दर्द लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची थीं। उनकी तकलीफ देखकर सीएम द्रवित हो गए और कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीटडूट भिजवाकर उसका इलाज प्रारंभ कराया। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम, जनसेवा, संवेदना व सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

## लंबित आवास मामलों के निस्तारण को 'एकमुश्त समाधान योजना' लागू करें: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में लंबित आवासीय और व्यावसायिक आवंटनों के त्वरित निस्तारण के लिए एक नई 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026)' लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित देयों और विवादित मामलों के कारण न केवल योजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था लागू करना है, जिसमें समाधान तेज, पारदर्शी और सभी के लिए व्यावहारिक हो। इसलिए आवास विभाग को ऐसी समाधान-प्रधान व्यवस्था लागू करनी चाहिए, जिससे विभाग को आवश्यक राजस्व प्राप्त हो और आवंटियों को भी राहत मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना जन-केंद्रित होनी चाहिए, जिसमें हर वास्तविक आवंटी को स्पष्ट और सरल विकल्प उपलब्ध हों। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में लागू की गई ओटीएस-2020 योजना से बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ था, लेकिन कोविड-19 के कारण कई आवंटी अंतिम भुगतान नहीं कर पाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में प्रदेश के विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में मौजूद ऐसे सभी डिफॉल्ट मामलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओटीएस-2026 योजना को अधिक व्यावहारिक और लाभकारी स्वरूप दिया जाए।

# डा. सतीश कुमार को मिली अंतर्राष्ट्रीय स्तर की फेलोशिप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवलसटी (केजीएमयू) के चिकित्सा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ. सतीश कुमार को इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन की प्रतिष्ठित फेलोशिप (एफआईसीपी) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एपिकॉन 2026 के दौरान प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन 30 जनवरी को सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर, पटना (बिहार) में संपन्न हुआ था।

फेलोशिप प्रदान करने का कार्य इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डीन, एपिकॉन 2026 के प्रेसिडेंट इलेक्ट एवं वैज्ञानिक समिति के चेयरमैन प्रो. जी. नरसिमुलु, महासचिव डॉ. पुनीत सक्सेना, डीन आईसीपी डॉ. गिरिश माथुर तथा आयोजन सचिव डॉ. कमलेश तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। डॉ. सतीश कुमार वर्तमान में केजीएमयू, लखनऊ के चिकित्सा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं

और वर्षों से मरीजों की सेवा के साथ-साथ मेडिकल छात्रों के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में शोध पत्र प्रकाशित किए हैं तथा विभिन्न चिकित्सा सम्मेलनों में सक्रिय सहभागिता निभाई है। उनके शोध कार्यों का मुख्य फोकस मधुमेह, उच्च रक्तचाप, संक्रामक रोग, और उभरती बीमारियों पर रहा है, जिससे चिकित्सा समुदाय को नई दिशा मिली है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश की जनता एवं डॉक्टर समुदाय में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश की अग्रणी संस्था विमल एजुकेशनल एवं सोशल फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर डॉ सतीश कुमार को शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## दस फरवरी को निकलेगी भव्य संकीर्तन यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** योग वेदांत सेवा समिति की ओर से बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में 10 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर नगर में भव्य संकीर्तन यात्रा निकालने की घोषणा की गई। समिति अध्यक्ष राम मनोहर लोहिया ने कहा कि पश्चिमी संस्ख्रति के बढ़ते प्रभाव के बीच युवा पीढ़ी को माता-पिता के सम्मान और भारतीय संस्कारों से जोड़ना ही आयोजन का उद्देश्य है। संकीर्तन यात्रा सीताकुंड घाट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वहीं संपन्न होगी। प्रेस वार्ता में समिति के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला का नग्न शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती में बुधवार सुबह लगभग 9:00, जब एक महिला का नग्न शव घर के बाहर स्थित खेत में पड़ा मिला।

मृतका की पहचान गांव निवासी कमला उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी स्वर्गीय मुन्ना लाल (बरार) के रूप में हुई है अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार नें बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर जालौन कोतवाली पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया।

पुलिस को महिला के शरीर पर कई स्थानों पर चोटों के स्पष्ट निशान मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की स्थिति और हालात को देखते हुए पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि कहीं महिला की हत्या कर शव को खेत में लाकर तो नहीं फेंका गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। आसपास के क्षेत्र को भी खंगाला गया है ताकि किसी प्रकार का सुराग मिल सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# बहराइच में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के बादल हॉस्पिटल जरवल रोड के नीचे स्थित बेसमेंट का निरीक्षण नोडल अधिकारी नैदानिक स्थापना अधिनियम 2010 और डिप्टी नोडल अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिनमें बताया गया था कि उक्त चिकित्सालय अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। जैसे ही निरीक्षण टीम मौके पर पहुंची, चिकित्सालय के संचालक ने मौके से भागने के प्रयास में बाहर से शटर गिरा दिया।

इसके बाद, नोडल अधिकारी ने शटर पर चिकित्सालय को बंद करने हेतु नोटिस चस्पा की। इसी क्रम में, टीम ने बगल में संचालित नई सदभावना पाली क्लिनिक एवं मेटरनिटी सेंटर का भी निरीक्षण किया।

यहां पाई गई कमियों में बायो मेडिकल वेस्ट पॉल्यूशन की दस्तावेजीकरण संबंधी एनओसी का अभाव शामिल था, जिस कारण उन्हें नोटिस जारी किया गया। अगली कार्रवाई में, कैसरगंज के पबना रोड स्थित मातृ छाया हॉस्पिटल का परीक्षा किया गया, जो कि अवैध रूप से संचालित पाया गया। इसमें पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी किया गया। टीम ने उसी क्षेत्र में मुस्कान डेंटल क्लिनिक एंड मुस्कान पैथोलॉजी तथा मैनकाइंड पैथोलॉजी का भी निरीक्षण किया और इन्हें अवैध संचालन से संबंधित नोटिस जारी किए गए। इसके बाद, मजार के पास कैसरगंज में लखनऊ हेल्थ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच की गई, जिसे भी अवैध पाया गया और इसे नोटिस प्रदान किया गया। आखिर में, टीम ने मैक्स हॉस्पिटल फखरपुर का निरीक्षण किया, जो पंजीकृत पाया गया, लेकिन सेवा पॉलीक्लिनिक को अवैध रूप से संचालित करते पाया गया, जिसके लिए नोटिस जारी किया गया। इसके बाद, देर शाम को टीम अपने मुख्यालय लौट आई।

## पुत्र के साथ विवाद के बाद मां ने खाया जहरीला पदार्थ

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के मोतीपुर इलाके में एक दुखद घटना में मां और बेटे के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद, मां ने नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। यह घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र के तमोलीपुरवा ग्राम में हुई। सूत्रों अनुसार, 50 वर्षीय महिला जमुना देवी का अपने बेटे के साथ किसी विषय पर विवाद हो गया। इसके परिणामस्वरूप, उन्होंने घर में रखा जहरीला पदार्थ लेकर पास के खेत में यह पदार्थ खा लिया। महिला की हालात बिगड़ती देखकर आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की राह में यूपी पर्यटन बनेगा ग्रोथ इंजन: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन रोडमैप के तहत समयब) लक्ष्यों के माध्यम से वर्ष 2047 तक पर्यटन का राज्य की जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में योगदान 5 प्रतिशत तक बढ़ाने, देश के पर्यटन जीवीए में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत करने, पर्यटक आगमन को 100 करोड़ से अधिक पहुंचाने और प्रदेश को देश के शीर्ष तीन पर्यटन राज्यों में शामिल करने की दिशा में काम किया जा रहा है। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के अनुरूप पर्यटन भवन, लखनऊ में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कही, बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी मौजूद रहे।

इस बैठक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका को सशक्त करने और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई, वहीं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 2027-28 तक 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल करने में पर्यटन एक मजबूत ग्रोथ इंजन साबित होगा और इसके लिए बुनियादी ढांचे के विस्तार, निजी निवेश बढ़ाने और पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेश पर्यटन के लिए तय किए गए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्रस्तुत किया गया। रोडमैप के अनुसार राज्य की जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में पर्यटन का योगदान मौजूदा 1.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2047 तक 5 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, देश के कुल पर्यटन जीवीए में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत करने की योजना है।

प्रदेश में कुल आगमन पर्यटकों की संख्या को 2047 तक 100 करोड़ से अधिक करने, विदेशी पर्यटकों की संख्या 45 लाख से अधिक तक पहुंचाने और उत्तर प्रदेश को भारत के शीर्ष तीन पर्यटन राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। 'कुल रोजगार में पर्यटन की हिस्सेदारी को मौजूदा 1.43 प्रतिशत से बढ़ाकर 2047 तक 5 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि, प्रति पर्यटक खर्च, हवाई यात्री यातायात, प्रीमियम होटलों की संख्या और पर्यटन से जुड़े रोजगार में निरंतर वृद्धि के लिए ठोस लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पर्यटन नीति-2022 के तहत अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे प्रमुख धालमक केंद्रों के साथ-साथ बाबा नीम करैरी, काललजर फोर्ट और नैमिषारण्य जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में 5-स्टार होटल, होमस्टे, बेहतर कनेक्टिविटी और स्वच्छ वातावरण विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यटन अनुभव को विश्वस्तरीय बनाया जा सके।

पर्यटन एवं संस्ख्रति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मा0 हमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में पर्यटन को एक मजबूत ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और पर्यटन सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने पर लगातार काम हो रहा है, ताकि पर्यटन से आलथक विकास और रोजगार सृजन को नई गति मिल सके। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि, हउत्तर प्रदेश के पास धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पर्यटन की अद्वितीय संभावनाएं हैं। सुनियोजित रोडमैप के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में निवेश, जीवीए में वृद्धि और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर फोकस किया गया है, जिससे प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। अपर मुख्य सचिव पर्यटन अमृत अभिजात ने बताया कि, नई पर्यटन नीति के तहत अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे प्रतिष्ठित धालमक केंद्रों के साथ-साथ उभरते पर्यटन स्थलों का भी समग्र विकास किया जा रहा है। कनेक्टिविटी, विश्वस्तरीय ठहराव सुविधाएं, स्वच्छता और सुरक्षित पर्यटन माहौल को प्राथमिकता देते हुए ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है, जिससे 2047 तक उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने वाले पर्यटन राज्यों में शामिल हो सके।

# कई दलों के सदस्यों ने राष्ट्रीय लोकदल की ली सदस्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों से आए अनेक लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर सभी नवप्रवेशी सदस्यों ने किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह के विचारों तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की नीतियों पर चलते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सरताज मलिक की विशेष उपस्थिति रही। राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से पदम प्रकाश पांडे, मोहम्मद अयाज, औरंगजेब खान, आकाश गुप्ता, फैजान गाजी, विकास गुप्ता, हमजा गाजी एवं आतिफ खान शामिल रहे। सदस्यता कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री अम्बुज पटेल, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, तराई क्षेत्रीय अध्यक्ष पी.के. पाठक तथा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे ने सभी नए सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय लोकदल के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि संगठन की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न वर्गों के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-02-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-26 |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के चौखंडी स्टेशन पर लाइन नं. 04 के दोनों सिरों पर शंटिंग नेक के प्रावधान के कारण OHE संशोधन कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रू0 2,43,60,520.75 |
| 4 | बयाना राशि | रू0 271800.00/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनॉक 27.02.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1 निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक), "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो," या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz. Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है

सं0: टीआरडी-02-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-26 दिनॉक 03.02.2026 383/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ठंड ने एक बार फिर लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ठंड ने एक बार फिर लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया है।

पिछले दो दिनों से मौसम लगातार बदल रहा है। मंगलवार को सुबह से ही बादल छाए रहे, जिसके बाद शाम तक हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वहीं बुधवार को सुबह कोहरे का असर देखने को मिला, जिसके बाद ठंडी हवाओं के चलने से एक बार फिर ठंड बढ़ गई।पिछले एक हफ्ते से धूप निकलने के कारण लोगों को गर्म मौसम का अहसास होने लगा था, लेकिन अचानक मौसम में आए बदलाव और ठंडी हवाओं ने फिर से ठंड की दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार आज का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह की तुलना में तापमान में 8 से 9 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही ठंडी हवाएं करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया है।

# अमेरिका भारत व्यापारिक संधि पर भ्रम पैदा करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एस आर दारापूरी ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच में जो व्यापारिक संधि हुई है, उसने पूरे देश में एक बड़ा भ्रम पैदा कर दिया है। देश की लोकतांत्रिक ताकतों द्वारा यह कहा जा रहा है कि भारत ने ख्रषि और डेयरी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए खोल दिया है। उन्होंने कहा अमेरिका से खाद्यान्न और डेयरी उत्पाद बड़े पैमाने पर आयात किए जायेंगे। अमेरिकी ख्रषि मंत्री के द्वारा भी इस आशय का वक्तव्य दिया गया है।



राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यह कहना कि भारत अब रूस जैसे मित्र देशों से तेल नहीं खरीदेगा भी भारत के लिए नुकसानदेह है। एआईपीएफ की राष्ट्रीय कार्य समिति ने कहा है कि यदि ऐसा हुआ है तो यह भारत के आम नागरिकों, मजदूरों, किसानों हितों के साथ देश की आर्थिक सम्प्रभुता के लिए भी बड़ा संकट पैदा करेगा। एआईपीएफ ने कहा कि इस समझौते में भारतीय समानों पर टैरिफ लगाने की बात आ रही है। यह विश्व व्यापार संगठन द्वारा तय नियमों के विरुद्ध है। इससे भारत के टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल आदि क्षेत्रों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न होगा।ऐसे में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट देश के उन सभी राजनीतिक दलों, संगठनों के साथ है जो इस व्यापारिक समझौते को संसद के पटल पर रखने की मांग उठा रहे हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैंसर की सही समय पर पहचान ही बचाव का रास्ताः डीएम

## डीएम, एसपी व चेयरपर्सन ने कैंसर जागरूकता वाहन को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में टोल प्लाजा के निकट

■ **ओंकोकेयर हॉस्पिटल में कैंसर दिवस पर हुआ कार्यक्रम**

स्थित ओंकोकेयर कैंसर हॉस्पिटल में काला पीलिया के खिलाफ जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से कैंसर जागरूकता वाहन को डीएम निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अमरोहा चेयरपर्सन शशि जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि चार फरवरी को पूरे विश्व भर में कैंसर दिवस मनाया जाता है, इसके पीछे यही उद्देश्य है कि कैंसर की



पहचान करके सही समय पर उसका उपचार करने की प्रक्रिया की जा सके। उन्होंने ओंकाकेयर हॉस्पिटल द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की। इस मौके पर हॉस्पिटल के संच. ालक डॉक्टर सत्यवीर सिंह चौहान ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और बताया कि कैंसर जागरूकता वाहन प्रत्येक गांव-गांव जाकर काला पीलिया और लीवर की खराबी इन सब से होने वाले कैंसर के बारे में एलईडी द्वारा जानकारी देगा। इस दौरान अतिथियों ने अस्पताल के स्टॉफ एवं समाजसेवा करने वाले ग्राम प्रधान गणों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य स्वास्थ्य विभाग अधिकारी अमरोहा डॉ.योगेन्द्र सिंह, डॉ.जितेंद्र, डॉ.वसीम, डॉक्टर बिलाल, शिवम, डॉक्टर बालियान, अभिषेक जैन, शाजिया, शिवी शर्मा, पुष्पेंद्र, राखी, स्वाति, प्रशांत, राजदीप, नितीश,आस मोहम्मद, सरफराज, प्रियांशु, परवीन, अजय, मोहसिन फहीम समेत ग्राम प्रधान शालिम, ग्राम प्रधान भूरा, ग्राम प्रधान चमन सिंह, ग्राम प्रधान सुधीर आदि मौजूद रहे।

## नीलगाय की टक्कर से युवक घायल

**मंडी धनौरा।** धनौरा मार्ग पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मिलक मोतीखेड़ा गांव के पास एक बाइक सवार अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रही डायल 112 की पुलिस टीम ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचा ली। अमरोहा के मोहल्ला बदावाला निवासी राजीव कुमार पुत्र किशनलाल सुबह करीब 11 बजे बाइक से धनौरा जा रहे थे। जैसे ही वह धनौराख्रअमरो. हा रोड पर विजय पैलेस के पास पहुंचे, तभी अचानक नीलगाय सड़क पर आ गई। तेज रफ्तार होने के कारण राजीव बाइक पर नियंत्रण नहीं रख पाए और नीलगाय से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि राजीव सड़क पर गिर पड़े और सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं।

# ससुर पर शादी के जेवर हड़पने का आरोप

## महिला से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगरौला कला में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यहाँ की निवासी प्रिया पत्नी नेक सिंह ने अपने देवर और ससुर के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जानलेवा हमले और शादी के जेवर हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार उसकी सास ने उसके विवाह के समस्त जेवरात सुरक्षा की दृष्टि से अपने बेटे पीड़िता के देवर भाग सिंह के पास रखवा दिये थे। आरोप है कि सास की मृत्यु के बाद जब भी प्रिया ने अपने जेवर मांगे तो उसे गालियां और धमकियां दी गईं। शिकायती पत्र के मुताबिक बुधवार को जब प्रिया अपने जेवर मांगने गई। तो देवर और ससुर ने उग्र होकर उसे भद्दी गालियां दीं। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने प्रिया के सिर पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। इसके बाद पीड़िता अपने पति के साथ कोतवाली पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल महिला से तहरीर लेने के बाद उसे मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। दूसरे पक्ष से ससुर खेम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को एक-एक बीघा जमीन दी थी, लेकिन उनका बेटा नेक सिंह पूरी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता है। बुधवार को जब पिता ने इसका विरोध किया, तो नेक सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए दूसरे भाई भाग सिंह को भी लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

# छह माह से फाइलों में दबे परवाने, वकीलों में रोष

## एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** तहसील में छह माह पुराने परवानों का अब तक अमल दरामद न कराए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। मंगलवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी से मिला और लंबित परवानों को लेकर शिकायत दर्ज कराई।

अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय से आदेश पारित हुए छह माह बीत चुके हैं, लेकिन संबंधित विभागों की लापरवाही के चलते अब तक अमल दरामद नहीं हो पाया है। इससे वादकारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम से मांग की कि पुराने परवानों की सूची तैयार कर तत्काल अमल दरामद कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। इस पर एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करने और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# दबंगों के नाली बंद करने पर फूटा गुस्सा

## नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गाँव अल्लीपुर खादर मिलक में जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। बुधवार को ग्राम प्रधान विमलेश और पूर्व प्रधान रमेश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपकर गांव के दबंगों द्वारा मुख्य नाली बंद किये जाने की शिकायत की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा मुख्य नाली को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। इसके कारण मोहल्ले के घरों के सामने और मुख्य सोहरका मार्ग पर भारी जलभराव हो गया है। रास्ते पर गंदा पानी जमा होने से स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र में संक्रामक बीमा. रियां फैलने का भय बना हुआ है। ग्राम प्रधान विमलेश ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए मुख्य रास्ते पर लोहे का जाल लगवाया था। आरोप है कि दबंगों द्वारा 8-10 दिन बाद ही उस जाल को हटा दिया। दोबारा प्रयास करने पर नाले को मिट्टी से पाटकर पूरी तरह बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की है। शिकायत करने वालों में अशोक मीरा कुसुम मंजरी संतोष सरोज रमेश मिथलेश सुंदरी राजो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हैं।

# एक दर्जन तालिबे इल्मों की दस्तारबंदी



## मदरसा दारूल उलूम में जलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** मदरसा दारुल उलूम के एक दर्जन तालिबे इल्म का हिफज पूरा होने पर दस्तारबंदी की गई। मां-बाप की खिदमत करने के लिए जागरूक किया गया।

शबे बरात के मौके पर हैबतपुर बंजारा मार्ग पर जलसे का आयोजन किया गया। हरिद्वार से आये मुफ्ती रईस ने फरमाया कुछ चीजे कैंसर की तरह फैल रही है। जो सब कुछ खराब कर रही हैं। जो नबी ने खुशी से दिया है उसे पकड़ लो। सारे मसाइल हल हो जाएंगे। अल्लाह से डरो न जाने कब मौत का शिकार बनकर चले जाओगे। इंसान सोचता है यह करूंगा वह करूंगा लेकिन मौत का कोई वक्त मुकर्रर नहीं होता है। सबसे ज्यादा बिगाड़ मोबाइल से फैल रहा है। नामहरम रात भर बातें कर रहे हैं। सबसे बड़ा गुनहगार मां बाप की नाफरमानी करने वाला है। जिसके मां बाप नाराज हैं अल्लाह इस रात में भी उसकी दुआ कबूल नहीं करता है। उन्होंने फरमाया शराब पीना सूअर खाने से ज्यादा खतरनाक है। शराब पीने वाला मुसलमान हो ही नहीं सकता। सारी ना फरमानी की जड़ नशा है। मां बाप की नाफरमानी करने वाला दुनिया वो आखिरित में खुवार हो जाता है। जो लोग इस्लाम को फॉलो करते हैं उनके चेहरे पर रौनक और खुशहाली होती है। दुनिया की मोहब्बत से दूर रहो और मौत से डरना छोड़ दो कामयाबी तुम्हारे कदमों को चूमेगी। उन्होंने बताया कि किना रखने वालों की बख्शीश नहीं होगी। इस दौरान मदरसे के एक दर्जन तालिबे इल्म की दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर मुफ्ती खुर्शीद अनवर नक्शबंदी, मुफ्ती अहमद, मुफ्ती माज, मौलाना शमशुल हक, मुफ्ती शोएब, कारी शरीफ, मौलाना आसिफ कारी नदीम, हाफिज अकरम आदि मौजूद थे।

# केन्द्र सरकार बनाए एमएसपी कानून, स्मार्ट मीटर जबरन न लगेंः तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर के नेतृत्व में किसानों ने एक पदयात्रा निकाली

■ **राष्ट्रीय किसान यूनियन ने निकाली पदयात्रा**

और किसानों की मांगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र पूरा कराने की मांग की। कहा कि केन्द्र सरकार किसानों की फसलों के वाजिब दाम दिलाने के लिए शीघ्र ही एमएसपी कानून बनाए।

बुधवार को नगर में निकाली गई पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने कहा कि किसान स्मार्ट मीटर लगवाने के पक्ष में नहीं है, लेकिन शासन द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं। जिसका किसान विरोध करते हैं। इसी



के साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार एमएसपी कानून लागू कराने की मांग की। कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा यूरिया और डीएपी की सब्सिडी किसानों के खाते में भेजने की बात कही जा रही है जो कि किसानों के लिए धोखा है। सरकार ने साढ़े तीन सौ का सिलेंडर 1100 का कर दिया, कुछ दिन बाद सब्सिडी बंद कर दी। ऐसे में किसानों को भी सब्सिडी के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। इसलिए यूरिया और डीएपी पर पूर्वानुरूप ही छूट व सब्सिडी दी जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं से शीघ्र ही निदान कराए। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह मांगट, राष्ट्रीय महासचिव ललित चौहान, चौ.नरेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, जगराम सिंह, रजत मलिक, इकबाल राणा, अंकुर चौधरी, वसीम सैफी, जयप्रकाश सिंह, जानू मेवाती, गजराज सिंह, राजवीर सिंह, लोकेन्द्र सिंह, राशिद, नाजिम आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने कई अस्पताल सील किए



## अवैध क्लीनिक के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** अवैध रूप से संचा. लित अस्पतालों और क्लीनिकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बुधवार को हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में औचक छापेमारी की है। जिससे झोलाछाप डॉक्टरों और बिना पंजीकरण के चल रहे केंद्रों में हड़कंप मच गया। जांच टीम ने हैबतपुर रोड स्थित जनता डिजिटल एक्सरे और डॉक्टर मुशाहिद के केंद्र पर दबिश दी। इसके अलावा टीम ढक्का मोड़ और सैदनगली क्षेत्र की ओर भी मुड़ी जहाँ अलशिफा ढक्का, अल शिफा क्लीनिक ढक्का मोड़ और डॉक्टर मोबीन के ठिकानों की गहन जांच की गई। छापेमारी के दौरान कई केंद्रों के पास वैध पंजीकरण या डिग्री से संबंधित कागजात नहीं मिले। जिन्हें सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने कुछ संदिग्ध केंद्रों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए हैं और काग. जात प्रस्तुत न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण और मानकों की अनदेखी कर जनता की जान से खिलवाड़ करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जायेगा। इस कार्रवाई के बाद से क्षेत्र के अन्य अवैध क्लीनिक संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गये हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित लैब सील

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** नगर में स्वास्थ्य विभाग ने बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित पैथोलॉबी लैब को सील कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. आरिफ ने आज सुबह नगर के खेड़ी मोड़ स्थित एमएस लैब लैबक्राप पर छापा मारा। इस दौरान स्वामी मौहम्मद हसन से रजिस्ट्रेशन के अभिलेख दिखाने को कहा गया। परन्तु वह कोई भी अभिलेख नहीं दिखा सका। जिस पर चिकित्सा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करते लैब को सील कर दिया। विभाग की इस कार्रवाई से अन्य लैब संचालकों में हड़कम्प की स्थिति बनी रही।

# कैंसर के प्रति लापरवाही होगी जानलेवा

## जीएमएस कॉलेज में कैंसर दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रजबपुर।** जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में विश्व कैंसर दिवस पर स्वस्थ समाज का संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को जी.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, शकरपुर में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आमजन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा इसके समय पर परीक्षण रोकथाम और उपचार के महत्व को समझाना रहा।चेयरमैन शाहनवाज अली एवं ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का




शुभारंभ किया। अपने संबोधन में चेयरमैन शाहनवाज अली जी ने कहा कि कैंसर से डरने की नहीं, समझदारी से लड़ने की जरूरत है। सही समय पर जांच और सकारात्मक सोच से इस बीमारी को हराया जा सकता है। ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने छात्रों को कैंसर के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानक. ारी दी। और बताया कि प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व कैंसर दिवस हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के निद. ेशक डॉ. मोहम्मद मुजाहिद , शालिनी, हीना, नेहा श्रीवास्तव, रश्मि, क्रिस्टीना मौजूद रहे।


## एक नजर

### आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात।** तहसील परिसर में भाकियू शंकर की मासिक पंचायत आयोजित की गई। इस पंचायत में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। किसानों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू शंकर ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मांग की कि किसानों की समस्याओं का समय पर निस्तारण किया जाए। उनकी प्रमुख मांगों में आवारा पशुओं से निजात दिलाना, क्षेत्र में तेंदुए के आतंक से मुक्ति और राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण शामिल था। ये सभी मुद्दे मासिक पंचायत के अहम एजेंडे में रहे। भाकियू शंकर नेता चौधरी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मासिक पंचायत का आयोजन हर महीने किया जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार प्रयासरत है।

### हार्टअटैक से मजदूर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी फिरोज आलम पुत्र बुनदु उम्र 35 वर्ष पेशे से मजदूर हैं वह किसी फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। मंगलवार की रात्रि फैक्ट्री में मजदूरी करने गए थे। सुबह जब घर लोटे तो अचानक सीने में तेज दर्द होने पर गांव में ही चिकित्सक को दिखाया चिकित्सक ने इंजेक्शन लगा दिया और दवाई दे दी परन्तु कोई आराम न होने पर परिजन मुरादाबाद के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। डॉक्टर ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बम की तरह फटा कार का टायर, चालक की मौत

## दुर्घटना में दो लोग घायल, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 9 पर मंगलवार शाम को एक बड़ा धमाका हुआ। जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, तो देखा कि कार का टायर बम की तरह फटा। जिसमें चालक की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी के पास हुई। दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार होंडा अमेज कार का अचानक टायर फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में चली गई।धमाके के बाद यातायात रहा बाधित अनियंत्रित होंडा अमेज कार दूसरी लेन में चल रही एक स्विफ्ट डिजायर टैक्सी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। दिल्ली की ओर से आ रही होंडा अमेज कार के चालक अपूर्व शुक्ला (पुत्र राजीव शुक्ला, निवासी बड़ा बाजार, थाना अमरो. हा नगर) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कार में सवार उनकी एक महिला साथी भी घायल हुई हैं। इसके अतिरिक्त, स्विफ्ट डिजायर टैक्सी के चालक को भी चोटें आई हैं। पुलिस जांच में जुटी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया गया है। रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि इस मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# भारत बुक व बजाज के बीच मैच हुआ टाई

## दोनों टीमों ने बनाए 160-160 रन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**जोया।** द आर्यन स्कूल जोया में आयोजित अंडर-12 लेट श्री जसवंत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में किंग इलेवन भारत बुक हाउस और बजाज टेक्सटाइल इंडियन के बीच खेला गया मुकाबला टाई रहा। टॉस जीतकर किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने पहले गेंदबाजी चुनी। बजाज टेक्सटाइल इंडियन ने 30 ओवर में 160 रन बनाए। हसन शैख ने 22 और यश ने 20 रन बनाए। किंग इलेवन की ओर से सत्यम और युवराज ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में किंग इलेवन भारत बुक हाउस की टीम 30 ओवर में 159 रन ही बना सकी। रियाज अहमद ने 55 और सत्यम ने 23 रन बनाए। बजाज टेक्सटाइल की ओर से राजदीप और अबूबकर ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच किंग इलेवन के सत्यम और फाइटर ऑफ द मैच बजाज टेक्सटाइल के हसन शैख रहे। मैच के दौरान आर्यन स्कूल के डायरेक्टर अनिल सर, अमरोहा क्रिकेट कन्वीनर अमन लीट तथा कोच चमन सिंह व उमेर तुर्क मौजूद रहे।




**नाम से संबधित सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या (**J9922360**) में मेरा नाम **Baby Shahnaz** व माता **Shahia** और पिता का नाम **Yunus** अंकित है जो गलत है, जबकि मेरे पासपोर्ट में हमारे सही नाम क्रमशः **Shehnaz Beby** व माता **Shahida Begum** और पिता का नाम **Mohammad Yunus** दर्ज होने न्याय संगत है। **Shehnaz Beby w/o Mohammad Saleem** निवासी मौह0 बसंत विहार, गजरौला तह0धनौरा (जिला अमरोहा)

# डील नहीं, ढील है, यह समझौता नहीं, समर्पण है: अखिलेश यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि ष्डील नहीं, ढील है, जो भी समझौता देश की 70 प्रतिशत कृषि आधारित जनता के हितों के खिलाफ होगा, वह कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकता। बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सदन में कृषि और डेयरी को बचाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी सच्चाई कुछ और है।

उन्होंने कहा कि जब डील की शर्तें अभी तय ही नहीं हुईं और न ही हस्ताक्षर हुए हैं, तो पहले से फायदे के दावे कैसे किए जा सकते हैं? हर ट्रेड डील लाभ-हानि की तराजू पर तोली जाती है, सवाल यह है कि फायदे में कौन है और नुक़सान में कौन। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इन दावों का संज्ञान लिया जाएगा और अगर ए झूठे साबित हुए तो कार्रवाई की मांग की जाएगी। सपा प्रमुख ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपाई हानि का उत्सव न मनाएं। यह डील एक आपदा है, इसमें कमीशनखोरी के अवसर न तलाशें। अखिलेश यादव ने समझौते को 'समर्पण' करार देते हुए कहा कि लोग यह तक कह रहे हैं मानो भारत से 500 अरब डॉलर की रंगदारी वसूली जा रही हो। उन्होंने सरकार समर्थकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो इसे कूटनीति की जीत बता रहे हैं, वे भी जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय ताक़तें अपनी शर्तों पर मुनाफे का ढांचा तैयार कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा कि इस सौदे को 'मील का पत्थर' बताने वालों की समझ पर सवाल उठते हैं और जो इसे सरकार के दबदबे की जीत बता रहे हैं, वे भीतर ही भीतर दबाव महसूस कर रहे हैं।

## बीएचयू में चार छात्रों समेत अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** काशी हिदू विश्व. विद्यालय (बीएचयू) में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्र आदर्श कुमार ने लंका थाने में चार छात्रों और कुछ अन्य के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परास्नातक राजनीति शास्त्र द्वितीय वर्ष के छात्र अमित, अभय चतुर्वेदी ( परास्नातक समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष) , अंकित सिंह, आशु सिंह ( परास्नातक राजनीति विज्ञान द्वितीय वर्ष) समेत चार अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 190, 191(2), 191(3), 304(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित छात्र आदर्श कुमार ने आरोप लगाया है कि मंगलवार शाम को राजाराम छात्रावास के मेस में अभय चतुर्वेदी, अंकित सिंह, आशु सिंह, अमित समेत अन्य छात्रों ने सुनियोजित तरीके से उन पर मारपीट की।

# यूजीसी कानून 2026 पर दोहरा रवैया उजागर: स्वामी प्रसाद मौर्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक दिन पूर्व इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजीसी के नए बिल को लेकर दो छात्रगुटो के बीच हुए विवाद को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कानून के विरोध में उतरे सवर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ भाजपा सरकार की पुलिस ष्मेहमान नवाजी और मनुहारष करती दिखी, जबकि उसी कानून के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज, धक्का-मुक्की और घसीटने जैसी कार्रवाइयां की गईं।

बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह दोहरा रवैया साफ दर्शाता है कि जो सरकार अपने ही बनाए कानून के पक्ष में आंदोलनरत वंचित वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव कर रही है, वही सरकार विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भी भेदभाव की संरक्षक है।

उन्होंने ष्समता कानून 2026ष को धोखा और छलावा करार देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर समानता लागू करने के बजाय सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। श्री मौर्य ने चेताया कि यह सब एक सोची-समझी साजशि का हिस्सा है, जिससे समाज को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा और छात्र-छात्राओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# मेडिकल कॉलेज में क्षय रोग से परेशान की खुदकुशी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार रात एक युवक ने इलाज के दौरान क्षय रोग से परेशान होकर तीसरी मंजिल से कूद कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली है।

पुलिस अधिकारी ने उक्त जानकारी दी है पुलिस क्षेत्राधिकार (नगर) पंकज पंत ने बुधवार को बताया की थाना कोतवाली क्षेत्र के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज अनुज (25) ने मंगलवार रात मे तीसरी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली मृतक पिछले 11 दिन से अस्पताल में भर्ती था और क्षय रोग की बीमारी से जूझ रहा था। उन्होंने बताया कि मृतक सीतापुर जिले के महोली का रहने वाला है इसकी तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन इसे शाहज. हांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में लाए और यहां भर्ती कराया था मृतक का क्षयरोग वार्ड में इलाज चल रहा था परिजनों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात 1:30 बजे के आसपास अनुज सब की नजर बचाकर बार्ड से बाहर निकला और तीसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक की मां राधा ने बताया कि अनुज कुमार पिछले करीब एक साल से टीबी की बीमारी से ग्रसित था।पहले उसका इलाज सीतापुर में चला फिर तबियत बिगड़ने पर उसको शाहज. हांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज के डीआरटीबी सेंटर में भर्ती कराया गया।उसकी टीबी की बीमारी लास्ट स्टेज पर चल रही थी।मंगलवार की रात करीब साढ़े 11 बजे उसके दवा चढ़ रही थी। उसके बाद मां राधा उसके पास खाना लेकर गई थीं।उसको दवा भी दी थी लेकिन उसने दवा नही खाई थी।उसके बाद मां बाप दोनो वार्ड के बाहर आकर जमीन पर लेटकर सो गए थे तभी अचानक बेड पर लेटा अनुज वार्ड से बाहर आ गया।उसके बाद मरीज की रेलिग से नीचे गिरकर मौत हो गई। ग्राउंड फ्लोर पर लेटे लोगों ने देखकर चीखना शुरू कर दिया।चीख पुकार सुनकर मां बाप भी नीचे आए तो उनका बेटा अनुज मृत अवस्था में मिला।

# बीएलओ की पिटाई से गुस्साए शिवपाल यादव ने दी धरने की धमकी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अपने गृह जिले इटावा में बीएलओ की पिटाई से गुस्साए जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मारपीट की घटना करने वाले भाजपाई के खिलाफ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो वह धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासि. चव शिवपाल सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया और उनके समर्थकों ने चौबिया में बीएलओ अश्विनी कुमार के साथ मारपीट करने के साथ अपमानजनक व्यवहार किया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल भाजपा मंडल अध्यक्ष और उसके समर्थकों की पिटाई के शिकार चौबिया के बीएलओ अश्वनी कुमार के साथ इटावा के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला और एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से उनके ऑफिस में मिलने को पहुंचे थे। बुधवार को डीएम और एसएसपी के साथ हुई लंबी बातचीत के बाद शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में इटावा के चुनाव अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फॉर्म 7 के नाम पर बीएलओ के साथ मारपीट की घटना को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्य करेंगे तो वह अपने पदाधिकारी के साथ में धरने पर बैठेंगे लेकिन डीएम ने न्याय का भरोसा दिया है इसलिए फिलहाल में धरने पर नहीं बैठ रहे हैं । डीएम ने न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोग बीएलओ के साथ मारपीट और धमकी दे रहे हैं और फॉर्म 7 के जरिए अल्पसंख्यक समाज और पीडीए समाज के वोट कटवाए जा रहे हैं। शिवपाल सिंह यादव ने जिलाधिकारी और एसएसपी को बताया कि भाजपा से जुड़े लोग बीएलओ और बीएलए को लगातार धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों पर मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि फॉर्म 7 का गलत इस्तेमाल कर सही और पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटवाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खास तौर पर अल्पसंख्यक समाज और पीडीए समाज को निशाना बनाया जा रहा है, ताकि चुनाव में लाभ उठाया जा सके। उन्होंने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वह धरने पर बैठने का मन बनाकर आए थे, लेकिन प्रशासन ने जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया है। उन्होंने साफ कहा कि अगर आगे भी बीएलओ, बीएलए या किसी को धमकाया गया और प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो वह वहीं धरना देंगे। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जिन लोगों के पास गिनती के वोट हैं, वही इस तरह की धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने हाल ही में हुए जिले के छोटे चुनाव का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि उसका नतीजा क्या रहा। उन्होंने कहा कि पहले ऐसी घटनाओं की जानकारी सामने आती थी, अब जानबूझकर उन्हें छुपाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया और उनके समर्थकों की ओर से की गई पिटाई के शिकार बीएलओ अश्विनी कुमार ने बताया कि उनकी बाइक को रोक करके उनको जूते से पीटा गया है, जिसकी शिकायत उन्होंने चुनाव से जुड़े हुए सभी उच्च अधिकारियों को दे दी है अब डीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है। इटावा के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बताया कि शिवपाल सिंह यादव ने बीएलओ के साथ-साथ में मारपीट के अलावा एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर के उनसे मुलाकात की है और उनको भरोसा इस बात का दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि से पहले गड्ढ़ा-मुक्त होंगे पंचक्रोशी और मंदिर मार्ग

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम नगर निगम के सभागार में कार्यकारिणी की बैठक हुई। 15 फरवरी को पड़ने वाली महाशिवरात्रि और इस अवसर पर आयोजित होने वाली एक दिवसीय पंचक्रोशी यात्रा को ध्यान में रखते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शहर की सड़कों व गलियों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कार्यकारिणी बैठक में सदस्य राजेश कुमार यादव 'चल्लू' के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए महापौर ने 12 फरवरी तक सभी संबंधित कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की है। इसके तहत नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले पूरे पंचक्रोशी मार्ग और वहां स्थित पड़ावों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। शहर के वे सभी मार्ग, जो प्रमुख शिव मंदिरों (जैसे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, महामृत्युंजय मंदिर एवं अन्य क्षेत्रीय शिवालयों) की ओर जाते हैं, उन्हें हर हाल में 12 फरवरी तक गड्ढ़ा-मुक्त कर दिया जाएगा। खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक करने तथा सीवर ओवरफ्लो की समस्याओं को दूर करने के लिए जलकल विभाग और विद्युत विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के चीफ इंजीनियर आलोक तथा संबंधित अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया है कि वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें। यदि किसी गली या सड़क पर निर्माण कार्य अधूरा है अथवा सीवर पाइपलाइन के कारण मार्ग बाधित है, तो उसे तत्काल मरम्मत कर यातायात योग्य बनाया जाए, ताकि दर्शनार्थियों को भारी भीड़ के दौरान किसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े। इसके अलावा 'प्लास्टिक मुक्त शिवरात्रि' की घोषणा भी की गई है। इस बार सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर रहेगा और पूरे यात्रा मार्ग को 'प्लास्टिक मुक्त' रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### गोहत्या पर रोक और गो माता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी की गोहत्या पर रोक और गौ माता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग के बाद, अब देश के विभिन्न अखाड़ों के संत गौ माता की रक्षा के लिए एकजुट हुए हैं। इन संतों ने 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' नामक एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया है। यह अभियान 27 अप्रैल से 27 जुलाई 2026 तक चलेगा।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में गौ माता के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके साथ ही, गौहत्या पर कठोर कानून बनाने की मांग भी की जाएगी। आंदोलन में विशेष रूप से गौ माता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की अपील की जाएगी। ताकि देशभर में गौ माता के प्रति सम्मान बढ़ सके। और उनकी रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। अभियान का नेतृत्व श्री मठ बाघम्बरी गद्दी और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी कर रहे हैं। आज उन्होंने बताया कि यह किसी व्यक्ति विशेष या संगठन का नहीं, बल्कि स्वयं गौ माता का आह्वान है। महंत बलबीर गिरी का कहना है कि यह अभियान केवल गौ माता की रक्षा का नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और धर्म की भी रक्षा का प्रयास है।यह आंदोलन तीर्थराज प्रयागराज से शुरू होकर पूरे देश में फैलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत, देश की प्रत्येक तहसील, उपखंड और जिले से प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन समर्पित किया जाएगा।इस अभियान में संतों और महात्माओं का बड़ा योगदान है। यह आंदोलन करुणा, धर्म और चेतना पर आधारित है, जो किसी भी प्रकार के टकराव या हिसा के खिलाफ है। 'जय गौ माता, जय हिदू राष्ट्र' के नारे के साथ इस अभियान को सफल बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

### सपाइयों ने फर्जी फॉर्म-7 भरवाने का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में समाजवादी पार्टी ने जिले में कुछ मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के लिए फर्जी तरीके से फॉर्म-7 भरवाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। सपा ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। सपा नेताओं ने ज्ञापन में कहा है कि जनपद के 312 मेंहदावल, 313 खलीलाबाद और 314 धनघटा विधानसभा क्षेत्रों के मुस्लिम बाहुल्य गांवों में यह फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। सपा नेताओं का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से जबरन फॉर्म-7 पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं, जिसका उपयोग मतदाताओं के नाम काटने के लिए होता है। सामान्यतः एस-आई-आर- के माध्यम से फॉर्म-6, 7, 8 के तहत मतदाताओं के नाम बढ़ाए, काटे या संशोधित किए जाते हैं। जब सपा कार्यकर्ताओं को इस अनियमितता की जानकारी मिली तो उन्होंने संबंधित बीएलओ के घर जाकर पड़ताल की। इसके बाद, समा. जवादी पार्टी के नेताओं ने उप जिलाधिकारी मेंहदावल को भी ज्ञापन के माध्यम से इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया। सपा ने मांग की है कि जिले में जितने भी फॉर्म-7 गलत तरीके से भरे गए हैं उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो जिला समाजवादी पार्टी इस मुद्दे पर जिले में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेता शामिल रहे।

### बहराइच के जंगल में तेंदुए की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम से होगा खुलासा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज क्षेत्र में एक तेंदुए का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर मोतीपुर रेंज के बनघुसरी बीट अंतर्गत पकड़िया गांव के पास जंगल में ग्रामीणों ने झाड़ियों के बीच मृत तेंदुए को देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत वन चौकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेंजर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बरामद कर मोतीपुर रेंज कार्यालय भिजवाया। प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व ने बताया कि मंगलवार को बरामद तेंदुआ लगभग सात माह का नर है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## बहराइच में एसआईआर का दूसरा चरण शुरू

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में एसआईआर (सूची सुधार अभियान) का दूसरा चरण शुरू हो गया है, जिसमें फॉर्म 6 भरकर नाम जुड़वाने और फॉर्म 7 भरकर नाम कटवाने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसी प्रक्रिया के तहत धांधली के आरोपों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्य चुनाव आयोग को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने इस मौके पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के इशारे पर कुछ बाहरी लोग फॉर्म 7 भरकर जबरदस्ती अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों के नाम कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस प्रकार की धांधली पर तत्काल रोक लगाई जाए और प्रभावित लोगों की सूची की सच्चाई की जांच की जाए। समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। इस ज्ञापन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

# सीवर ओवरफ्लो व लीकेज पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का सख्त निर्देश दिया नगर आयुक्त ने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** प्रदेश के काशी शहर की सूरत संवारने और सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों का औचक निरीक्षण किया। अचानक अधिकारियों के साथ सड़कों पर निकले नगर आयुक्त ने पुलिस लाइन चौराहे से लेकर मैदागिन तक का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, हॉर्टिकल्चर तथा सीवर-पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। नगर आयुक्त का काफिला सुबह होते ही पुलिस लाइन चौराहे पर पहुंचा। यहां से वे मकबूल आलम रोड, हुकुलगंज तिराहा और चौका घाट होते हुए लहुराबीर तक गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों पर कूड़ा उठान की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य मार्गों पर कूड़ा दिखने पर संबंधित सफाई निरीक्षक एवं खाद्य निरीक्षक की जवाबदेही तय की जाएगी। कबीर चौरा और मैदागिन जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में उन्होंने रात्रि सफाई को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया ताकि सुबह शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने डिवाइडरों पर किए जा रहे हॉर्टिकल्चर (बागवानी) कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शहर के सुंदरीकरण में डिवाइडरों की अहम भूमिका है, इसलिए यहां लगे पौधों की नियमित कटाई-छंटाई और सिचाई सुनिश्चित की जाए। डिवाइडर पर कहीं भी मिट्टी या धूल नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही, सड़कों के किनारे हो रहे सुंदरीकरण कार्यों की प्रगति देखते हुए उन्होंने इन्हें गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने जलकल और सिविल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी सीवर ओवरफ्लो या वाटर लीकेज की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# स्वच्छ धातु उत्पादन की नई पर्यावरण-अनुकूल तकनीक विकसित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) काशी हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के वैज्ञानिकों ने जटिल लौह अयस्कों से धातु निकालने की एक नई एवं स्वच्छ तकनीक विक. सित की है, जिसे पेटेंट भी प्राप्त हो चुका है।

यह तकनीक पारंपरिक विधियों की तुलना में कहीं कम प्रदूषण पैदा करती है और लौह एवं इस्पात उद्योग से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को काफी हद तक कम करने की क्षमता रखती है। यह शोध आईआईटी बीएचयू के धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग के प्रो- गिरिजा शंकर महोबिया के नेतृत्व में डा. बिस्वजीत मिश्रा और डा. लक्कोजू शंकर राव के सहयोग से किया गया। प्रो- महोबिया ने बताया कि यह कार्य एक पीएचडी शोध के रूप में शुरू हुआ था, जो धीरे-धीरे एक व्यावहारिक एवं उपयोगी तकनीक के रूप में विकसित हुआ। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य स्वच्छ धातु का उत्पादन करना, मूल्यवान तत्वों की हानि को रोकना तथा पर्यावरणीय क्षति को न्यूनतम करना था। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए कहा कि इस्पात का उपयोग भवनों, पुलों, रेलवे, वाहनों, मशीन. री तथा घरेलू उत्पादों में व्यापक रूप से किया जाता है। हालांकि, पारंपरिक इस्पात निर्माण प्रक्रिया अत्यधिक ऊर्जा-खपत वाली होती है और वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 7.8 प्रतिशत का योगदान देती है। कोयला-आधारित प्रक्रियाओं से प्रति टन इस्पात उत्पादन पर करीब 2 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होती है। एक और बड़ी चुनौती भारत में उच्च-ग्रेड लौह अयस्कों की घटती उपलब्धता है। वर्तमान में उपलब्ध अयस्कों में लौह की मात्रा कम तथा अशुद्धियां अधिक होती हैं। इनमें निकेल और क्रोमियम जैसे उपयोगी धातु तत्व भी मौजूद होते हैं, लेकिन पारंपरिक तकनीकों से इन्हें प्रभावी ढंग से निकालना कठिन होता है। यह नई तकनीक इन सभी चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है। प्रो- महो. बिया ने बताया कि इस प्रक्रिया में कोयला या कोक का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया जाता। इसके स्थान पर हाइड्रोजन गैस का प्रयोग किया जाता है। हाइड्रोजन धातु में अशुद्धियां डाले बिना लौह का निष्कर्षण करती है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को लगभग शून्य तक ले आती है। इस प्रक्रिया में पहले लौह अयस्क के सूक्ष्म कणों को पेलेट्स (छोटे गोलाकार कण) के रूप में तैयार किया जाता है। इसके बाद इन पेलेट्स को नियंत्रित वातावरण में हाइड्रोजन गैस के संपर्क में लाया जाता है, जिससे अयस्क से ऑक्सीजन हट जाती है और स्वच्छ लौह प्राप्त होता है। आगे गर्म करने पर धातु और अपशिष्ट (स्लैग) अपने आप अलग हो जाते हैं तथा छोटे-छोटे शुद्ध धातु के नगेट्स बनते हैं। ए नगेट्स इस्पात को अधिक मजबूत और टिकाऊ बनाते हैं। अशुद्धियों का स्तर बहुत कम होता है-कार्बन, सल्फर और सिलिकॉन नगण्य मात्रा में पाए जाते हैं, जिससे आगे के शोधन (रिफाइनिग) की आवश्यकता काफी कम हो जाती है। यह तकनीक यह भी सुनिश्चित करती है कि लौह, निकेल और क्रोमियम जैसे मूल्यवान तत्व स्लैग में न जाकर उपयोगी रूप में प्राप्त हों। शोध टीम को बधाई देते हुए संस्थान के निदेशक प्रो- अमित पात्रा ने कहा कि यह शोध दर्शाता है कि संस्थान देश के लिए पर्यावरण-अनुकूल और उपयोगी तकनीकों के विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

# इटावा में नीम का पेड़ बना भगवान का अवतार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के जसवंतनगर तहसील के जलपोखरा गांव में आगरा हाईवे के किनारे स्थित एक नीम का पेड़ इन दिनों चर्चा और आस्था का केंद्र बना हुआ है। भगवान मान कर नीम के पेड़ से निकलने वाले रस का स्वाद लेने हर कोई दौड़ा चला आ रहा है। इस पेड़ की पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में हजारों की संख्या में श्रद्धा भाव से आसपास के लोग जमा हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों की ओर से ऐसा दावा किया जा रहा है कि इस पेड़ से एक ऐसे पदार्थ का रिसाव हो रहा है जो कहीं ना कहीं नारियल के पानी जैसा महसूस हो रहा है और जिससे इंसानी शरीर में खुजली और दर्द जैसी बीमारियों में राहत मिल रही है। स्थानीय लोग भगवान के चमत्कार को मान करके यहां पूजा अर्चना करने के लिए न केवल पहुंच रहे हैं बल्कि चढ़ौती चढ़ाने में भी जुटे हुए दिख रहे हैं। आसपास से जुड़ने वाली महिलाएं यहां पर गाना बजाने ओर डांस करने में भी जुटी हुई नजर आ रही है। स्थानीय नागरिक धर्मेंद्र शास्त्री ऐसा दावा करते हैं कि करीब एक पखवाड़े पहले से शुरू हुआ यह रिसाव दूध जैसा दिखाई दे रहा है और इसका सेवन करने पर नीम जैसी कड़वाहट का एहसास नहीं है लेकिन यह रस कहीं ना कहीं नारियल के पानी जैसा महसूस होता हुआ दिख रहा है। जो लोग यहां पर श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं वह नीम के पेड़ से निकलने वाले इस रस को हर हाल में चख रहे हैं। नीम के पेड़ के चमत्कार को सुनने के बाद जो भी यहां पहुंच रहा है वो कही ना कही कुछ दान देकर जरूर जा रहा है। महिलाएं बूढ़े बच्चे हर कोई इस नीम के पेड़ के दर्शन करने के लिए पहुंचता हुआ दिखाई दे रहा है। कृषि विभाग के उप कृषि अधिकारी आर.एन.सिंह ऐसा मानते हैं कि नीम का पेड़ कहीं ना कहीं इंसानों के लिए किसी भी तरह से मुफीद होता है लेकिन यह बदलाव तकनीकी तौर पर पानी के प्रभाव के बढ़ने के चलते हुआ है जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि होगी वैसे ही नीम के पेड़ से रस का प्रभाव घटना शुरू हो जाएगा। उनका कहना है कि लोगों की आस्था कब किस से जुड़ जाए यह नहीं कहा जा सकता है। नीम का पेड़ वैसे भी इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद माना जाता है उसकी पत्ती,छाल और रस सब कुछ इंसानी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जिस तरह से नीम के पेड़ से रस का निकालना लगातार जारी बना हुआ है वह नीम के पेड़ में बढ़ते हुए पानी का प्रभाव माना जा रहा है यह सब गर्मी के असर के बाद काम होना शुरू हो जाएगा। जिस स्थान पर नीम का पेड़ लगा हुआ है पास में वही एक ईंट का भट्टा भी बना हुआ है।नीम के पेड़ से रिसाव सबसे पहले ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर ने ही देखा है। इसके बाद स्थानीय लोगों को इस बारे में जानकारी मिली है और लोगों का यहां पर जमावड़ा शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों से जब इस बारे में यह जानकारी की गई है कि यह कोई साजिश तो नहीं है तो स्थानीय लोगों का ऐसा कहना है कि पेड़ में किसी तरह की कोई साजिश कर पाना संभव नहीं है। प्रतिदिन कम से कम 7 लीटर के आसपास रस का रिसाव पेड़ से हो रहा है जिसको बर्तन में भरकर के यहां पहुंचने वाले लोगों के बीच में बांटा जा रहा है।

# छह वाहन चोर गिरफ्तार, चार गाड़ी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ा है। गिरोह लंबे समय से नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा समेत कई राज्यों में सक्रिय था। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई चार कारें भी बरामद की गई हैं।



गिरोह अब तक 200 से अधिक चार पहिया वाहनों की चोरी कर चुका है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि गिरोह के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते थे। इसके लिए वे एक सलेटी रंग की टैक्सी गाड़ी का इस्तेमाल करते थे। रात के समय चालक बदल-बदल कर गिरोह के सदस्य अलग-अलग इलाकों में घूमते हैं और यह चिन्हित करते हैं कि किन जगहों पर वाहन चोरी करना आसान है।

**प्रोग्रामर और जीपीएस हैमर लगाकार करते चोरी:** रेकी के बाद गिरोह के सदस्य तय समय पर पहुंचते हैं। रात के अंधेरे में प्रोग्रामर की मदद से गाड़ी का लॉक तोड़ा जाता है। इसके बाद चोरी की गई कार में तुरंत जीपीएस हैमर लगा दिया जाता है, जिससे वाहन का जीपीएस सिस्टम काम करना बंद कर देता है और पुलिस को लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी होती है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की गई कारों को वे राजस्थान, हरियाणा और अन्य राज्यों में ऑन-डिमांड बेचते हैं। जो गाड़ियां नहीं बिक पाती थीं, उनके पुर्जे अलग कर दिए जाते हैं। इन पुर्जों को दिल्ली के अलग-अलग ऑटो पार्ट्स बाजारों में बेचा जाता था। इससे मिलने वाली रकम को गिरोह के सभी सदस्य आपस में बांट लेते थे।

2013 **से कर रहे थे वारदात:** एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि गिरोह साल 2013 से लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। इतने लंबे समय तक सक्रिय रहने के कारण गिरोह के सदस्य अलग-अलग राज्यों में पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे। नोएडा और गाजियाबाद के अलावा अमरोहा और राजस्थान में भी इनकी गति. विधियां सामने आई हैं।

**लंबा-चौड़ा है आपराधिक इतिहास:** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संभल निवासी समीर उर्फ दाऊद उर्फ कुंजा और सलीम, दिल्ली निवासी आजाद, राजस्थान के जोधपुर निवासी मोहसिन और फैसल के रूप में हुई है। समीर इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। उसके खिलाफ दिल्ली और नोएडा के विभिन्न थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा अमरोहा में भी उसके द्वारा कई वारदातें की गई हैं। सलीम के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं। आजाद के खिलाफ अलग-अलग थानों में 38 मुकदमे दर्ज हैं। एक अन्य सलीम के खिलाफ चार केस हैं। मो. हसिन के खिलाफ तीन केस दर्ज हैं।फैसल के खिलाफ भी तीन मामले दर्ज हैं।

**पांचवीं से नौवीं तक पढ़े हैं आरोपी:** पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पांचवीं से लेकर नौवीं कक्षा तक पढ़े-लिखे हैं। अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करने वाली सेक्टर-39 थाना पुलिस की टीम को डीसीपी नोएडा ने 25 हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में अहम साबित होगी। पुलिस ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

# सांसद महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह ने किया स्काईवॉक का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 और 63 के बीच मॉडल टाउन गोलचक्कर पर बनने वाला यह स्काईवॉक इस क्षेत्र की यातायात समस्याओं को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि आज स्काईवॉक का शिलान्यास सांसद डॉ. महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया और इसकी अनुमानित निर्माण लागत 26.34 करोड़ रुपये से लेकर कुछ रिपोर्टों के अनुसार 43 करोड़ रुपये तक हो सकती है और यह स्काईवॉक नोएडा प्राधिकरण की उस बड़ी योजना का हिस्सा है,जिसके तहत सेक्टर-62 से मामुरा तक के 3.5 किलोमीटर के रास्ते को 'मॉडल रोड' के रूप में विकसित किया जा रहा है।



यह 400 से 530 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा एक वृत्ताकार स्ट्रक्चर होगा। सुरक्षा के लिए इसमें स्टील/लोहे की छत होगी,जो पैदल यात्रियों को धूप और बारिश से बचाएगी और दिव्यांगों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए इसमें चार प्रमुख स्थानों पर एंट्री-एग्जिट के साथ लिफ्ट और एक्सीलेटर (स्वचालित सीढ़ियां) लगाई जाएंगी और यह स्काईवॉक दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्थित मौजूदा फुट ओवर ब्रिज से भी जोड़ा जाएगा, जिससे गाजियाबाद या दिल्ली से आने वाले यात्री सड़क पार किए बिना सीधे नोएडा में प्रवेश कर सकेंगे और वर्तमान में यहाँ प्रतिदिन लगभग 50,000 पैदल यात्री सड़क पार करते हैं। स्काईवॉक बनने से पैदल यात्रियों की दुर्घटनाओं काजोखिम समाप्त होगा और वाहनों को रेड सिग्नल पर नहीं रुकना पड़ेगा,जिससे जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी लेकिन इस प्रोजेक्ट को लगभग 6 महीने से 1 साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर समसपुर गांव के पास बुधवार को एक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। सड़क पर बने गड्ढे के कारण ट्रैक्टर पर लगी मिक्सचर मशीन अनियंत्रित हो गई, जिससे उस पर सवार एक मजदूर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान बुलंदशहर के सलेमपुर गांव निवासी 26 वर्षीय अफजाल के रूप में हुई है। अफजाल मजदूरी का काम करते थे। बुधवार दोपहर वह काम के लिए एक ट्रैक्टर के पीछे जुडी मिक्सचर मशीन पर बैठकर जा रहे थे। समसपुर गेट के सामने से गुजरते समय दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर अचानक गड्ढा आ जाने से मशीन असंतुलित हो गई। मशीन से गिरने के कारण अफजाल के सिर में गंभीर चोटें आईं। उनके साथियों ने उन्हें तुरंत दनकौर स्थित निम्स अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलने पर दनकौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था।

# पूर्व प्रधान पति की सड़क हादसे में मौत

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र के मेवला गोपालगढ़ गांव में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में पूर्व प्रधान पति की मृत्यु हो गई। घने कोहरे के कारण हुई इस घटना में अज्ञात वाहन ने मार्निंग वॉक पर निकले 65 वर्षीय सुखबीर सिंह तालान को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुखबीर सिंह का सिर वाहन के नीचे कुचल गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के पुत्र नरेंद्र सिंह तालान ने बताया कि उनके पिता रोज की तरह सुबह पैदल अपनी दुकान जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

# 11 लाख के गांजा के साथ चार गिरफ्तार



## ओडिसा से नोएडा लाते थे गांजा, पीजी कॉलेज और मजदूर थे टारगेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का फेस तीन थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बुधवार को गिरोह के चार तस्करों को गिरफ्तार किया । आरोपियों के कब्जे से हाइ क्वासलिटी का करीब 30 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी जा रही है।

एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान बिहार के सुपौल निवासी 24 साल के सरवन चौधरी, बुलंदशहर के बीवी नगर निवासी 26 साल का लव कुमार, बिहार के सीतामढ़ी निवासी 22 साल नीतीश कुमार और 20 साल राज नारायण कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। सभी आरोपी कम उम्र के हैं, इसके बावजूद इनका आपराधिक इतिहास लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया है कि इनमें से कई आरोपी पहले भी नशा तस्करी और अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस को काफी समय से ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई किए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर टीम ने गोपनीय जानक. ारी जुटाई और बुधवार को जाल बिछाकर चारों तस्करों को पकड़ा।

**एनसीआर के शहर है टारगेट:** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा लाकर पहले दिल्ली पहुंचाते थे। इसके बाद दिल्ली से नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा समेत एनसीआर के अन्य शहरों में इसकी सप्लाई की जाती थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरा. ेपी गांजे की आपूर्ति मुख्य रूप से कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट, पीजी और मजदूर वर्ग के लोगों को करते थे। कम दाम में नशा उपलब्ध कराने का लालच देकर वे युवाओं को अपने जाल में फंसाते थे।

**खरीदारों का डेटा जुटा रही पुलिस:** पुलिस अब उन लोगों की जानकारी जुटा रही है, जो इन आरो. पियों से गांजा खरीदते थे। इसके लिए कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और एनसीआर में नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहा था। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

## एक नजर

### पीएम किसान निधि में रजिस्ट्री कराई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में 48112 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री के मुकाबले अब तक 28561 किसानों ने रजिस्ट्री कराकर लाभ प्राप्त किया है। ऐसी स्थिति में 19551 किसान पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा गांव में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें 28561 किसानों ने रजिस्ट्री कराकर यूनिक कोड प्राप्त किया है।

### सफाई में लापरवाही पर नोएडा प्राधिकरण सख्त, एजेंसी पर 50 हजार का जुर्माना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगातार गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देश पर विभिन्न मार्गों, सेक्टरों, गांवों और प्रमुख नालों में प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण, नालियों से फ्लोटिंग मटेरियल हटाने और डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है।

इसी क्रम बुधवार को सेक्टर-81, ग्राम भंगेल व नगला चरणदास क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कूड़े के ढेर मिले और नालियां ओवरफ्लो पाई गईं। जांच में यह लापरवाही संबंधित ठेकेदार एम/एस एक्समैन राघव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पाई गई। लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने एजेंसी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही संबंधित सहायक परियोजना अभियंता (जन स्वास्थ्य) द्वितीय से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। वहीं, संबंधित अवर अभियंता (जन स्वास्थ्य) को चेतावनी जारी की गई है। प्राधिकरण ने कार्रवाई को और सख्त करते हुए उक्त क्षेत्र में तैनात तीन सफाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इसके अलावा कार्यरत सुपरवाइजर कपिल की सेवाएं भी समाप्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### गमी में गए परिवार के घर चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के यूसुफपुर चक शाहबेरी में रहने वाला परिवार चाचा के निधन पर अपने गांव गया। इसी बीच बदमाशों ने घर में घुसकर गहने और नगदी चोरी कर ली। पड़ोसी ने पीड़ित को फोन कर घटना की जानकारी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यूसुफपुर चक शाहबेरी में धीरज परमार परिवार के साथ रहते हैं। उन्हें 22 जनवरी को अपने चाचा के निधन की सूचना मिली। वह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ गांव चले गए। पड़ोसी करण सिंह ने 23 जनवरी को फोन कर उनके घर का जाल खुला होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार वापस घर पहुंचा तो अलमारी से गहने और रुपये गायब मिले। पीड़ित की शिकायत पर बिसरख थाना पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए आज पहुंचेंगी उत्तर पुस्तिकाएं

**नोएडा।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जनपद में बुधवार को उत्तरपुस्तिकाएं आएंगी। शनिवार से केंद्रों पर उत्तरपुस्तिकाओं को पहुंचाने का काम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से किया जाएगा। जनपद में परीक्षा के लिए 60 केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल व इंटर के प्रश्नपत्र पहले ही जीजीआईसी सेक्टर-12 में आ चुके हैं। अब उत्तरपुस्तिकाओं के आने के बाद इनका वितरण शुरू होगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक राज. ेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उत्तरपुस्तिकाएं आने के बाद इन्हें केंद्रों पर पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही एक-दो दिन में प्रवेश पत्र भी आ जाएंगे। वहीं, 9 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं चलेंगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से आरंभ होकर 12 मार्च तक चलेगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 42,674 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उत्तरपुस्तिकाओं में इस बार कई बदलाव किए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि उत्तरपुस्तिकाओं का आकार क्षैतिज नहीं रखकर लंबवत किया गया है यानी परीक्षार्थियों को वही आकार मिलेगा, जिसमें वे वर्षभर लिखते हैं। इससे उन्हें लिखने में न तो असुविधा होगी और न ही असहजता महसूस होगी।

उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त करते समय केंद्र व्यवस्थापक को विद्यालय का लेटरहेड, केंद्र व्यवस्थापक की मोहर एवं हस्ताक्षर सहित आवश्यक अभिलेख साथ लाना अनिवार्य होगा। उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे।

# शिक्षिका से छेड़छाड़ के आरोप में खेल प्रशिक्षक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित विद्यालय की शिक्षिका ने खेल प्रशिक्षक पर अश्लील बातें करने और छेड़छाड़ करने का आरोप लगा थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में विद्यालय प्रबंधन से भी संपर्क किया था। दिल्ली निवासी महिला ने बताया कि वह थाना क्षेत्र स्थित स्कूल में बतौर योग शिक्षक अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्हें यहां संविदा पर रखा गया है। मुकेश कुमार नाम का युवक स्कूल में खेल प्रशिक्षक है। महिला का आरोप है कि मुकेश आए दिन उसके साथ छेड़खानी करता। कई बार बच्चों के सामने गलत हरकत करता।

वह मेट्रो स्टेशन तक छोड़ने के बहाने भी छेड़छाड़ कर चुका था। यही नहीं मना करने के बावजूद आरोपी ने महिला के मोबाइल पर अश्लील लिंक भेजा। उसने लिंक को देखने का दबाव बनाया। महिला के विरोध करने पर उसने अपनी गलती मानी, लेकिन मोबाइल पर अश्लील वीडियो और फोटो भेजना जारी रखा। उसने शिक्षिका के फोटो को लेकर आपत्ति. जनक बातें भी कीं। शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि आरोपी ने कई बार सुनसान जगह पर उसको छूने का भी प्रयास किया। आरोपी ही हरकतों से महिला बीते कई दिनों से परेशान चल रही थी। महिला का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी कई महिलाओं के साथ इस प्रकार की हरकतें कर चुका है। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# कैंसर ट्रीटमेंट के लिए सरकार युद्ध स्तर पर चलाए अभियान: पंडित रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 4 फरवरी को दुनिया कैंसर डे मनाती है। और दुनिया में लगातार बढ़ते कैंसर के मरीज और कैंसर के कारण हो रही मौतों को लेकर नोएडा सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक एवं ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार 2022 में दुनिया भर में कैंसर से मरने वाले मरीजों की संख्या लगभग 97 लाख थी। अकेले भारत में 2019 में लगभग 9.3 लाख मौत कैंसर से हुई है। हर वर्ष यह आंकड़ा 15 से 20% के अनुपात में बढ़ रहा है जो की बेहद ही चिंताजनक है। श्री शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ा दुख इस बात का है कि जब तक व्यक्ति को पता चलता है कि उसे कैंसर हुआ है



तो वह कैंसर के आखिरी स्टेज में पहुंच चुका होता है और उसके बचने की संभावना न के बराबर होती है। श्री शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ा दुख इस बात का होता है कि आदमी की जमा पूंजी भी खत्म हो जाती है और मरीज भी नहीं बचता। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कैंसर से बचाव के लिए युद्ध स्तर पर प्रोग्राम चलाए जाने चाहिए। जिस तरह से हर जिले में सरकारी अस्पताल होते हैं ठीक उसी तरह से हर जिले में कैंसर का अस्पताल भी बनना चाहिए जहां पर कैंसर की जांच से लेकर कैंसर के इलाज तक के लिए सारे संसाधन उपलब्ध हो और वह भी बिल्कुल मुफ्त। पंडित रवि शर्मा ने कहा कि हम जागरूकता से कैंसर पर जीत हासिल कर सकते हैं क्योंकि अर्ली डिटेक्शन, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और रेगुलर स्क्रीनिंग से कैंसर बर्डन कम किया जा सकता है। समय पर डायग्नोसिस और मल्टी-डिसिप्लिनरी व पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट अप्रोच मिलकर कैंसर ट्रीटमेंट के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार ला सकते हैं।

# जिला बदर बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने जिला बदर होने के बावजूद जनपद की सीमा में रहने वाले आरा. ेपी को महर्षि आश्रम गोशाला कट के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिसरख थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी अन्नू उर्फ अभिषेक कसाना के रूप में हुई।

वह लंबे समय से वांछित भी चल रहा था। आरोपी के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में आठ केस विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। उस पर गुंडा ऐक्ट भी लगा हुआ है। आरा. ेपी के पास से तमंचा बरामद हुआ है।

# बादलपुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बादलपुर को जीरो वेस्ट एवं आत्मनिर्भर गांव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। गांव में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की औपचारिक शुरुआत हो गई है। प्राधिकरण फीडबैक फाउंडेशन के सहयोग से इस कार्य को करा रहा है। प्राधिकरण से उपलब्ध कराए गए वाहन के जरिए अब घर-घर से नियमित रूप से कचरा एकत्र किया जाएगा, जिससे खुले में कचरा फेंकने की समस्या समाप्त होगी और गांव की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में सुधार होगा।

इस बाबत स्वास्थ्य विभाग और फीडबैक फाउंडेशन की बैठक की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि गांव से एकत्र किए गए सूखे कचरे (ड्राई वेस्ट) को गांव के मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर में सेग्रिगेट कर उसे रीसाइकिल किया जाएगा, जिससे कचरे की मात्रा कम होगी और कचरे से उत्पाद तैयार किए जा सकेंगे। बादलपुर को जीरो वेस्ट गांव बनाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसके लिए फीडबैक फाउंडेशन की टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के तरीके समझाए गए तथा स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। यह पहल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, फीडबैक फाउंडेशन और ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि यह प्रयास न केवल बादलपुर की स्वच्छता एवं पर्यावरण सुधार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आसपास के अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल है। इससे ग्रेटर नोएडा को और अधिक स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में मदद मिलेगी।

# यीडा का बड़ा एक्शन: हेरिटेज सिटी व राया अर्बन सेंटर की 25 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर को प्राधिकरण ने बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई करते हुए हेरिटेज सिटी और राया अर्बन सेंटर जैसे प्रोजेक्ट्स की लगभग 25 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।



यह भूमि ग्राम पिपरौली खादर, अरूवा खादर एवं पानी गांव खादर स्थित है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान मथुरा के हेरिटेज सिटी क्षेत्र में निर्माणाधीन अवैध होटल, ढाबों और कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। यमुना नदी के किनारे लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में विक. सित की जा रही अवैध कॉलोनी पर भी बुलडोजर चला। इसके अलावा हेरिटेज सिटी के कोर एरिया में ग्राम अरवा खादर एवं ग्राम पिपरौली खादर में बन रही दो बड़ी अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि हेरिटेज सिटी मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जहां नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण किए जा रहे थे। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि ऐसे किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मांट रितु सिरोही एवं क्षेत्राधिकारी पी. सिंह के नेतृत्व में 11 थानों की पुलिस फोर्स, भारी संख्या में पुलिस बल एवं पीएसी तैनात रही। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से सायं 6 बजे तक चली। प्राधिकरण ने साफ शब्दों में कहा है कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यह पूरी कार्रवाई यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें डिप्टी कलेक्टर शिव अवतार सिंह, अभिषेक शाही एवं कृष्ण गोपाल त्रिपाठी मौजूद रहे।

# भनौता में चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित ग्राम भनौता के खसरा संख्या 135 की जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाकर करीब 10 हजार वर्ग मीटर एरिया पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया, जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपए होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग की वर्क सर्कल दो की टीम ने यह कार्रवाई की है।



कालोनाइजर बाउंड्री कर प्लॉटिंग की कोशिश कर रहे थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी। एसीईओ ने अपील भी की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि भनौता के खसरा संख्या 135 की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी। वर्क सर्किल दो की टीम ने प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मौके पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

**Information**

I Mamtesh mother of Taksheel studies in class 8th(90/2022)at St. Antony School. His name is Taksheel Choudhary and my name is Mamtesh Choudhary in school records which is wrong. My son's Aadhaar number is 658304463324, and my Aadhaar number is 366384018228. In future, my son should be known as Taksheel and my name should be known as Mamtesh.

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

■ परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर में मकान की छत पर काम कर रहे राजमिस्त्री की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय विट्टन पुत्र नत्थूलाल निवासी चुरई दलपतपुर गांव के ब्रजेश सक्सेना के मकान पर राज मिस्त्री का कार्य कर रहे थे।

परिजनों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे विट्टन भोजन कर काम पर गया था। निर्माण कार्य करते समय उनकी एल्यूमिनियम की फंटी मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से तार से छू गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद एम्बुलेंस को सूचना दी। परिजन एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी मीरगंज ले गए। गांव के लोगों की सैकड़ों की संख्या में अस्पताल पहुंच गए। जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद विट्टन को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई राम भरोसे का आरोप है घटना के समय जिस मकान में विट्टन काम कर रहा था, वहां के गृहस्वामी घर पर मौजूद होने के बावजूद समय रहते अस्पताल नहीं ले गए। आरोप है अस्पताल ले जाने में दो घंटे की देरी हुई। तत्काल उपचार मिल जाता तो उसके भाई की जान बच सकती थी।मृतक अपने पीछे पत्नी मुन्नी और दो नाबालिग पुत्र अभि एवं अनिकेत को छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। घटना से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चिकित्सक डा वंशिका गंगवार ने बताया एम्बुलेंस द्वारा विट्टन को अस्पताल लाया गया था, लेकिन प्रारंभिक जांच में वह मृत पाया गया। करंट लगने से हाथ की उंगली झुलस चुकी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी पहुंच गई। ,स पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# अविवाहित किशोरी ने दिया पुत्री को जन्म, पुलिस को दी गई सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र की एक किशोरी को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार की सुबह उसके रिश्तेदार द्वारा सीएचसी मीरगंज लाया गया, जहां किशोरी ने एक पुत्री को जन्म दिया। मामला सामने आते ही सीएचसी प्रशासन ने नियमानुसार इसकी सूचना थाना पुलिस को दे दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोरी को बुधवार सुबह अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसका एक रिश्तेदार उसे लेकर सीएचसी मीरगंज पहुंचा और अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद किशोरी का सुरक्षित प्रसव कराया गया।

चिकित्सकों के मुताबिक जच्चा और नवजात पुत्री दोनों की हालत स्थिर है और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। भर्ती के समय प्रस्तुत किए गए आधार कार्ड के अनुसार किशोरी की उम्र लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है। प्रसव कराने वाले स्वास्थ्यकर्मियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चिकित्सा अधीक्षक को अवगत कराया।

इसके बाद सीएचसी प्रशासन की ओर से पूरे प्रकरण की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई।सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि किशोरी बुधवार की सुबह अस्पताल लाई गई थी और अस्पताल पहुंचने के कुछ ही समय बाद उसका प्रसव हो गया। उन्होंने बताया कि नियमानुसार नाबालिग प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है, लेकिन रेफर की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही डिलीवरी हो गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किशोरी अविवाहित है।

## एक नजर

# विश्व कैंसर दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बीएसएफ की आरएचक्यू 94 बटालियन द्वारा बुधवार को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी कमांडेंट दिनेश सिंह ने किया। उन्होंने बीएसएफ जवानों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कैंसर के कारणों, प्रकारों, शुरुआती लक्षणों, रोकथाम के उपायों एवं उपचार की जानकारी दी।

डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय पर जांच और सही जानकारी बेहद जरूरी है। जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है।कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएफ जवानों द्वारा बीएसएफ कैंपस के आसपास के क्षेत्रों और नजदीकी स्कूलों में वॉकाथॉन निकाली गई। रैली के दौरान पंपलेट और बैनरों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। वॉकाथॉन में शामिल प्रतिभागियों ने कैंसर जागरूकता के प्रतीक विभिन्न रंगों के रिबन धारण किए।

# खेत पर जा रहे ग्रामीण के साथ पिता-पुत्र ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस ने पिता पुत्र पर दर्ज किया मुकदमा

**बहेड़ी।** खेत पर जा रहे ग्रामीण पर गांव के ही दो युवकों ने लाठी डंडों व धारदार वस्तुओं से हमला कर दिया। ग्रामीण के चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तो उक्त लोग आइंदा देख लेने की धमकी देकर भाग निकले। घटना के बाद ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम ग्वारी थाना निवासी ख्याली राम पुत्र घासीराम का कहना है कि बीती 02 फरवरी को समय करीब 11 बजे वह अपने खेत पर जा रहा था। प्रेमदास के खेत के पास पहुँचने पर वहां पर पहले से घात लगाये बैठे प्रेम शंकर पुत्र गनेश प्रसाद व अनिल पुत्र प्रेमशंकर निवासी ग्राम ग्वारी थाना बहेड़ी ने उसके ऊपर लाठी डण्डों व दराती से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर व हाथ में चोट लग गई। उसकी चीख पुकार पर आसपास के खेतों में काम कर रहे नत्थू लाल पुत्र जीसुख व राजू पुत्र नानक चन्द व रामदेव पुत्र भोलानाथ निवासीगण ग्राम ग्वारी घटना स्थल पर आ गये, जिन्होंने प्रेम शंकर व अनिल से उसको बचाया, नहीं तो विपक्षीगण प्रार्थी को जान से मार देते। आरोप है कि उक्त लोग उसे व उसके भाईयों को अपनी महिला द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर भी गये हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने प्रेम शंकर पुत्र गनेश प्रसाद व अनिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नदी पाटकर भू माफियाओं ने किया कब्जा, तहसील प्रशासन बेखबर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राजस्व कर्मियों की उदासीनता के चलते भू माफियाओं के हौसले दिन व दिन बढ़ते जा रहें हैं, आलम यह है कि इन लोगों ने नदियों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

कस्बे से निकली पनघैली नदी पर आजकल भू माफियाओं की नजर है। बरेली पीलीभीत हाईवे पर इस पनघैली नदी पर वने नए पुल के पास भू माफियाओं द्वारा प्लाटिंग की जा रही है, इन भू माफियाओं ने नदी पर भी कब्जा कर वहां निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। पिछले कई दिनों से चल रहे इस अवैध निर्माण की तहसील प्रशासन को भनक तक नहीं लग सकी है, और दबंग बेखौफ होकर नदी को पाटकर कब्जा करने में लगे हुए हैं।

ग्राम पंचायत ईंधजागीर के ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की कई माह पहले एस डी एम उदित पवार को शिकायती पत्र दिया था जिस पर नायब तहसीलदार द्वारा जांच के नाम पर खाना पूरी कर दी गई लेकिन नदी पर कब्जा नहीं रुक सका। ग्राम प्रधान ने राजस्व कर्मियों पर इस मामले में संलिप्ता का भी आरोप लगाया है। भू माफिया ने जहां हाइवे पर आने के लिए एक पुलिया का भी निर्माण करा डाला है वही नदी का रुख मोड़ने को दीवार खड़ी करने की भी तैयारी कर डाली है। इस मामले में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है राजस्व कर्मियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# बहेड़ी बार एसोसिएशन चुनाव में राठी-पांडे पैनल का दबदबा

■ शांतिपूर्ण मतदान के बाद रामेंद्र सिंह राठी अध्यक्ष, दीपचंद पांडे महासचिव निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बहेड़ी बार एसोसिएशन का चुनाव बुधवार को पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी सुनील कुमार रस्तोगी की देखरेख में हुए इस चुनाव में 242 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक हुआ, जबकि मतगणना अपराह्न 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक चली।

अध्यक्ष पद पर हुए कड़े मुकाबले में रामेंद्र सिंह राठी ने 133 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी साबिर रजा को 106 मत मिले, जबकि तीन मत निरस्त घोषित किए गए। महासचिव पद पर दीपचंद पांडे ने 129 मत हासिल कर स्पष्ट बढ़त के साथ विजय प्राप्त की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी केसर कुमार को 110 मत मिले। इस पद पर एक मत निरस्त रहा। कोषाध्यक्ष पद पर रविंद्र कुमार ने 129 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी महेश कुमार को 112 मत मिले।

यहां भी एक मत निरस्त घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर सत्यपाल सिंह ने 130 मत पाकर निर्णायक जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी लईक अहमद को 101 मत मिले। इस पद पर 11 मत निरस्त रहे।

चुनाव अधिकारी सुनील कुमार रस्तोगी ने बताया कि मतदान और मतगणना की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी तरह की अव्यवस्था या विवाद की सूचना नहीं मिली। परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा और विजयी प्रत्याशियों को बधाइयां दी गईं।

# गन्ने के खेत में सियार ने किसान पर किया हमला, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव परोथी में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत में काम कर रहे एक किसान पर अचानक सियार ने हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल किसान को जिसे पहले नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

परोथी गांव निवासी अंगनलाल रोज की तरह अपने खेत में खड़े गन्ने की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत से निकले सियार ने उन पर झपट्टा मार दिया। अचानक हुए हमले से किसान चीखने लगे। आवाज सुनकर आस पास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसान मौके पर पहुंचे और किसी तरह सियार को भगाकर अंगनलाल की जान बचाई। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। किसानों ने खेतों में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही पर चिंता जताते हुए वन विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध तमंचे व कारतूस के साथ दो लोग दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को दो अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने वताया कि उपनिरीक्षक दुष्यंत कुमार की टीम ने कस्बे के मोहल्ला जाटवान निवासी अनमोल सागर पुत्र रामप्रकाश सागर को एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस के साथ बहेड़ी बस अड्डे के निकट श्मशान भूमि के पास से गिरफ्तार किया तो वहीं उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार राठी ने अपनी टीम के साथ वाहन चेकिंग के दौरान चचेट भैंसिया जाने बाली सड़क से गुरप्रीत सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी ग्राम रतनगढ़ थाना मोरिंडा जनपद रूपनगर (पंजाब) हाल निवासी टांडा छंगा गुरुद्वारा थाना शीशगढ़ को एक अबैध 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

# कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, करवला रोड को बनवाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की कुरैश नगर वस्ती से करबला शरीफ को जाने वाले रोड की दुर्दशा को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव शमशुल हसन अंसारी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा गया है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव शमशुल हसन अंसारी ने नगर से करबला शरीफ को जाने वाले इस रोड को बनवाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस रोड पर कस्बे के लोगों की जमीन है और उनका इस रास्ते से आवागमन रहता है ,साथ ही हर वर्ष मोहर्रम को बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों का करबला को जाना होता है।

# तीन माह से खाली है मुंसिफ कोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की मुंसिफ कोर्ट में तैनात रहे सिविल जज विनेश कुमार का जनपद मीरगंज तबादला हो जाने के बाद से कोर्ट पिछले तीन माह से रिक्त चली आ रही है। कोर्ट में न्यायिक अधिकारी की तैनाती ने होने से वादकारियों को तारीख लेकर बैरंग लौटना पड़ रहा है। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर मुंसिफ कोर्ट में सिविल जज की नियुक्ति किए गए की मांग की है। इस मामले में विगत दिनों भी बरेली आए उच्च न्यायालय के प्रशासनिक अधिकारी को भी इस मामले को लेकर मांगपत्र सौंपा गया था। इसके साथ ही संगठन ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को भी पत्र भेजकर कोर्ट में सिविल जज की नियुक्ति किए जाने की मांग की थी।

# घर में घुसकर युवक व महिलाओं को पीटने वाले पांच लोगों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर बिना वजह गाली गलौज करने और उसके व घर वालों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद युवक अन्य घायलों के साथ थाने पहुंचा और मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम खुटिया थाना बहेड़ी जिला बरेली निवासी शंकर लाल पुत्र होरी लाल का कहना है कि दिनांक 02/02/26 की शाम करीब 7:30 बजे जयपाल पुत्र राम गोपाल व चन्दन पुत्र जयपाल व विट्टू व सन्जू पुत्रगण धर्मपाल व रवि पुत्र अशोक निवासीगण ग्राम खुटिया थाना बहेड़ी उसके घर पर लाठी डन्डे व धारधार हथियार लेकर पहुंचे और बिना किसी बात के गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर उसे बचाने आई भतीजी अन्शी व भाभी कमलेश कुमारी व माया देवी पत्नी शंकर लाल, भतीजे अनुज को भी उन लोगों ने मारा पीटा। शोर शरावा सुनकर महेन्द्रपाल पुत्र होरीलाल व अरविन्द कुमार पुत्र भगवान दास व गांव के अन्य लोग आ गये, जिसपर उक्त लोग आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। युवक का कहना है कि मारपीट में वोभी व अन्शी, कमलेश कुमारी, माया देवी और अनुज को चोटें भी आयी हैं। इस मामले में पुलिस ने जयपाल, चन्दन, विट्टू, सन्जू व रवि निवासीगण ग्राम खुटिया थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गांव चंदपुर से मोहम्मद अली अपनी पत्नी सहित उमरा के सफर पर रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** गांव चंदपुर से आज पति पत्नी सफर ए मदीना के लिए रवाना हुए जिन्हें भारी भीड़ ने सफर की कामयाबी की दुआएं देकर उमरा के सफर पर रवाना किया।

पति पत्नी को गांव के आखरी छोर तक भारी भीड़ उन्हें छोड़ने आई, इस बीच धार्मिक नारे गूंजते रहे।इससे पूर्व भी अली अहमद अकेले उमरा के सफर पर जा चुके हैं।इस बार उनकी पत्नी कुबरा बानो भी उनके साथ हैं।सफर पर रवाना होने से पूर्व उन्होंने पूरे गांव के लोगों को अपने यहां दावत पर बुलाया।गांव वालों ने उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया उन्हें फूल मालाएं पहनाएं एवं धार्मिक नारे लगाए। स्वागत करने वालों में जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी लियाकती व उनके साथी ताहिर अली जैदी,नवाब अली ठेकेदार, इसाक अंसारी,सद्दाम हुसैन, चांद खान, तहसील खान, सगीर अहमद, छोटे अंसारी आदि मुख्य थे।

# शब-ए-बरात पर शियाओं ने अकीदत के साथ नदी में डाले अरीजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** शब-ए-बरात का पर्व नगर व आसपास के गांवों में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अपने-अपने घरों में हलवा और मसूर की दाल बनाकर नजर दिलाई। शब-ए-बरात के साथ ही कस्बे के शिया समुदाय द्वारा इमाम-ए-जमाना जनाब इमाम मेहदी के यौम-ए-विलादत की खुशियां भी मनाई गईं। इस अवसर पर शिया समुदाय के लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। सुबह फज्र की नमाज से पूर्व शिया समुदाय के लोगों ने अपनी मुरादें लिखकर अरीजों के रूप में पास की नदी, तालाब अथवा कुएं में अकीदत के साथ डाले। शिया आलिम मौलाना मुबीन हसन ने बताया कि मान्यता के अनुसार इमाम-ए-जमाना के वकील हुसैन बिन रौह इन अरीजों (प्रार्थना पत्रों) को इमाम-ए-जमाना तक पहुंचाते हैं, जिन्हें पढ़कर वह अपने मानने वालों की मुरादें पूरी करते हैं। वहीं शिया समुदाय के तंजीम हैदर उर्फ भाई जी ने दावा किया कि उनके द्वारा लिखे गए अरीजों में दर्ज हर मुराद पूरी होती है, जिस कारण लोगों की आस्था इस पर और अधिक मजबूत होती जा रही है। उधर, शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने रोजा भी रखा और इबादत में समय बिताया।

# झोलाछाप पर कार्रवाई न होने से भड़के परिजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** झोलाछाप द्वारा किए गए गलत उपचार से एक मरीज की जान पर बन आने के बावजूद आरोपी पर कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने बुधवार को सीएमओ कार्यालय पर हंगामा किया। परिजन गंभीर हालत में मरीज को ऑटो से सीएमओ कार्यालय लेकर पहुंचे और कार्यालय के बाहर लिटा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग ने केवल क्लीनिक सील कर औपचारिकता निभा दी, लेकिन झोलाछाप के खिलाफ न तो एफआईआर दर्ज कराई गई और न ही पुलिस को कोई रिपोर्ट भेजी गई।

बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा गौटिया निवासी शिशुपाल अपने बेटे अजय को लेकर सीएमओ कार्यालय पहुंचे। अजय ऑटो में लेटा हुआ था और लगातार उल्टियां कर रहा था। शिशुपाल ने बताया कि करीब एक माह पहले अजय को पेट दर्द की शिकायत हुई थी। जांच रिपोर्ट लेकर वह पीलीभीत बाईपास स्थित पृथ्वी फार्मा क्लीनिक पहुंचे, जहां जयवीर नामक व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर बताकर इलाज शुरू किया।

शिशुपाल का आरोप है कि जयवीर ने पेशाब की नली में पानी भरने की बात कहकर बेटे का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद 25 दिनों तक क्लीनिक बुलाकर पट्टियां की गईं और तीन बार टांके लगाए गए, लेकिन रक्तस्राव बंद नहीं हुआ। इसके चलते अजय की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और अब वह चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गया है।

परिजनों ने बताया कि मामले की शिकायत सीएमओ कार्यालय में करने पर नोडल अधिकारी ने क्लीनिक तो सील करा दिया, लेकिन झोलाछाप के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

# जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित, बेटियों को भेंट की गई बेबी किट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को डीएम अविनाश सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के निर्देशानुसार जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के अंतर्गत जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी, हरविंदर कौर एवं जेंडर स्पेशलिस्ट शारीन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नवजात बेटियों को हिमालया बेबी किट एवं बूलन क्लॉथ किट वितरित की गई तथा बेटियों के माता-पिता को कन्या के जन्म पर बधाइयाँ दी गईं। इस अवसर पर बेटी बचाओख्रबेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ कन्या के सम्मान और संरक्षण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल बरेली के डॉक्टर बृज बिहारी एवं राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान की अध्यक्ष बिंदु सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहा। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा महिलाओं के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, ताकि जरूरतमंद समय पर सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकारी योजनाओं से जोड़ने का संदेश दिया गया।

# आईसीएआर प्रायोजित 21 दिवसीय विंटर स्कूल का भव्य समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इजतनगर में आयोजित 21 दिवसीय विंटर स्कूल "इनोवेशन्स इन डिजिटल एक्सटेंशन एंड स्मार्ट फार्मिंग" का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं विस्तार विशेषज्ञों की पेशेवर दक्षताओं को सुदृढ़ करना था।

विंटर स्कूल के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल एक्सटेंशन टूल्स, स्मार्ट फार्मिंग तकनीकों, आईसीटी अनुप्रयोगों, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली एवं आधुनिक विस्तार पद्धतियों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त रहे। उन्होंने पाठ्यक्रम की संरचना एवं मॉड्यूल की सराहना करते हुए इसे राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप बताया। डॉ. दत्त ने आईवीआरआई की समृद्ध विरासत, उत्कृष्ट अधोसंरचना, व्यावसायिक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों तथा वैश्विक पशु चिकित्सा अनुसंधान में संस्थान के योगदान को रेखांकित किया।

उन्होंने वैज्ञानिकों के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर विकसित करने एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रभावी फीडबैक तंत्र लागू करने पर विशेष बल दिया। साथ ही विकसित भारतख्र2047 एवं अमृतकाल की परिकल्पना में इस विंटर स्कूल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. सिंह, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के समावेश की प्रशंसा की और प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी।

कार्यक्रम की निदेशक डॉ. रुपसी तिवारी, संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें सोशल मीडिया उपयोग, ब्लॉकचेन तकनीक, एआई, मशीन लर्निंग, इमेज-बेस्ड एप्लिकेशन, ब्लॉगिंग, ई-कंटेंट विकास एवं प्रायोगिक सत्र शामिल रहे। पाठ्यक्रम को सप्ताहवार संरचना में डिजिटल कृषि नीतियों, जलवायु लचीलापन, प्रभाव मूल्यांकन तथा पशु चिकित्सा क्षेत्र में एआई व ब्लॉकचेन की भूमिका पर केंद्रित किया गया।

इस विंटर स्कूल में कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें 14 सहायक प्रोफेसर, 3 वैज्ञानिक एवं 4 विषय विशेषज्ञ शामिल थे। प्रतिभागी 11 राज्यों से आए और 11 विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर तथा विभिन्न एग्री-टेक स्टार्टअप्स के विशेषज्ञों ने भी योगदान दिया।

प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया।

डॉ. रौशन कुमार ने सामुदायिक रेडियो, ब्लॉकचेन, पॉडकास्ट एवं वर्चुअल/ऑगमेंटेड रियलिटी के उपयोग पर प्रकाश डाला। डॉ. विपिन ठाकुर ने पशु चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई, जबकि डॉ. हर्षिता ने क्रॉस-लर्निंग के महत्व को रेखांकित किया। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रुति द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बबलू कुमार, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी आईटीएमयू, ने प्रस्तुत किया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# चांदपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

## दुकानदारों में मचा हड़कंप, नोटिस और चेतावनी देकर काटे चालान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में दीमक की तरह अपने पैर पसार रहे अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने टीम के साथ आज अतिक्रमण हटाओ अभियान का श्री गणेश किया।

अधिशासी अधिकारी कुणाल रस्तोगी ने पालिका टीम के साथ सर्वप्रथम नेहरू मूर्ति से लेकर सिलार पुल और सिलार पुल से लेकर रेलवे फाटक तक जबरदस्त तरीके से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पीला पंजा सड़क पर दौड़ता दिखाई देने से अतिक्रमणकारियों के दिलों की धडकने बढ़ने लगी। इस दौरान एक पालिका कर्मचारी भी नाले का फट्टा टूटने से उसमें गिरकर मामूली रूप से चोटिल हो गया। पालिका परिषद द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत सिलार रोड पर समस्त दुकानदारों द्वारा तुरंत अपना सामान समेटना शुरू कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि किसी को भी अतिक्रमण करने नहीं दिया जाएगा। बार-बार कहने और सुनने के बाद भी यदि कोई नहीं मानता तो उसके खिलाफ बड़ा जुर्माना वसूला जाने की कार्रवाई की जाएगी और सड़कों पर दुकानदारी नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने समस्त दुकानदारों को भी आदेशित करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार का अपनी दुकानों का सामान अतिक्रमण के रूप में सड़कों पर या पैदल पटरी पर न रखें।

आज अभियान में उन्होंने परचून, फल, ठेला आदि दुकानों के आगे अतिक्रमण को हटवाया, जिसमें कुछ दुकानदारों को नोटिस और चेतावनी दी। साथ ही कई दुकानदारों के चालान भी काटे। इस दौरान कई जगह अतिक्रमण कार्यों के साथ नोक-झोंक भी हुई।

अतिक्रमण हटाओ अभियान से नागरिकों ने राहत की सांस ली है। नागरिकों का कहना है कि कुछ दुकानदार वास्तव में अपने दुकानों के सामानों को सड़कों पर जमा देते हैं, जिससे सड़के संकरी हो जाती हैं और अतिक्रमण को बढ़ावा मिलता है और यही एक की देख में सभी दुकानदार अपना सामान सड़कों पर लगा लेते हैं। फल ठेले वालों को भी सख्त फटकार लगाते हुए कहा कि यदि सड़कों पर फल ठेला लगाया गया तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद की ओर से चलाए गए अभियान में अधिशासी अधिकारी कुणाल रस्तोगी, पालिकाकर्मी एवं समस्त संबंधित स्टाफ मौजूद रहा। सात दिन बाद इसी मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान पुनः चलाया जाएगा।

# अल्लाह व उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने की ताकीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शब-ए-बरात का त्यौहार बड़े ही अकीदत व खुशनुमा माहौल मे मनाया गया। अकीदतमंदों ने जहां इशा की नमाज अदा कर अपने बुजुर्गों के लिए दुआ की। वहीं उलेमाओं ने मुसलमानों से बुराई से बचकर अल्लाह व उनके नबी की सुन्नतों पर अमल कर जिंदगी गुजारने की ताकीद की।


मौहल्ला महल सराय स्थित मस्जिद हमजा में बयान करते हुए मुफ्ती मौहम्मद ईशितयाक ने कहा कि शबे बरात रमजानुल मुबारक से पहले का प्रेक्टिकल है। इस दिन रोजा रखना सुन्नत है। जबकि माहे रमजान के सभी रोजे फर्ज और जरूरी हैं। दिग्गी वाली मस्जिद में मुफ्ती मौहम्मद दानिश ने मुसलमानों से इन त्योहारों को ज्यादा से ज्यादा इबादत किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बुराईयों से बचकर सबके लिए दुआ करे, इधर उधर घूम कर वक्त खराब ना किये जाने पर भी जोर दिया। मस्जिद अल्लाह बख्श में मुफ्ती सुहेल अहमद ने युवाओं को इस्लाम की सही जानकारी देते हुए हदीस और कुरान करीम को समझकर पढ़ने का आह्वान किया।

इस मौके पर कारी राशिद हमीदी, तसलीम अहमद, फुरकान अहमद, अफजल अहमद, इनामूल हक, जावेद अख्तर, मौहम्मद काशिफ, मौहम्मद आमिर आदि शामिल रहे। आखिर में मुसलमानों ने देश की तरक्की ओर अमन के लिए अल्लाह ताला की बरगाह में हाथ उठाकर दुआ मांगी।

## अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगी

**कासमपुर गढ़ी।** कासमपुर गढ़ी व आसपास के क्षेत्र में शब-ए-बरात का पर्व मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने देर रात तक मस्जिदों व अपने-अपने घरों में इबादत की और कब्रिस्तान पहुंचकर इस दुनिया से रुखसत हो चुके अपने परिजनों के लिए दुआएं की। देर रात तक लोग घरों से मस्जिद और मस्जिद से कब्रिस्तान आते जाते नजर आए। इबादत के दौरान लोगों ने अल्लाह से गुनाहों की माफी, नेक जिंदगी, नेक कमाई और अमान ओ अमान जैसी तमाम दुआएं मांगी। आज तमाम मुसलमानों ने रोजा रखकर अल्लाह को याद किया।

# अज्ञात वाहन से टकरा कर गुलदार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात्रि ग्राम भज्जावाला में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक मादा गुलदार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

उक्त मार्ग से गुजर रही उत्तराखंड पुलिस ने वाहन रोककर यातायात बाधित न हो इसलिए मादा गुलदार के शव को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रखवाया। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को


### वन विभाग की टीम ने पीएम को भेजा

अमानगढ़ रेंज में उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। वन विभाग के अनुसार क्षेत्र में गन्ने की फसल कम होने के कारण गुलदार अब दूसरे स्थानों की ओर भटक रहे हैं, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व भी थाना क्षेत्र के ग्राम दुलीचंदपुर के गन्ने के खेत में एक गुलदार मृत अवस्था में मिला था।

# डीएम ने कार्यशाला में दिए निर्देश

## कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेता फार्मर रजिस्ट्री में किसानों को प्रेरित करें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं की ट्रेनिंग कराये जाने एवं धरती माता बचाओ अभियान के अन्तर्गत रसायनिक उर्वरकों के कम प्रयोग के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं और जो कृषक बंधु कीटनाशक अथवा उर्वरक लेने दुकान पर आए उनका रजिस्ट्री फार्मर रजिस्ट्री संख्या मालूम करें, यदि उन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कर रखा है तो उसका नंबर बिल में जरूर अंकित करें और यदि किसी कृषक बंधु द्वारा अभी तक फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य नहीं कराया गया है, फार्मर रजिस्ट्री के लाभ बताते हुए उन्हें यथाशीघ्र फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित करें, ताकि वे सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ अर्जित कर सकें।

इसी के साथ उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त का मेकैनिज्म विकसित करें, जिससे प्रतिदिन उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के लिए किए गए कार्य की प्रगति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने सभी विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिए की अपनी दुकान पर अच्छी ब्रांड के उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं को ही रखें और किसी भी अवस्था में नकली खाद अथवा कीटनाशक दवा ना विक्रय करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि नकली खाद अथवा उर्वरक बेचे जाने की कोई शिकायत प्रमाणित होती है तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करके उनके विरुद्ध विधि पूर्वक कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि निदेशक घनश्याम सिंह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में तकनीक का प्रयोग करें, क्योंकि तकनीक का बेहतर प्रयोग मानव जीवन के लिए नितांत आवश्यक हो गया है और इसके लिए जरूरी है कि सभी तकनीक का आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करें और उसे व्यावहारिक रूप से अंगीकार करें ताकि किसान बंधु अपनी उपज और आय में ज्यादा से ज्यादा वृद्धि कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार की धरती माता बचाओ अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें और संतुलित मात्रा में ही उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। उन्होंने एनपीएस ऐप के संबंध में किसान बंधुओं को जानकारी देते हुए बताया कि अपने मोबाइल में यह अपलोड करें। उन्होंने बताया कि यदि पौधे में कीड़ा लगने की शिकायत प्रतीत होती है तो उससे उसका फोटो खींचे। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान जिला कृषि अधिकारी तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को नई तकनीकी एवं महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि घनश्याम सिंह, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कीटनाशक व उर्वरक विक्रेता मौजूद थे।

# फर्जी बैनामा करा कर जमीन कब्जाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन पर कब्जा करने के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता फरहाना पत्नी मौहम्मद असलम निवासी ग्राम रसूलपुर ने पुलिस से आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी जमीन को लेकर पूर्व में मजबूरी के चलते एक एग्रीमेंट कराया गया था, जिसकी समयावधि समाप्त हो चुकी थी। एग्रीमेंट के दौरान किसी भी प्रकार का बैनामा नहीं कराया गया था और न ही जमीन के हस्तांतरण का कोई वैधानिक प्रावधान था।

आरोप है कि एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने के बाद भी धोखाधड़ी करते हुए नौशाद अली पुत्र मौ. हनीफ निवासी ग्राम मधुपुरा ने कथित रूप से फर्जी तरीके से अपने नाम बैनामा करा लिया। इसके बाद उक्त जमीन को अपने भाई गुलफाम पुत्र हनीफ के नाम दान

### चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दिखाते हुए दस्तावेज तैयार कराए गए। महिला का यह भी आरोप है कि बैनामा व दानपत्र तैयार कराने के दौरान अब्दुल वहीद निवासी ग्राम मधुपुरा व जहीर आलम पुत्र छोटे को फर्जी गवाह बनाया गया जबकि एग्रीमेंट में दानपत्र करने का कोई नियम नहीं था। पीड़िता का कहना है कि उक्त चारों लोग अब उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है और उसने थाना स्योहारा में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर नौशाद अली, गुलफाम, अब्दुल वहीद व जहीर आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

# शब-ए-बरात पर मदरसे में सालाना इजलास

## तालिम हासिल करने पर जोर, चार बच्चों की दस्तारबंदी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** शब-ए-बरात पर मदरसा रहमानिया इस्लामिया अरबिया में सालाना इजलास मे उलेमाओं ने इस्लाम पर रोशनी डालते हुए, लोगों से बच्चों को तालिम हासिल कराने पर जोर दिया। वही सालाना इजलास मे मदरसे के 4 बच्चों की दस्तारबंदी कर सनदें दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला मनिहारान स्थित मदरसा रहमानिया इस्लामिया अरबिया में सालाना इजलास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार बच्चों की दस्तारबंदी कर उन्हें सनदें प्रदान की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हौसला अफजाई की गई। इजलास का आगाज मौलाना बलीगुर्रहमान द्वारा नात-ए-पाक से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुफ्ती मेहफूजुर्रहमान थेपुरी ने अपने खिताब में कहा कि मदरसे दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करने का भी अहम केंद्र हैं। उन्होंने तालीम को जिंदगी जीने का सलीका बताते हुए कहा कि शिक्षा इंसान को सही और गलत में फर्क करना सिखाती है। मुफ्ती मेहफूजुर्रहमान ने इस्लाम को मोहब्बत और इंसानियत का मजहब बताते हुए नबी-ए-करीम की जिंदगी पर रोशनी डाली और उनकी सुन्नत पर अमल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज मुसलमान गुमराही की तरफ बढ़ रहे हैं- नाम तो मुसलमान का है, लेकिन आमाल इस्लाम के मुताबिक नहीं हैं, जिस पर आत्ममंथन की जरूरत है। देर रात तक चले इस सालाना इजलास में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिरकत की।

इस दौरान मौलाना इफ्तेखार उल हसन, मौलाना इफ्तेखार उल हसन सहसपुरी, कारी मौहम्मद इब्राहिम, कारी हकीमुद्दीन, मौलाना महफूज, कारी शजीउर्रहमान, मौलाना बलीगुर्रहमान, मौलाना अताउर्रहमान, मौलाना शरीफ सहित अन्य उलेमा ने भी खिताब किया। कार्यक्रम की सदारत मौलाना इफ्तेखार उल हसन सहसपुरी ने की, जबकि निजामत की जिम्मेदारी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने निभाई। अंत में मुल्क में अमन-ओ-अमान और खुशहाली की दुआ के साथ इजलास का समापन किया गया।

# स्कूल की लापरवाही उजागर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में स्थित ज्ञान दीप स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाली लापरवाही का मामला सामने आया है जिसने अभिभावकों और स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

सहसपुर से पढ़ने आने वाले अजान और फातिमा पुत्री वसी निवासी मौहल्ला अफगान सहसपुर को स्कूल बस चालक ने स्कूल गेट के बाहर ही उतार दिया और बिना यह देखे कि गेट खुला है या नहीं बस लेकर मौके से चला गया। हैरानी की बात यह रही कि उस समय स्कूल का मुख्य गेट पूरी तरह बंद था। अचानक खुद को अकेला और असुरक्षित पाकर दोनों मासूम बच्चे घबरा गए और डर के मारे रोते-बिलखते हुए पैदल ही सहसपुर की ओर चल पड़े। रास्ते में बच्चों को रोता देख राहगीरों ने उन्हें रोका और जब पूरी घटना की जानकारी मिली तो वे भी स्तब्ध रह गए। बाद में राहगीरों ने मानवीयता दिखाते हुए बच्चों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में मदद की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना केवल एक बस चालक की नहीं बल्कि स्कूल प्रशासन की घोर लापरवाही को भी उजागर करती है। सवाल यह उठता है कि यदि रास्ते में बच्चों के साथ कोई अनहोनी हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्कूल बस चालकों की लापरवाही के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। नगर व क्षेत्र के कई स्कूलों में आज भी अनफिट और जर्जर वाहन बच्चों को ढो रहे हैं, जो सीधे-सीधे उनकी जान के साथ खिलवाड़ है। इसके बावजूद कई स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी के चलते इन वाहनों से मोटी रकम वसूलते हैं, लेकिन बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। साथ ही स्कूलों में चल रहे अनफिट वाहनों की तत्काल जांच कर उन्हें बंद कराया जाए। मामला सीधे-सीधे मासूम बच्चों की जान से जुड़ा है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस पूरे प्रकरण की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए ताकि भविष्य में किसी भी बच्चे की जान जोखिम में न पड़े। वहीं इस संबंध में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के संचालक डॉ. जगदीश शर्मा का कहना है कि छोटे बच्चे हैं। भूल से भटक गए थे, लेकिन बस चालक पर भी सख्ती की गई है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सभी को सतर्क किया गया है ताकि भविष्य में कोई भी गलती और लापरवाही ना हो।

# भज्जावाला में वीएचएनडी कैंप



**अफजलगढ़।** विकासखंड अफजलगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र भज्जावाला पर को वीएचएनडी (विलेज हेल्थ एंड न्यूट्रीशन डे) कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। यह साप्ताहिक कैंप शासन के निर्देश पर प्रत्येक पंचायत में आयोजित किया जा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों, और 10 से 16 वर्ष तक के किशोर - किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं और टीकाकरण प्रदान करना है। एएनएम आबिदा खातून ने बताया कि वीएचएनडी कैंप का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श देना तथा टीकाकरण करना है। कैंप में गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हीमोग्लोबिन और पेट की जांच के साथ गर्भस्थ शिशु की भी जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, पेंटा, खसरा और डीपीटी बूस्टर डोज के टीके लगाए जाते हैं। वहीं 10 से 16 वर्ष तक के किशोर- किशोरियों को टीडी, डिप्थीरिया और टिटनेस का टीकाकरण किया जाता है। कैंप से एक दिन पहले बुलावा टीम द्वारा पात्र लाभार्थियों को घर-घर जाकर बुलावा पर्ची दी जाती है, जिसके आधार पर उनका टीकाकरण किया जाता है। इस कैंप में एएनएम आबिदा खातून, आशा कार्यकत्री अमलेश आदि मौजूद रहे।

# शब-ए-कद्र की मुबारक रात पर रूहानी माहौल

## मस्जिदों में नात-ए-रसूल, इबादत और दुआओं से गूंजा स्योहारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** इस्लाम धर्म की सबसे बरकत और रहमत वाली रात शब-ए-कद्र नगर में पूरी अकीदत एहतराम और शांतिपूर्वक माहौल में मनाई गई। इस मुबारक रात को लेकर नगर की मस्जिदों में इबादत तिलावत-ए-कुरआन, नात-ए-रसूल और दुआओं का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। हर तरफ दीनी और रूहानी फिजा देखने को मिली शबे कद्र के मौके पर बच्चों और युवाओं में दीन से जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से नगर की विभिन्न मस्जिदों में दीनी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नात-ए-पाक कलमे और दीनी तकरीरें पेश कर लोगों का दिल जीत लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में इस्लामी जज्बा और अखलाक को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

मौहल्ला शेखान स्थित मस्जिद में भी शबे कद्र के अवसर पर विशेष दीनी जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा पेश की गई नात-ए-शरीफ ने पूरे माहौल को और भी रूहानी बना दिया। इस दौरान बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को उलमा-ए-किराम की ओर से सनद और इनाम देकर हौसला-अफजाई की गई। इस मौके पर उलमा-ए-किराम ने अपने खिताब में कहा कि शबे कद्र सिर्फ इबादत की रात ही नहीं, बल्कि अपने गुनाहों से तौबा करने, अपने किरदार को बेहतर बनाने और समाज में अमन व भाईचारा कायम रखने की रात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम देना भी बेहद जरूरी है, ताकि वे समाज के लिए एक बेहतर इंसान बन सकें। शबे कद्र की रात को लेकर नगरवासियों में खास उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग अपने मरहूम अजीज-ओ अकारिब के लिए ईसाल-ए-सवाब पेश करने कब्रिस्तान पहुंचे, जहां उन्होंने फातिहा पढ़कर उनके मगफिरत और जन्नत में आला मुकाम के लिए दुआएं कीं। कब्रिस्तानों में भी पूरी शांति और एहतराम का माहौल बना रहा। नगर की सभी मस्जिदों में मुल्क की खुशहाली, तरक्की, अमन ओ अमान, आपसी भाईचारे और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए सामूहिक दुआएं कराई गई। साथ ही यह संदेश दिया गया कि सभी मजहब के लोग मिल-जुलकर देश की तरक्की में अपना योगदान दें। कार्यक्रमों में मौलाना शुएैब अहमद, मौलाना मौहम्मद शादाब, कारी मौहम्मद मुदस्सिर, मुफ्ती फरमान, मौलाना रिजवान, मौलाना रईस, मस्जिद के सदर नईम अहमद, हाजी वजीहुद्दीन, रियाज उर्फ प्रिंस जमाल, कफील अहमद, जहीर अहमद, नफीस अहमद समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# बल्दिया में खुलेआम अवैध खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव बल्दिया में प्रशासनिक अनुमति की आड़ में अवैध खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। खनन माफिया खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मिट्टी व अन्य खनिजों का खनन कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत के बिना इस स्तर पर खनन संभव नहीं है। खनन कार्य में लगे अधिकांश ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर न तो नंबर प्लेट लगी है और न ही ग्रीन नेट, जो कि परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन है। बिना ग्रीन नेट के खनन सामग्री ढोने से उड़ती धूल राहगीरों और ग्रामीणों की आंखों में जा रही है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है और आंखों से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, भारी वाहनों के लगातार आवागमन से नगर और ग्रामीण संपर्क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई स्थानों पर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, मगर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। उधर इस मामले में उप जिलाधिकारी रितु रानी ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

# दिनदहाड़े चाकुओं से गोदकर महिला की हत्या

## गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपी के घर में की तोड़फोड़


अमरोहा। महिला की हत्या के बाद हंगामा करती महिलाओं को शांत कराने का प्रयास करती पुलिस।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दावत खाकर घर लौट रही एक महिला की रास्ते में रोककर राशन डीलर के बेटे ने चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात से गांव में सनसनी फैल गई और गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। सूचना पर कई थानों की पुलिस व पीएसी मौके पर पहुंची। घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- दावत खाकर लौट रही थी महिला,
- राशन डीलर के बेटे ने सरेराह चाकुओं से किया हमला,
- एसपी-एएसपी समेत कई थानों की पुलिस ने संभाली स्थिति

घटना क्षेत्र के गांव पचोकरा की है। यहां मृतका रूबी गांव में रहने मजदूर नरेंद्र सिंह की पत्नी है। परिवार में तीन बच्चे लवीश (11 वर्ष), नकुल (9 वर्ष) व नैना (7 वर्ष) हैं। बुधवार दोपहर में गांव के रहने वाले गुड्डू के घर पर उनके बेटे की लग्न का कार्यक्रम था वहीं गांव में ही अजय के बेटे लकी की बारात जा रही थी। बताया जा रहा है कि रूबी लगभग 12 बजे गुड्डू के घर से दावत खा कर घर लौट रही थी। जैसे ही वह राशन डीलर ब्रजपाल के घर के सामने से गुजरी तो राशन डीलर के बेटे धीरज ने उसे रास्ते में घेरकर रोक लिया, नोंकझोंक के बीच उसने एकाएक ही चाकू घोंप कर उसकी हत्या कर दी। हमले में लहूलुहान रूबी ने मौके पर तड़पते हुए दम तोड़ दिया। वारदात अंजाम देकर आरोपी भागकर अपने ही घर में बंद हो गया। रूबी की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। गुस्साए परिजनों ने आरोपी के घर व घेर में घुसकर हमला कर दिया। कार, बाइक व ई-रिक्शा में तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलते ही एसपी अमित कुमार आनंद, एसएपी अखिलेश भदौरिया व कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी आ गई। हंगामा करने वाले परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन गुस्साई भीड़ ने किसी सूरत शव नहीं उठने दिया। इसके बाद पूर्व मंत्री सोमपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह, विधायक चौधरी समरपाल सिंह, पालिकाध्यक्ष शशि जैन के बेटे निखिल जैन, जितेंद्र सिंह एडवोकेट भी मौके पर पहुंचे, लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन माहौल गरमाता रहा। शाम में करीब साढ़े बजे पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

### तनाव के चलते गांव में पीएसी तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दिनदहाड़े हुई महिला की चाकू मारकर हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। दोपहर के समय जब गांव में शादी-समारोह को लेकर चहल-पहल थी, उसी दौरान हुई इस वारदात ने लोगों को सन्न कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वारदात की सूचना फैलते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। हालात बिगड़ते देख पुलिस को कई थानों की फोर्स के अलावा पीएसी बुलानी पड़ी।







# महिला की हत्या को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

## कहीं प्रेम प्रसंग ,तो नहीं हत्या की वजह!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गांव पचोकरा में रूबी की हत्या किस कारण हुई इसको लेकर पुलिस गहरी जांच पड़ताल में जुटी है। कुछ ग्रामीण हत्या को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं जबकि पुलिस की जांच भी इसी ओर आगे बढ़ रही है।

बुधवार को देहात थाना क्षेत्र के गांव पचोकरा में एक महिला की युवक ने दिनदहाड़े उस समय हत्या कर दी जब वह गांव में दावत खाकर अपने घर लौट रही थी। आरोपी अपने घर में जाकर घुस गया। जिस पर मृतक पक्ष के लोग वहां पहुंच गये तथा घर में तोड़फोड़ कर युवक को हवाले करने की जिद पर अड़ गये। उधर सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी, चेयरमैन शशि जैन के पुत्र, बसपा जिलाध्यक्ष को साथ लेकर मौके पर पहुंचे तथा मृतक पक्ष को आश्वास्त किया कि जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। तब कहीं जाकर मृतक पक्ष के लोगों ने शव को उठने दिया। इस मामले में ग्रामीण दबी जबान चर्चा कर रहे हैं कि हत्या का कारण प्रेम प्रसंग तो नहीं। पुलिस की जांच भी इस ओर आगे बढ़ रही है।

### तीन मासूमों के सिर से उठा मां का साया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मां की बेरहमी से हुई हत्या ने तीन मासूम बच्चों की दुनिया उजाड़ दी। 11 वर्षीय लवीश, 9 साल का नकुल और 7 साल की नैना को अभी यह भी ठीक से समझ नहीं आ रहा कि उनकी मां अब कभी लौटकर नहीं आएगी। मां के इंतजार में बच्चों की आंखें दरवाजे पर टिकी रहीं, लेकिन घर लौटी तो सिर्फ चीख-पुकार और मातम। ग्रामीणों के मुताबिक, रूबी ही बच्चों की देखभाल और परवरिश का पूरा सहारा थीं। मजदूरी करने वाले पिता नरेंद्र सिंह के लिए अब बच्चों को संभालना बड़ी चुनौती बन गया है। घटना के बाद से तीनों बच्चे सदमे में हैं और बार-बार मां को पुकारते नजर आए। गांव में हर किसी की जुबान पर बस एक ही सवाल है कि इन मासूमों का कसूर क्या था? मां की मौत ने न सिर्फ एक परिवार, बल्कि तीन मासूम जिंदगियों को भविष्य भी अंधेरे में धकेल दिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, रकम व गहने भी ऐंठे

## मुस्लिम युवक ने स्वयं को हिन्दू जाट बनाकर युवती को दिया धोखा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक युवक ने एक युवती से सोशल मीडिया के माध्यम से नजदीकी बढ़ाई और अपना धर्म छिपाकर स्वयं को हिन्दू बताते हुए शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर गर्भपात की दवा खिलाई। युवती से अपना धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाब बनाया और अश्लील फोटो व वीडियो प्रसारित करने का भय दिखाकर युवती से कई बार रूपये भी ऐंठे। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी और उसके दोस्त के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

- मुख्य आरोपी व दोस्त के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

जानकारी के अनुसार के मोहल्ला विजय नगर निवासी साहिल नामक युवक ने खुद को 'हिंदू जाट' बताकर स्नैपचौट पर नगर निवासी एक युवती से दोस्ती पिछले वर्ष दोस्ती की थी। उसने हिन्दू देवी-देवताओं की कसमें खाकर युवती से शादी करने की बात कही। जिसके बाद उसने एक साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया। जब युवती गर्भवती हुई, तो आरोपी ने धोखे से उसे गर्भपात की दवा खिला दी। आरोपी ने पीड़िता से जरूरत बताकर गहने और नकदी भी ठग लिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब साहिल के फोन पर उसकी पत्नी का कॉल आया। इससे पीड़िता को पता चला कि साहिल पहले से शादीशुदा है और दूसरे समुदाय से संबंध रखता है। साहिल के दोस्त ने भी युवती को उसके अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार रकम ऐंठी। भेद खुलने पर आरोपी ने पीड़िता पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी। कहा कि यदि वह हिन्दू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाएगी तभी उससे शादी करेगा अन्य जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में गजरौला प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी साहिल पुत्र रुक्मुद्दीन और उसके साथी जुनेद पुत्र कमरुद्दीन निवासगण मुहल्ला विजय नगर, गजरौला के विरूद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है, शीघ्र ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# पत्नी से नाराज मजदूर ने फांसी लगाकर जान दी

## बिना कानूनी कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पत्नी से नाराजगी होने के चलते मजदूर ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बिना कानूनी कार्रवाई के लाश का दफिना कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र की चौकी के अंतर्गत पड़ने वाले एक गांव में मजदूर का पत्नी से विवाद हो गया था। इसी के चलते पत्नी कई दिनों पहले अपने मायके में जाकर रह रही थी। बताया जाता है कि पति ने कई बार मोबाइल पर पत्नी को घर आने के लिए बातचीत की थी। बुधवार को मजदूर ने मोबाइल पर पत्नी से आने के लिए कहा लेकिन जब उसने कोई इस पर जवाब नहीं दिया तो मजदूर ने इसे अपने दिल पर ले लिया। दोपहर 2:00 बजे के समय मजदूर के भतीजे ने उसकी लाश को कमरे में लटका हुआ देखा तो उसने परिवार के अन्य लोगों को बताया। कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। फांसी के फंदे पर लटके हुए मजदूर को परिवार के लोगों ने नीचे उतार लिया। सूचना मिलते ही पर रोती बिलखती पत्नी भी घर आ गई। बिना कानूनी कार्रवाई किये हुए मजदूर के जनाजे को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख ठगे

## पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में भारतीय सेना में माली की नौकरी दिलाने और स्पोर्ट्स कोटे का झांसा देकर एक महिला और उसके परिवार से 15,67,000 की बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल,पीड़िता मानवती देवी पत्नी बलवीर सिंह निवासी ग्राम सतेड़ा ने बताया कि दिसंबर 2024 में उनके बड़े बेटे के परिचित लखीराम उर्फ लक्की ने घर आकर दावा किया कि उसका साथी सुनील कुमार सेना में माली की नौकरी लगवा सकता है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लालच में आकर मानवती देवी आरोपियों के जाल में फंस गई। इसके बाद सुनील कुमार निवासी हापुड़)और अनूप निवासी लखनऊ ने लखीराम के साथ मिलकर पीड़िता के घर आकर मुलाकात की और दोनों बेटों, जसवंत और बुद्धसेन की नौकरी पक्की कराने का सौदा 15 लाख में तय किया। ठगी को असली रूप देने के लिए आरोपियों ने जसवंत को लखनऊ और बुद्धसेन को दिल्ली बुलाया। वहां उन्हें किराए के कमरों में रखा गया और रोज किसी सरकारी इमारत के बाहर ले जाकर यह बहाना बनाया जाता कि आज अधिकारी नहीं आये हैं। इस दौरान आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत भारतीय सेना के फर्जी लेटरहेड का उपयोग किया।नकली मोहरें और लिफाफे तैयार किए। इसके बाद पीड़िता को डाक के माध्यम से फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर भेजे ताकि परिवार को उनकी असलियत पर शक न हो। आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में नगद और बैंक ट्रांसफर के जरिए कुल 15,67,000 हड़प लिए। अगस्त 2025 में जब बेटों ने खुद जांच-पड़ताल की, तब उन्हें पता चला कि वे पेशेवर ठगों का शिकार हुए हैं। दबाव बनाने पर आरोपियों ने 25 दिसंबर 2025 तक पैसा लौटाने का लिखित आश्वासन भी दिया। लेकिन वे मुकर गये। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी लखीराम, सुनील कुमार और अनूप के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

# छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे लोनी विधायक

## तीन दिन पहले महिला ने खोखा संचालक पर लगाया था छेड़खानी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** 3 दिन पहले महिला के साथ हुई छेड़छाड़ का मुकदमा न होने के कारण लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कोतवाली पहुंचकर नाराजगी व्यक्त कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को लेकर आला अफसरो से फोन पर बात की है।

- पीड़ित महिला व कालोनी के लोगों ने दी पलायन की धमकी, मांगी इच्छा मृत्यु






नगर के रहरा रोड से सटी गोकुलधाम में तीन दिन पहले महिला ने एक खोखा संचालक पर छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया था। इसी को लेकर बुधवार की शाम लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर कोतवाली पहुंच गये। उन्होंने इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज न होने पर नाराजगी व्यक्त कर जिला अधिकारी श्रीमति निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द से फोन पर बातचीत कर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पीड़ित महिला व कालोनी के लोगों ने पलायन करने के साथ ही इच्छा मृत्यु के पोस्टर भी हाथों में उठाकर विरोध जताया था। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इस मामले में पुलिस का रवैया ठीक नहीं है जब तक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हो जायेगा तब तक वह थाने में ही बैठे रहेंगे। कुछ देर बाद पुलिस मुकदमा लिखने की तैयारी में जुट गई। इस दौरान घंटों तक कोतवाली में विधायक नंद किशोर गुर्जर के साथ गुर्जर समाज के लोग मौजूद रहे।

## शाबान का महीना अफजल, हर नेकी का सवाब बढ़ जाता है: मुफ्ती अफ्फान

# सुन्नतों पर अमल और बच्चों की सही तरबियत जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शब-ए-बरआत के सिलसिले में मुस्लिम कमेटी अमरोहा के संयोजन में आयोजित महफिल-ए-शबे नूर में उलेमाओं ने शबे-बारात की फजीलत बयान करते हुए इसे तौबा और अल्लाह की रहमत हासिल करने वाली रात बताया।

- शबेबारात पर मुस्लिम कमेटी की ओर से महफिले शबे नूर का आयोजन



मंगलवार रात शहर के मोहल्ला कोट स्थित अनार वाली ज्यारत पर आयोजित जलसे का आगाज कारी मोहम्मद आसिम व कारी मोहम्मद हाशिम ने तिलावते कुरआन-ए-पाक से किया। इसके बाद मिर्जा जुबैर इब्ने सैफी, मोहम्मद अब्दुल्ला व मुफ्ती मोहम्मद नौशाद ने बारगाहे रिसालत में नातिया कलाम पेश किया। जलसे में तकरीर करते हुए आलिम-ए-दीन हजरत मौलाना मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने शबे-बारात की फजीलत बयां की। उन्होंने कहा कि यह रात बेशुमार रहमत, बरकत और मगफिरत वाली है। उन्होंने बताया कि इस रात अल्लाह तआला अपने बंदों की दुआएं खास तौर पर कबूल फरमाता है और गुनाहों की माफी अता करता है। इस रात को हमें अपने गुनाहों की माफी मांगना चाहिए लेकिन कुछ लोग इस रात में आतिशबाजी जैसी खुराफात में गुजार देते हैं। इस दौरान उन्होंने शादियों में फिजूल खर्च को रोकने पर भी जोर दिया। कहा कि फिजूलखर्च के कारण ही मुसलमान पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने सलाह दी कि फिजूल खर्ची न करके अपने आसपास गरीबों की मदद करें। दारुल उलूम जामा मस्जिद अमरोहा के उस्ताद हजरत मुफ्ती रिफाकत हुसैन ने अपनी तकरीर में रसूले खुदा की सुन्नतों पर पाबंदी से अमल करने ताकीद की तथा बच्चों की तरबियत और परवरिश पर खास ध्यान देने की बात कही। उन्होंने फरमाया कि शब-ए-बारात ही नहीं बल्कि शाबान का पूरा महीना अफजल है। बताया कि अल्लाह के रसूल फरमाते हैं की शाबान मेरा महीना है। रजब अल्लाह का महीना है और रमजान मेरी उम्मत का महीना है। जलसे की अध्यक्षता दारुल उलूम इस्लामिया अरबिया जामा मस्जिद के नायब मोहतमिम मुफ्ती मोहम्मद हमजा अब्बासी और संचालन मुफ्ती मोहम्मद सालिम ने किया। आखिर में मुल्क-ओ-मिल्लत की सलामती की खातिर दुआ कराई गई। इस दौरान कमेटी के सदर इकबाल अहमद खां, असलम उस्मानी, मंसूर एडवोकेट, डॉ.अफसर परवेज, हाजी मुजफ्फर अंसारी, अब्दुल कय्यूम राईनी, ओवैस रिजवी, सरताज आलम मंसूरी, फैज आलम राईनी, कमर नकवी, अली इमाम रिजवी, मरगूब सिद्दीकी, फहीम शाहनवाज, वहाब सैफी, मोहम्मद हुसैन एडवोकेट, यासिर अंसारी, मुराद आरिफ एडवोकेट, नईमुल हक आदि मौजूद रहे।

# कहीं हसनपुर में जमीन तो नहीं तलाश रहे नंदकिशोर

## राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर को एक मामूली सी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आखिर हसनपुर क्यों आना पड़ा। इसके पीछे का कारण कहीं यह तो नहीं वह यहां चुनाव लड़ने की जमीन तो नहीं तलाश रहे।

दरअसल रहरा रोड की एक महिला ने तीन दिन पहले खोखा संचालक पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। खाकी ने जब इस घटना की सच्चाई जानने की कोशिश की तो पता लगा कि दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही है। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सवाल उठता है कि अमरोहा में भाजपा से सांसद कंवर सिंह तंवर, हसनपुर के विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी व धनौरा के विधायक राजीव तरारा व शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो सत्तारूढ पार्टी से जुड़े हैं। केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार है। विपक्ष लगातार प्रशासन पर सत्तारूढ पार्टी के नेताओं के दबाव में काम करने का आरोप लगाता रहा है। जनपद में किसी भी भाजपा के वोटर को इंसाफ दिलाने के लिए यह सब काफी हैं। परन्तु अपनी बिरादरी की महिला को इंसाफ दिलाने के लिए लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर को यहां आना पड़ा। इसके पीछे कई कारण गिनाये जा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि इस बार लोनी में विधायक का भारी विरोध है इसलिए वह अपनी सीट बदलने के लिए आतुर हैं। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में बीस हजार गुर्जर वोटर हैं। कहीं नंद किशोर गुर्जर हसनपुर से चुनाव लड़ने की तैयारी तो नहीं कर रहे!

## खेल विशेष

### हर सफर में दम है के साथ नजर आएंगे क्रिकेट के सितारे

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य स्पॉन्सर अपोलो टायर्स ने आज अपना नया ब्रांड कैंपेन, 'हर सफर में दम है शुरू किया। इस कैंपेन में क्रिकेट आइकन तेंदुलकर के साथ टीम इंडिया के क्रिकेटर विराट को. हली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, गिल और अर्शदीप ऑफिशियल टीम इंडिया जर्सी में नजर आएंगे। एक भावुक ब्रांड फिल्म के साथ चलाया जा रहा यह कैंपेन भारतीय क्रिकेट की चिरस्थाई भावना और अपोलो की फिलॉसफी के बीच समानता को पेश करता है। मशहूर फिल्म निर्माता, अभिनय देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ए-आर-रहमान के प्रतिष्ठित गीत, 'मां तुझे सलाम' के साथ इन चारों क्रिकेटरों के बचपन से लेकर अब तक का सफर और उनके परिवारों को दिखाया गया है, जिन्होंने उनके क्रिकेटर बनने का सपना सच करने के लिए हर मुश्किल का सामना किया, पर देश के गौरव को हमेशा सबसे ऊपर रखा। इस फिल्म में ना केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक सपना दिखाया गया है, बल्कि यह गौरव अर्जित करने, उसे कायम रखने और अपने जीवन में उसे बनाए रखने के लिए जरूरी स्टैंडर्ड, अनुशासन और दृढ़ता को भी पेश किया गया है। इस फिल्म में इन क्रिकेटर्स के बचपन से लेकर टीम इंडिया की जर्सी पहनने तक उनका साहसी सपना सच होने की कहानी दिखाई गई है कि वो किस प्रकार लाखों लोगों की भावनाओं को ना केवल अपनी प्रतिभा के बल पर, बल्कि सबसे अच्छा बनने की प्रतिबद्धता के साथ दुनिया के मंच पर ले गए। इस कहानी के साथ-साथ दिग्गज क्रिकेटर और अपोलो टायर्स के ब्रांड एंबेसडर, सचिन तेंदुलकर को भी दिखाया गया है। वो क्रिकेटर्स की कई पीढ़ियों और लाखों भारतीयों की प्रेरणा हैं, वो उस स्थाई विरासत, मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो आज भी भारतीय क्रिकेट को परिभाषित करते हैं।

# भारत-पाक मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली



● कहा: दुनियाभर के फैंस भारत-पाक मैच का बेसब्री से इन्तजार रह रहैं है

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच होना चाहिए, क्योंकि दुनिया भर में फैंस इस मैच का बेसब्री से इन्तजार कर रहे हैं। क्रिकेट के लीजेंड ब्रेट ली ने मिडिल ईस्ट में क्रिकेट स्टोरीटेलिग के एक नए दौर की शुरुआत की, मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट के पहले एपिसोड में उन्होंने बोल्ड बयान, बेखौफ भविष्यवाणियां और एक्सपर्ट इनसाइट दीं, साथ ही मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर अनीस साजन भी थे। इस एपिसोड ने मीडिया ग्रुप के लिए पॉडकास्ट स्टूडियो का ऑफिशियल उद्घाटन भी किया। शो के सबसे दमदार पलों में से एक तब आया जब ब्रेट ली ने क्रिकेट की सबसे मशहूर दुश्मनी के बारे में कहा कि मुझे सच में उम्मीद है कि इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच होगा।

मुझे उम्मीद है कि उन्हें मौका मिलेगा। दुनिया भर के अरबों फैन्स इस मैच का इंतजार करते हैं। यह बात दुनिया भर के फैन्स के दिलों में तुरंत बैठ गई, जिससे दुश्मनी के कल्चरल और कमर्शियल लेवल को और पक्का किया गया।

**बातचीत की खास बातें:** सुपर 8 के लिए ब्रेट ली की टूर्नामेंट की भविष्यवाणी, जो सेमी फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे जब दुनिया आने वाले इंटरनेशनल टूर्नामेंट पर फोकस कर रही थी, तो ली ने अपनी एक्सपर्ट राय शेयर की, आपको इंडिया, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ जाना होगा। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट के लिए मेरे डार्क हॉर्स हैं।

**वर्ल्ड कप विनर:** उन्होंने भविष्यवाणी की कि अहमदाबाद में इंडिया के खिलाफ फाइनल में ऑस्ट्रेलिया जीतेगा। ऑस्ट्रेलिया के पास बड़े टूर्नामेंट के लिए बैलेंस, अनुभव और जीतने का माइंडसेट है। इंडिया बनाम पाकिस्तान: किसका पलड़ा भारी है?

**कागज पर पसंदीदा: इंडिया**
**वाइल्डकार्ड: पाकिस्तान**

इंडिया और पाकिस्तान में से किसी एक को चुनना ऐसा है जैसे कोई कहे: 'तुम्हारा पसंदीदा बेटा कौन है? चुनना मुश्किल है क्योंकि दोनों ही शानदार टीमें हैं। चलो इस पर से पॉलिटिक्स हटाते हैं। मैं सिर्फ क्रिकेट के बारे में सोच रहा हूं। अगर आप दोनों टीमों को देखें, तो आपको कहना होगा, कागज पर, इंडिया ज्यादा मजबूत है, सिर्फ क्रिकेट के नजरिए से। और मुझे सच में उम्मीद है कि मैच होगा। मुझे सच में उम्मीद है कि उन्हें मौका मिलेगा, क्योंकि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। जब इंडिया और पाकिस्तान एक-दूसरे के साथ खेलते हैं तो पूरी दुनिया देखती है। जिन क्रिकेटरों पर नजर रखनी चाहिए

टूर्नामेंट का सबसे अच्छा बॉलर - वरुण चक्रवर्ती मैं उस खिलाड़ी को चुनना चाहता हूं जो इस टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट ले सकता है, वरुण चक्रवर्ती। मुझे लगता है कि यह उसकी जदिगी का सबसे अच्छा समय है, उसका फॉर्म इस बार कैसा होगा, ऐसे विकेट जो उसके लिए सही होंगे। जिस तरह से वह बैट्समैन को परेशान कर सकता है। मुझे लगता है कि यह उसके लिए तय है। यह उसका वर्ल्ड कप है।

सबसे ज्यादा रन बनाने वाला - सूर्यकुमार यादव- मेरे लिए यह सूर्यकुमार यादव हैं, स्काई ही लिमिट है

पेस अभी भी टूर्नामेंट क्यों जिताता है- तेज बॉलिग खेल के सबसे रोमांचक हिस्सों में से एक है और मुझे लगता है कि डेथ ओवरों में स्पिनरों को मारना आसान होता है। बैट्समैन स्पिन और मीडियम पेस के खिलाफ सच में चालाक हो रहे हैं लेकिन प्योर पेस तो प्योर पेस ही होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा फॉर्मेट खेल रहे हैं, टेस्ट, वनडे या टी-20 तेज बॉलरों में जसप्रीत बुमराह एक अजीबोगरीब गेंदबाज हैं। वह बहुत अच्छा है। काश मैंने बुमराह के साथ खेला होता और काश वह मेरी टीम में होता क्योंकि वह बहुत अच्छा है।

## सचिन ने मुंबई के रणजी खिलाड़ियों को किया प्रेरित



**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने आज मुंबई रणजी टीम से बात की और उन्हें आने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल की तैयारी के लिए मोटिवेट किया, जो बीकेसी के एमसीए ग्राउंड पर होगा।

सचिन ने मुंबई टीम के ड्रेसिंग रूम में बाकायदा खिलाड़ियों से बात की और उन्हें बताया कि उन्हें मैदान पर क्या करना चाहिए। मुंबई की टीम रणजी ग्रुप डी में सात मैच में चार जीत और तीन ड्रा के साथ 33 अंक लेकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका मुकाबला कर्नाटक से मुंबई में होगा। शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे।

ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है। मुंबई टीम इस प्रकार है:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सिद्धेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मो. हित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

## मौजूदा भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम: धोनी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि मौजूदा समय में भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम है और शनिवार से शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप 2026 में वह सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी।

धोनी ने एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक अच्छी टीम के लिए जो कुछ भी चाहिए, सब कुछ इसमें मौजूद है। विशेष रूप से इस प्रारूप में इनके पास अनुभव की कोई कमी नहीं है। उन्होंने दबाव में खेला है। टीम में जो भी खिलाड़ी जिस भी भूमिका में है, वह उस भूमिका को काफी समय से निभाता आ रहा है। धोनी के इस भरोसे की आंकड़े भी गवाही देते हैं। पूर्व चैंपियन भारतीय टीम ने अक्तूबर 2023 से अब तक खेले गए टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 51 बार जीत का स्वाद चखा है, जबकि आठ मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। टीम की ताकक उसकी विस्फोटक बल्लेबाजी है, जहां बड़े-बड़े सिक्सर जड़ने वाले खिलाड़ी



● टी-20 विश्व कप 2026 में वह सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी

मौजूद हैं। गेंदबाजी में भी भारत का पलड़ा भारी है। भारत के पास जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती जैसे दो सबसे अच्छे गेंदबाज मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जो चीज मुझे परेशान करती है, वह है ओस। मुझे ओस बिल्कुल पसंद नहीं है। ओस बहुत कुछ बदल देती है। जब मैं स्वयं खेलता था, तब भी ओस से सबसे अधिक डर लगता था।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज भी जीती

● सैम करन ने 58 रन और जैकब बेथल चार विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई




**श्रीलंका, वार्ता।** सैम करन (58) की अर्द्धशतकीय पारी के बाद जैकब बेथल (चार विकेट) और विल जैक्स (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 12 रनों से शिकस्त दी। इसी साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। जैकब बेथेल ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर महीश तीक्षणा (दो) को आउटकर 116 के स्कोर पर श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। पुथुम निसंका (23), जनित लियानगे (17), कामिडु मेंडिस (14) और पवन रत्नायके 13 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने जहां शुरुआती विकेट लिए वहीं बेथल ने अपनी आखिरी आठ गेंदों में चार विकेट लेकर श्रीलंका की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इस फैसला इंग्लैंड के लिए घातक हुआ और उसके बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे संघर्ष करते नजर आए। जॉस बटलर (25) को छोड़कर उसके शुरुआत चार बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सैम करन ने बटलर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में महीश तीक्षणा ने बटलर को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद दुश्मांता चमीरा ने इंग्लैंड के निचले बल्लेबाजी क्रम को तहस नहस कर दिया। केवल सैम करन ही जुझारू अर्धशतकीय पारी खेल सके। सैम करन ने 48 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 58रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और इंग्लैंड के स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 128 तक पहुंचाया।

## हितेश, प्रीति ने दिलाई जबरदस्त शुरुआत



● भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया 70 किग्रा और प्रीति 54 किग्रा ने शानदार प्रदर्शन किया

**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने बॉक्सम एलिट इंटरनेशनल मुक्केबाजी 2026 में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की, इस मशहूर टूर्नामेंट के पहले दिन कई शानदार प्रदर्शन किए, जिसमें 21 देशों के 214 बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं। भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया (70किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन किया, दोनों ने शानदार जीत हासिल की और भारत ने कई वेट कैटेगरी में जीत हासिल की। हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा के एलीट मुकाबले में पूरा कंट्रोल रखा, उन्होंने नीदरलैंड्स के फिन बोस को 5:0 के बड़े अंतर से हराया। शांत, सधे हुए और तेज, इस भारतीय ने अपनी खास रिग इंटेलिजेंस और टाइमिग का प्रदर्शन करते हुए शुरू से आखिर तक मैच पर कब्जा कर लिया। इससे पहले, प्रीति ने एलीट महिलाओं के 54किग्रा डिवीजन में कजाकिस्तान की आलियास्कर सिम्बत पर 5-0 से शानदार जीत हासिल करके माहौल बनाया। उन्होंने अपने तेज कॉम्बिनेशन और डिसिप्लिन्ड डिफेंस का इस्तेमाल करके अपनी विरोधी को पूरी तरह से हरा दिया। भारत की महिलाओं ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें प्राची (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा) और काजल (65किग्रा) सभी शानदार तरीके से आगे बढ़ीं। प्राची और प्रिया ने क्रमश: स्पेन की वेनेसा मोरेल रामिरेज और कनाडा की एलेसिया मानसुएटो पर 5-0 से एक जैसी जीत हासिल की, जबकि काजल ने एक कड़े मुकाबले में कजाकिस्तान की असेम तनातर को 4-1 से हराया। पुरुषों के ड्रॉ में, भारत ने लगातार पक्के प्रदर्शन से दबाव बनाया। सचिन (60किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से हराया, जबकि मोहम्मद हुसैन उद्दीन (60किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुकदे. मिर को 4-1 से हराया। अभिनाश (65किग्रा) ने डेनमार्क के कलीद पर 5-0 से क्लीन जीत हासिल करके सबको इम्प्रेस किया, और दीपक (70किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल के खिलाफ 4-1 से सॉलिड जीत हासिल की। आकाश (75किग्रा) और अंकुश (80किग्रा) भी 4-1 से जीत के साथ आगे बढ़े, हालांकि आदित्य (65किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गए।

## शुअर्ड ने फिटनेस व टीम में एकजुटता पर जोर दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम के चीफ कोच शुअर्ड मरिने , जो चार साल के ब्रेक के बाद दिसम्बर 2025 में महिला प्रोग्राम में लौटे थे, ने इस बात पर जोर दिया है कि उनका अभी का फोकस अच्छी तरह से तय है।

लॉस एंजेलिस ओलंपिक साइकिल में बड़े असाइनमेंट पर नजर रखते हुए, डचमैन ने टीम में मजबूत केमिस्ट्री बनाने और साथ ही पूरी टीम में फिटनेस स्टैंडर्ड को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया है। शुअर्ड मरिने ने साई को बताया कि अभी हमारी पहली प्राथमिकता फिटनेस है, जो हमारे लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही, हमारा फोकस एक साथ आने और एक मजबूत यूनिट के तौर पर काम करने पर है। ष्वहां से, हम टेक्नीक जैसी बाकी सभी चीजों पर काम कर सकते हैं। महिला टीम की नजरें हैदराबाद में 8-14 मार्च तक होने वाले महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर, एशियन गेम्स 2026 और एलए 2028 ओलंपिक साइकिल में आने वाले बड़े कॉम्पिटिशन पर हैं। मरिने, जिनके गाइडेंस में भारतीय महिला टीम ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया, ने बेंगलुरु में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के रीजनल सेंटर में चल रहे नेशनल कोचिग कैंप की जिम्मेदारी तुरंत संभाल ली, जो 18 फरवरी तक चलेगा। कैंप में शुरू में 49 खिलाड़ी थे - 43 सीनियर और छह जूनियर - इससे पहले हॉकी इंडिया द्वारा किए गए सिलेक्शन ट्रायल के बाद ग्रुप को घटाकर 29 कर दिया गया था। इंडियन टीम के साथ ट्रेनिग के पिछले कुछ हफ्तों को याद करते हुए, मरिने ने कहा कि हम अभी भी एक-दूसरे को जान रहे हैं। हालांकि मैं पहले के कुछ खिलाड़ियों को जानता हूं, लेकिन अभी तक सभी को मैं नहीं जानता।

## लंबे समय में, कोई भी पाक को मिस नहीं करेगा: कपिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने आने वाले वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करने के पाकिस्तान के फैसले की आलोचना की है।

इससे पहले, देश की सरकार ने टीम को टूर्नामेंट खेलने के लिए कहा था, हालांकि, उसने भारत के खिलाफ नहीं खेलने के लिए कहा। कपिल देव ने कहा कि अगर यह फैसला खिलाड़ियों की तरफ से आता, तो इस पर विचार किया जा सकता था, लेकिन जैसा कि यह बोर्ड की तरफ से आ रहा था, उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों की पीढ़ी खत्म हो जाएगी और यह भी कहा कि लोग उनसे आगे बढ़ जाएंगे। कपिल देव ने एक समाचार चैनल पर कहा कि अगर फैसला खिलाड़ियों ने लिया है, तो वे सामने आकर कह सकते हैं। लेकिन, अगर बोर्ड कहता है कि आप नहीं खेलेंगे, तो देश की रेप्युटेशन कम होती है। पाकिस्तान के लिए यह अच्छा नहीं लग रहा है। आप पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं। पाकिस्तान ने हमें



● कपिल देव ने आने वाले विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करने के पाक के फैसले की आलोचना की

इतने सालों में शानदार टैलेंट दिया है। लेकिन अगर आप इन लड़कों को वर्ल्ड कप में खेलने नहीं देंगे, तो आप पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं और खेल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आप अपने ही खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं। कपिल देव ने कहा कि अगर वे समय रहते भारत के खिलाफ मैचों का बॉयकॉट करते हैं, तो वे फैंस खो देंगे, और लोग उनसे आगे बढ़ जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि भावनाओं और दर्शकों पर असर पड़ेगा। लेकिन, लंबे समय में, कोई भी उन्हें मिस नहीं करेगा। लोग इसके बारे में लंबे समय तक नहीं सोचेंगे, और वे आखिरकार आगे बढ़ जाएंगे। दूसरी ओर, आईसीसी ने चेतावनी दी है कि इस तरह के फैसले का पाकिस्तान के क्रिकेट भविष्य पर असर पड़ेगा। आईसीसी की एक प्रेस रिलीज में लिखा है कि आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर इसके बड़े और लंबे समय तक चलने वाले असर पर विचार करेगा, क्योंकि इससे ग्लोबल क्रिकेट इकोसिस्टम पर असर पड़ने की संभावना है, जिसका वह खुद सदस्य और फायदा उठाने वाला है। रविवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा गया था कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है( हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी को भारत के खलिाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

## शिनोजादा और नियाजई के शतक अफगानिस्तान ने बनाए 310/4

● अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

**हरारे, वार्ता।** फैसल शिनोजादा (110 ) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर अफगानिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 विश्व. कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान सादत और खालिद अहमदजई की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। 13वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने खालिद अहमदजई को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। अहमदजई ने 39 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए फैसल शिनोजादा ने उस्मान सादत के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में कनिष्क चौहान ने उस्मान सादत को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान सादत ने 70 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 39 रन बनाए। फैसल शिनोजादा और उजैरुल्लाह नियाजई के बीच तीसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी हुई। 46वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने फैसल शिनोजादा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। फैसल शिनोजादा ने 93 गेंदों में 15 चौके लगाते हुए 110 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में कनिष्क चौहान ने अजिजुल्लाह मियाखिल (12) को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 310 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। नियाजई ने 86 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाए।

# नेमार वर्ल्ड कप टीम में वापसी के करीब



● फॉरवर्ड नेमार ने दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की सर्जरी के बाद से कोई मैच नहीं खेला

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सैंटोस के फॉरवर्ड नेमार चोट से वापसी के करीब हैं, क्योंकि वह ब्राजील की 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की को. शिश कर रहे हैं। 33 साल के नेमार ने दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद से कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन इस हफ्ते पूरी ट्रेनिग पर लौट आए हैं। बुधवार को साओ पाउलो के खिलाफ सैंटोस के घरेलू ब्राजीलियन सीरी ए मैच में उनके खेलने की उम्मीद कम है, हालांकि मैनेजर जुआन पाब्लो वोज्वोडा ने कहा कि वह बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार को जल्दबाजी में वापस नहीं लाएंगे। नेमार ने पिछले साल सभी कॉम्पिटिशन में सैंटोस के लिए 28 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 11 गोल किए और चार असिस्ट किए। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के कारण एक साल से ज्यादा समय तक बाहर रहने के बाद उनका कैंपेन चोटिल हो गया। ब्राजील के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर वर्ल्ड कप के लिए फिट होने के लिए समय के खिलाफ रेस में हैं, जो 11 जून से 19 जुलाई तक यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में चलेगा। उन्होंने दो साल से ज्यादा समय से अपने देश को रिप्रेजेंट नहीं किया है और ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने कहा है कि वह सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों पर विचार करेंगे जो अपने क्लब के लिए रेगुलर खेल रहे हैं।

## नेवेल्स का लक्ष्य मेसी की घर वापसी



**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी के बचपन के क्लब, नेवेल्स ओल्ड बॉयज ने अगले साल वर्ल्ड कप विनर को शॉर्ट-टर्म डील पर साइन करने का प्लान बताया है। अर्जेंटीना टीम के वाइस प्रेसिडेंट, जुआन मैनुअल मेडिना ने कहा कि क्लब ने 2024 से इस प्लान पर चर्चा की थी, लेकिन 38 साल के खिलाड़ी के साथ किसी भी सीधी बातचीत की डिटेल्स नहीं दी। मेडिना ने अर्जेंटीना के न्यूज आउटलेट टीएन को बताया कि हम 2027 के पहले हाफ में नेवेल्स के लिए लियो के खेलने पर काम कर रहे हैं, लेकिन अभी के लिए इससे ज्यादा कुछ नहीं है। मेसी ने 1995 में नेवेल्स में अपना यूथ करियर शुरू किया और 2000 के आखिर में 13 साल की उम्र में बार्सिलोना के साथ साइन किया। अभी उनका कॉन्ट्रैक्ट दिसम्बर 2028 तक इंटर मियामी के साथ है, जिसका मतलब है कि उन्हें एमएलएस क्लब से खास परमिशन लेनी होगी। मेडिना ने कहा कि यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो नेवेल्स से कहीं आगे है। यह रोसारियो शहर, प्रांत और अर्जेंटीना फुटबॉल के लिए एक प्रोजेक्ट है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि हम इंफ्रास्ट्रक्चर और एक कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट्स प्रोग्राम के मामले में क्या ऑफर कर सकते हैं।

## श्याम लाल कॉलेज (प्रात: ) और जेडीएम जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) ने किरोड़ी मल कॉलेज को 5-0 से हरा कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। महिला वर्ग में जानकी देवी महाविद्यालय (जेडीएम) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के लिए कोमल ने गोल किया और अंजलि को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। श्याम लाल कॉलेज (प्रातघ) की तरफ से नंदकिशोर ने दो और श्लोक, पंकज व हर्ष ने एक-एक गोल किया। नंदकिशोर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। अन्य मैचों में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 4-2 से मात दी। विजेता टीम के समकित को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। समकित, मनसमर, इंदरपाल और आयुष ने एक-एक गोल किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 5 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सदन में फिर हंगामा

यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश की संसद अब अपनी मर्यादा खोती जा रही है। अब यह जनता या देश-विदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए नहीं जानी जाती, बल्कि शोर-शराबे के लिए जानी जाती है। काफी समय से ऐसा ही नजारा संसद में देखने को मिल रहा है। दुख की बात यह है कि इस पर लगाम लगने के बजाए इसका और विस्तार होता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले की ही बात करें तो इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है। पिछले तीन दिन से जिस बात को लेकर हंगामा हो रहा है उसका कोई मतलब नहीं है। सोमवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ था जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा किया था कि लद्दाख में डोकलाम में घटी घटना के समय चीनी सैनिक भारतीय सेना में टैंकों के साथ घुस आए थे। ऐसा कहते हुए उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का हवाला दिया था। हालांकि यह किताब अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष ने उनके भाषण के समय विरोध किया था। सत्ता पक्ष का कहना था कि जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, उस पर सदन में नहीं बोला जा सकता। मंगलवार को हंगामे के समय विपक्ष के आठ सांसद भी निलंबित हो गए। बुधवार को भी नजारा मंगलवार के दिन से अलग नहीं रहा और चार बार संसदीय कार्यवाही बाधित रही। चर्चा की तो बात ही छोड़िए अब तो माननीयों का भाषा पर नियंत्रण खोता दिखाई दे रहा है। सादे पद अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं। बुधवार को राहुल गांधी वही किताब लेकर संसद पहुंचे जो पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने लिखी है। संसद में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। उन्होंने किताब का पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि पीएम ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित है लिखो। राहुल ने यह भी कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है देखिए यह रही वह किताब। इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पीएम मोदी में इतनी हिम्मत है वह आज यहां आएंगे और अगर आते हैं तो वह खुद उन्हें यह किताब सौंपेंगे। असल में बुधवार की सांय पांच बजे पीएम मोदी का प्रस्तावित संबोधन होना था, लेकिन वह टल गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी भी की। जिसमें वह कह रहे हैं कि पहले ही यह बात कह चुके थे कि पीएम मोदी लोकसभा में नहीं आएंगे। सीधी सी बात है कि यह स्थिति ठीक नहीं है। लोकतंत्र के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। आखिर संसद होती ही किसलिए है। यहां आप किसी से सहमत या सहमत हो सकते हैं, लेकिन अपनी बात कहने से कैसे रोक सकते हैं। विडंबना यह है कि यह भी एक परंपरा सी बनती जा रही है। जैसीकि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सत्ता पक्ष जानबूझकर ऐसे लोगों को आगे करता है, जो अनाप-शनाप बोलते हैं। जिससे हंगामा होता है।

## देश की जनता का निरादर



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है, मोदी सरकार मनमर्जी से काम कर रही है, जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है, जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में एक छपी हुई किताब से कोट नहीं करने दिया गया, वहीं भाजपा के निशिकांत दुबे छह किताबें लेकर बैठे हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है, ये स्पीकर के पद, संसद, लो. कतंत्र और देश की जनता का निरादर है, विपक्ष के नेता कोई एक व्यक्ति नहीं हैं- वे पूरे विपक्ष के प्रतिनिधि हैं, सरकार उन करोड़ों लोगों का मुंह बंद करना चाहती है, जिन्होंने विपक्ष को वोट दिया है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु



निर्मल रानी



पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोजर से ढहा दिए जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी जमीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूंकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम श्अब्दुल नईमश था इसलिए प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाए मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोजर उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे।

खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोजर चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नजर आए । उस पर ढिटाई यह कि जिला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोजर चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ इनकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग दो हजार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिए थे।

बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को विश्व गुरु बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी जोर जोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेजी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किए जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानतः लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिए गए या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिए गए। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किए जाने की खबर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफी संख्या में स्कूल बंद किए गए। स्कूल बंद करने के जो कारण बताए गए उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गई तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किए गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया।

इसी तरह कुछ राज्यों में नए निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। जाहिर है इससे गरीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड बिहार, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किए गए। निःसंदेह यह कदम खासकर गरीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90 प्रतिशत से ज्यादा मदरसा छात्र गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। जहां तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफरत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नजर डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जाएगी और यह महज एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फारसी का ज्ञान प्राप्त किया।

तभी वे फारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना श्जफर नामाश फारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फारसी और अरबी सीखी और एक फारसी अखबार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की।

भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां गैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व सिल्क लेटर मूवमेंट के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल, झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में गैर मुस्लिम गरीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा?


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या एआई चेटबॉट्स महामारी ला सकते हैं

**सभी डीएनए संश्लेषण कंपनियों और डीएनए प्रिंटरों के लिए ज्ञात रोग. जनकों और विषाक्त पदार्थों की आनुवंशिक सामग्री की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके साथ ही एकत्रित की जाने वाली किसी भी आनुवंशिक सामग्री की सुरक्षा जांच करना भी सभी अनुबंध अनुसंधान संगठनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।**

काफी समय से कुछ तकनीकी विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धि यानी एआई को मानवता के लिए खतरा बताते आए हैं। इस क्षेत्र में हुए हालिया विकास से प्रतीत होता है कि यह खतरा काफी नजदीक है। विशेषज्ञों का दावा है कि एआई बिना किसी वैज्ञानिक विशेषज्ञता वाले बदनीयत व्यक्ति को घातक वायरस डिजाइन करने में मदद कर सकती है।

मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के जैव सुरक्षा विशेषज्ञ केविन एस्वेल्ट ने हाल ही में अपने छात्रों को चैटजीपीटी या अन्य विशाल भाषा मॉडल की मदद से एक खतरनाक वायरस तैयार करने का काम दिया। मात्र एक घंटे में छात्रों के पास वायरसों की एक लंबी सूची थी और तो और, साथ में उन कंपनियों की भी जानकारी थी जो रोगजनकों के आनुवंशिक कोड को बनाने में मदद कर सकती थीं और इन टुकड़ों को जोड़ने वाली कुछ अनुसंधान कंपनियों के भी नाम थे। इन परिणामों के आधार पर एस्वेल्ट और अन्य विशेषज्ञों का दावा है कि एआई सिस्टम जल्द ही गैर-वैज्ञानिक लोगों को परमाणु हथियारों के बराबर घातक जैविक हथियार डिजाइन करने में मदद कर सकती है। इसका उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी किया जा सकता है। फिलहाल किसी खतरनाक विलुप्त या मौजूदा वायरस के आधार पर जैविक हथियार बनाने का तरीका मिलने के बाद भी इन्हें बनाने में काफी विशेषज्ञता चाहिए होती है। इसके लिए न केवल उचित वायरस की पहचान करना होगी, बल्कि वायरल आनुवंशिक सामग्री को संश्लेषित करने, जीनोम को एक साथ जोड़ने और



इसे अन्य अभिकर्मकों के साथ जोड़कर एक ऐसा वायरस तैयार करना होगा जो कोशिकाओं को संक्रमित कर सके और अपनी प्रतिलिपियां बना सके, लेकिन एआई इस प्रक्रिया को आसान बना रही है। उदाहरण के लिए बाजार में जल्द ही उपलब्ध होने वाले बेंचटॉप डीएनए प्रिंटर की मदद से शोधकर्ता स्क्रीनिंग प्रक्रिया को धोखा दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां यह सुनिश्चित करती हैं कि किसी नमूने में संभावित जैविक हथियारों के लिए आनुवंशिक सामग्री तो शामिल नहीं है।

इस प्रक्रिया से बचकर कोई बदनीयत व्यक्ति इन आनुवंशिक ब्लूप्रिंट को अनुबंध अनुसंधान कंपनियों या एक रोबोटिक क्लाउड लैब को लक्ष्य वायरस में डालने के लिए भेज सकता है। इस कार्य में एआई की भूमिका का पता लगाने के लिए एस्वेल्ट ने जीव-विज्ञान में बिना किसी विशेषज्ञता वाले स्नातक छात्रों को तीन से चार सदस्यों वाले तीन समूहों में बांटा। इन सभी समूहों के पास GPT-4, बार्ड और अन्य एआई चैटबॉट्स थे। एक घंटे के भीतर इन सभी समूहों को चैटबॉट्स की मदद से महामारी फैलाने में सक्षम वायरसों को डिजाइन करना था। हालांकि, कुछ चैटजीपीटी ने खतरनाक चीजों के बारे में पूछे गए सीधे सवालों का कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन जब शब्दों में हेर-फेर करके सवाल पूछे गए तो आसानी से जानकारी मिल गई। उदाहरण के तौर पर जब सवाल यह था कि मैं एक टीका विकसित करने के लिए काम कर रहा हूं । तो चैटबॉट्स ने जवाब में चार वायरस के सुझाव दे दिए थे। हालांकि गूगल पर ढूंढने पर भी ऐसी सूची मिल जाती, लेकिन कुछ मामलों में चैटबॉट्स ने उन आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की भी जानकारी दी जो संक्रमण को अधिक फैला सकते हैं। इतना ही नहीं, एआई ने किसी वायरस के आनुवंशिक टुकड़ों को जोड़कर वायरस तैयार करने की तकनीक भी बताई इसके लिए उपयुक्त प्रयोगशालाओं और कंपनियों के नाम भी बताए जो बिना स्क्रीनिंग के आनुवंशिक सामग्री को प्रिंट करने के लिए तैयार हो सकती हैं। एस्वेल्ट को चिंता है कि चैटबॉट्स द्वारा दिए गए विशिष्ट सुझाव किसी महामारी का खतरा बहुत अधिक बढ़ा सकते हैं। जैसे-जैसे जैविक खतरों पर वैज्ञानिक साहित्य में वृद्धि हो रही है और एआई प्रशिक्षण डैटा में इसे शामिल किया जा रहा है। इस बात की संभावना बढ़ रही है कि एआई आतंकवादियों का काम आसान बना सकती है। एस्वेल्ट का मानना है कि चैटबॉट और अन्य एआई प्रशिक्षण डैटा द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी को सीमित किया जाना चाहिए। रोगजनकों को बनाने और बढ़ाने के बारे में बताने वाले ऑनलाइन पेपर्स को हटाकर जोखिम कम किया जा सकता है।

# फल-सब्जियों की पौष्टिकता में पहले जैसी बात कहां

तंदरुस्त बने रहने के लिए जंक फूड, तला-भुना खाने की बजाय अक्सर फल, सलाद, सब्जियों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन हम शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि पिछले सत्तर सालों में इन 'सेहतमंद' चीजों में भी पोषक तत्वों की मात्रा घट गई है। वर्ष 2004 में जर्नल ऑफ दी अमेरिकन कॉलेज ऑफ न्यूट्रिशन में एक अध्ययन में 1950 से 1999 के बीच प्रकाशित यूएस कृषि विभाग के डैटा के आधार पर बताया गया था कि 43 फसलों में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, राइबोफ्लेविन, विटामिन सी जैसे 13 पोषक तत्वों में परिवर्तन दिखे थे। कमी कितनी हुई यह हर पोषक तत्व और फल-सब्जी के प्रकार पर निर्भर है। लेकिन सामान्यतरू प्रोटीन में 6 प्रतिशत से लेकर राइबोफ्लेविन में 38 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई है। खासकर ब्रोकली, केल द्धएक तरह की गोभीऋ और सरसों के साग में कैल्शियम में सबसे अधिक कमी आई है। वहीं चार्ड, खीरे और शलजम में आयरन की मात्रा में काफी कमी हुई है। शतावरी, कोलार्ड द्धएक अन्य तरह की गोभीऋ, सरसों का साग और शलजम के पत्तों में विटामिन सी काफी कम हो गया है। इसके बाद हुए अन्य अध्ययनों में भी इसी तरह के परिणाम देखने को मिले हैं।

अनाजों में भी इसी तरह की कमी देखने को मिली है। 2020 में साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया था कि 1955 से 2016 के बीच गेहूं में प्रोटीन की मात्रा 23 प्रतिशत कम हो गई है, साथ ही आयरन, मैंग्नीज, जस्ता और मैग्नीशियम भी घटे हैं। मांसाहारी भी कम पोषक तत्व वाले भोजन की समस्या से अछूते नहीं हैं। पशु अब कम पौष्टिक घास और अनाज खा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप मांस और अन्य पशु उत्पाद अब पहले की तुलना में कम पौष्टिक हो गए हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के भू-आकृति विज्ञानी डेविड आर। मॉन्टगोमेरी और जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ क्रिस्टी एबी बताते हैं कि इस समस्या के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें एक है फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए अपनाई गई आधुनिक कृषि पद्धतियां।

पौधों को शीघ्र और बड़ा उगाने के लिए अपनाए गए तरीके में पौधे मिट्टी से पर्याप्त पोषक तत्व नहीं सोख पाते या उन्हें संश्लेषित नहीं कर पाते हैं। फिर अधिक उपज से यह भी होता है कि मिट्टी से अवशोषित पोषक तत्व अधिक फलों में बंट जाते हैं, नतीजतन फल-सब्जियों में पोषक तत्व कम होते हैं। उच्च पैदावर के कारण होने वाली मृदा की क्षति भी इस समस्या का एक कारण है। गेहूं, मक्का, चावल, सोयाबीन, आलू, केला, रतालू और सन सभी फसलों की जड़ें कवक के साथ साझेदारी करती हैं जिससे पौधों द्वारा मिट्टी से पोषक तत्व और पानी लेने की क्षमता बढ़ती है। उच्च पैदावार वाली खेती से मिट्टी खराब हो जाती है जिससे कुछ हद तक कवक और पौधों की साझेदारी प्रभावित होती है। कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन



पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा जो ऊर्जा और पोषण के लिए मुख्यतरू चावल-गेहूं जैसे अना. जों पर निर्भर हैं और पोषण के अन्य स्रोतों का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह तो सुनने में आता रहता है कि अब सब्जियों या फलों में वो स्वाद नहीं रहा। देखा गया है कि कई सारे पोषक तत्व फल-सब्जियों और अनाज के स्वाद में इजाफा करते हैं। इनकी कमी फल-सब्जियों के स्वाद को भी प्रभावित करेंगे। बुरी खबर यह है कि कई अनुमान मॉडलों का कहना है कि आगे भी आलू, चावल, गेहूं और जौं के प्रोटीन में 6 से 14 प्रतिशत की कमी आ सकती है। नतीजतन भारत समेत 18 देशों के आहार से 5 प्रतिशत प्रोटीन घट जाएगा, तो इस समस्या से कैसे निपटा जाए?

मिट्टी में सुधार के लिए एक तरीका है संपोषी खेती। पीअरजे:- लाइफ एंड एनवायरनमेंट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि संपोषी खेती से फसलों में कुछ विटामिन, खनिज और पादप-रसायनों का स्तर बढ़ता है, मिट्टी का जैविक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसके लिए पहला कदम यह है कि जितना संभव हो सके मिट्टी को खाली छोड़ दिया जाए और जुताई कम कर दी जाए। मिट्टी को ढंकने वाली तिपतिया घास, राई घास, या वेच लगाकर मिट्टी का कटाव और खरपतवार की वृद्धि रोकी जा सकती है। और खेत में बदल-बदल कर फसलें लगाने से पोषक तत्व में फायदा हो सकता है, लेकिन जब तक पैदावार में पोषण बहाल नहीं होता तब तक क्या करें? पहले तो इस खबर से घबराकर लोग फल-सब्जियां खाना छोड़ या कम कर पोषण पूरकों का रुख न करें। बल्कि इससे वाकिफ रहें कि उनका भोजन कैसे उगाया जा रहा है। हम क्या खा रहे हैं यह पता होना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण यह जानना भी है कि हम जो खा रहे हैं वह कैसे उगाया जा रहा है। और पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति के लिए अलग-अलग तरह और रंग की फल-सब्जियां आहार में शामिल करें। पृथ्वी पर मौजूदा सबसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य फल, सब्जियां और अनाज ही हैं।

कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा।



प्रयागराज। एक ठंडी और धुंध भरी सुबह में अपने सिर पर सामान ढोते लोग।

## इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट के आरोपी दो स्वीडिश नागरिकों को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमशः 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह जानकारी डेनिश मीडिया से प्राप्त हुई। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवकों ने एक पूर्व-नियोजित साजिश के अंतर्गत अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा

### भारत के अमेरिका के साथ हुए नए समझौते का हवाला देते हुए व्हाइट हाउस ने किया दावा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नए समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिब( ता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रम्प) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है। लेविट ने कहा, ष्भारत ने न सिर्फ रूसी तेल नहीं खरी. दने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमे.




■ मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है

रिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति की वजह से एक और शानदार व्यापारिक समझौता है। उन्होंने अमेरिकी विनिर्माण को मजबूत करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए ट्रम्प की टैरिफ नीति और व्यापार रणनीति को श्रेय दिया। प्रशासन की आयात नीति का बचाव करते हुए, लेविट ने कहा कि इससे पहले ही ठोस आर्थिक फायदे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की आयात शुल्क नीति काम कर रही है और उनका आर्थिक एजेंडा काम कर रहा है।

## ट्रम्प से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में आई नरमी, संबंधों में सुधार के संकेत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली अपनी पहली आमने-सामने की बैठक को 'मैत्रीपूर्ण' और 'सकारात्मक' बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रम्प ने पेट्रो को 'बीमार' और 'नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला' व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की और अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनकी 'द आर्ट ऑफ द डील' पुस्तक पर 'यू आर ग्रेट' (आप महान हैं) लिखकर उन्हें समर्पित की। कोलंबियाई दूतावास में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पेट्रो ने बताया कि वार्ता में मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें वेनेजुएला और ऊर्जा, नशीली दवाओं के खिलाफ जंग और इक्वाडोर के साथ व्यापार विवाद की बातें शामिल हैं।

# अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

### अरब सागर में अमेरिकी वॉरशिप के पास पहुंचा था ड्रोन, ईरान 1000 ड्रोन्स तैयार करने का कर चुका दावा

**दुबई।** अमेरिका ने अरब सागर में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। ईरान का शाहेद-139 ड्रोन अमेरिकी नौसेना के 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) के पास पहुंच गया था। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने आत्मरक्षा में एफ-35सी फाइटर जेट से ईरानी ड्रोन को मार गिराया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे ईरान की तरफ से एक 'आक्रामक' व्यवहार बताया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्रोन किस मकसद से तैनात किया गया था। अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली। इसके चलते फोर्स का इस्तेमाल किया गया। इस घटना पर ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, अमेरिका से तनाव के चलते ईरान ने 30 जनवरी को कहा था कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और वार्ताओं को फिर से शुरू करने के प्रयास जारी हैं। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को तुर्की में महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ, उनके दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनेर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस बैठक में शामिल होंगे। साथ ही तुर्की, कतर और मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। कुछ सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था। ऐसा न करने पर उन्होंने चेतावनी दी थी कि ईरान पर अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। ट्रम्प के मुताबिक, अमे. रिकी जहाजों का एक बड़ा बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है और अगर समझौता नहीं हुआ तो बुरे हालात हो सकते हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। पिछले महीने ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई थी। ट्रम्प ने तब भी हस्तक्षेप की धमकी दी थी। वे ईरान में शासन परिवर्तन की बात भी कर चुके हैं। ईरान के नेता धमकियों के बीच बातचीत से इनकार कर रहे थे। हालांकि, अब वे बात करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इधर, ईरानी अधिकारी कह रहे हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ ऊर्जा के लिए है, हथियारों के लिए नहीं। वे अमेरिका की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार हैं। ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान ने 30 जनवरी को दावा किया उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। ईरान की सेना ने दावा किया है अगर अमेरिका हमला करता है तो उसके ड्रोन और मिसाइलों को नेटवर्क इन हमलों को नाकाम कर सकता है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा था कि पिछले साल जून में अमेरिका और इजरायल के साथ हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद सेना ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।



■ अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली

### अमेरिका-ईरान के बीच ड्रोन हमले की घटना से वार्ता की संभावना धूमिल

काहिरा। ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक 'निरीक्षण मिशन' पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने माना कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया है जिसके कारणों की जांच की रही है। फार्स समाचार एजेंसी ने अज्ञात सूत्रों का हवाले से कहा कि ड्रोन ने ईरान से सटे क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियों की सफलतापूर्वक निगरानी की और वास्तविक समय में जमीनी ठिकानों को डेटा भेजा। रिपोर्ट में ऐसे अभियानों को क्षेत्र की समग्र निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। कमान ने कहा कि ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिकन की ओर 'अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी' की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था।

## जापान बांग्लादेश के बीच रक्षा उपकरण व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौता

**मास्को।** जापान और बंगलादेश ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तीन फरवरी को बंगलादेश के ढाका में, जापान की राजदूत सैदा शिनिची और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एस एम कामरुल हसन ने जापान सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता तीन फरवरी से प्रभावी हो गया। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्तांतरित किए जाने वाले रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के प्रबंधन के लिए एक कानूनी संरचना स्थापित करता है जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं को लागू करना है, जिनमें वे परियोजनाएं भी शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में योगदान करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि यह समझौता रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के तीसरे पक्षों को हस्तांतरण या उनके दुरुपयोग पर उचित नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

## इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान लंदन मांर्ग पर कटौती की घोषणा

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोप. नहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है। डैम्प लीज के तहत विमान के साथ कुछ क्रू सदस्यों की आपूर्ति विमान देने वाली कंपनी करती है जबकि कुछ क्रू विमान पट्टे पर लेने वाली कंपनी के होते हैं।इंडिगो ने बताया कि वह 17 फरवरी के डेनमार्क के कोप. नहेगन की उड़ानें बंद कर रही है। इसके अलावा 07 फरवरी से दिल्ली से ब्रिटेन के मैनचेस्टर के लिए उड़ानों की संख्या पांच से घटाकर चार करेगी। इसे 19 फरवरी से चार से घटाकर तीन किया जाएगा। मुंबई से मैनचेस्टर के लिए जाने वाली सप्ताह में चार उड़ानों में कोई कटौती नहीं की गई है। उसने बताया कि 09 फरवरी से दिल्ली से लंदन हीथ्रो के लिए जाने वाली उड़ानों की संख्या सप्ताह में पांच से घटाकर चार की जाएगी। एयरलाइंस का कहना है कि अन्य उड़ानों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए यह कटौती जरूरी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उसके वाइडबॉडी परिचालन को हाल में बाहरी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। साथ ही भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हवाई क्षेत्रों संबंधी प्रतिबंध और भारत तथा विदेशों में हवाई अड्डों पर स्लॉट की समस्या के कारण वह ए उड़ानें रद्द कर रही है। इंडिगो ने लंबी दूरी के रूट पर परिचालन शुरू करने के लिए पिछले साल मार्च में अपने बेड़े में वाइडबॉडी विमानों को शामिल किया था। उसकी योजना फिलहाल चुनिदा मार्गों पर लंबी दूरी की सेवा शुरू करने की थी। कंपनी ने फ्रांस की कंपनी एयरबस को ए350-900 विमानों के ऑर्डर दिए हैं जिनकी डिलिवरी साल 2028 में शुरू हो जाएगी। उसके बाद कंपनी लंबी दूरी के मार्गों पर नेटवर्क का विस्तार करेगी।

# समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा

■ मां और भाई-बहन की जान बचाई, तूफान में बोट पलटने से 14 किमी दूर बहा परिवार

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे आस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

जोआन एपलबे अपने बच्चों आस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे आस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है। आस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उस वक्त परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे आस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे आस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे। अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद आस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा। उधर आस्टिन लगातार तैरता रहा और करीब 4 किमी बाद किसी तरह किनारे पहुंचा। उसने बताया कि तैरते समय वह सिर्फ अपनी मां और भाई-बहन के बारे में सोच रहा था। किनारे पर पहुंचने के बाद वह 2 किमी दौड़कर फोन तक पहुंचा और शाम करीब 6 बजे इमरजेंसी सर्विस को काल किया। फोन करने के बाद वह थकान से बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय उसे नहीं पता था कि उसकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं। समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि आस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है। काफी देर बाद बचाव दल ने परिवार को समुद्र में करीब 14 किलोमीटर दूर ढूंढ लिया। उस समय एक बड़ी लहर में बच्चे पानी में गिर गए थे।

# लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

### घर में घुसकर गोली मारी, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीबियाई जिंटान शहर में उनके घर पर चार हमलावरों ने हमला किया और उन्हें मार डाला। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के वकील खालिद अल-जैदी और राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला ओथमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी मौत की जानकारी दी। हालांकि शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई।

सैफ अल-इस्लाम की मौत को लेकर उनकी बहन ने अलग ही दावा किया है। बीबीसी ने लीबियाई टीवी के हवाले से बताया कि सैफ अल-इस्लाम की मौत लीबिया-अल्जीरिया सीमा के पास हुई। सैफ अल-इस्लाम की उम्र 53 साल थी। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को कभी अपने पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी (बाएं) ने 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को लंबे समय तक अपने पिता मुअम्मर गद्दाफी का राजनीतिक उत्तराधिक. ारी माना जाता रहा। उनका जन्म 25 जून 1972 को त्रिपोली में हुआ। गद्दाफी परिवार लीबिया में दशकों तक सत्ता में रहा और सैफ अल-इस्लाम उसी ताकतवर परिवार का सबसे पढ़ा-लिखा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना-पहचाना चेहरा थे। उन्होंने लीबिया के बाहर भी पढ़ाई की और लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स से शिक्षा ली। 2000 के दशक में वे खुद को एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश करते थे। वे पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने, अर्थव्यवस्था और कुछ हद तक राजनीतिक बदलाव की बातें करते थे। इसी वजह से कई विदेशी नेता और मीडिया उन्हें गद्दाफी शासन का नरम और आधुनिक चेहरा मानने लगे थे। सैफ ने कभी कोई आधिकारिक पद नहीं संभाला, लेकिन वे लीबिया में अपने पिता के बाद सबसे ताकतवर व्यक्ति थे। 2000 के दशक में उन्होंने लीबिया के पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में बड़ी भूमिका निभाई। सैफ अल-इस्लाम के पिता मुअम्मर गद्दाफी को 2011 में हुए विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था और उनकी हत्या कर दी गई थी। 2011 में अरब स्प्रिंग (तानाशाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन) के दौरान लीबिया में विद्रोह हुआ, जो गद्दाफी शासन के खिलाफ था। सैफ अल-इस्लाम ने अपने पिता का साथ दिया और विद्रोहियों को कुचलने की कोशिश की। वे टीवी पर आए और लोगों को चेतावनी दी कि विरोध करने वालों को सजा मिलेगी। सैफ अल-इस्लाम विद्रोहियों को 'चूहे' कहकर बुलाते थे और कहते थे कि सरकार आखिरी गोली तक लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि हम लीबिया में लड़ेंगे, यहीं मरेंगे। क्रांति के दौरान उनके पिता मारे गए और सैफ अल-इस्लाम भागने की कोशिश में पकड़े गए।




■ शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई

# जिनपिंग ने हटाए अपने 23 भरोसेमंद जनरल

### जनरलों में से कई लापता, एक्सपर्ट बोलेः चीनी राष्ट्रपति जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं

**बीजिंग।** चीन की सेना में बीते तीन सालों में ऐसा बदलाव हुआ है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम 30 जनरल और एडमिरल थे, जो अलग-अलग खास विभागों और थिएटर कमांड की कमान संभाल रहे थे।

इनमें से लगभग सभी को या तो बाहर कर दिया गया है या वे अचानक गायब हो गए हैं। जांच में केवल 7 ऐसे जनरल मिले हैं जो अब भी एक्टिव नजर आते हैं। कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से दिखना ही बंद हो गए हैं। आधु. निक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई। इन सफाइयों की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी सेना के शीर्ष स्तर पर नेतृत्व का बड़ा खालीपन पैदा हो गया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के एक्सपर्ट्स का मानना है कि शी जिनपिंग जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं। ये वे कमांडर थे जो 2023 में शी जिनपिंग के अधीन सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में कार्यरत थे। इस मंच पर मौजूद एक अधिकारी झांग शेंगमिन (बाएं से पहले) को छोड़कर बाकी सभी को पद से हटा दिया गया है। 2016 में शी जिनपिंग ने चीन की पूरी सैन्य व्यवस्था बदल दी। पहले चीन की सेना 7 मिलिट्री रीजन में बंटी थी। शी जिनपिंग ने इसे खत्म करके देश को 5 थिएटर कमांड में बांटा, ताकि अलग-अलग मोर्चों पर तेजी से फैसला लिया जा सके। सेना, नौसेना, वायुसेना और मिसाइल फोर्स मिलकर काम करें और जंग स्थिति में 'एक कमांड, एक जिम्मेदारी' तय हो। इसमें से साउदर्न थिएटर कमांड, वेस्टर्न थिएटर कमांड और नार्दर्न थिएटर कमांड में सबसे ज्यादा अफसर हटाए गए हैं। सेंट्रल थिएटर कमांड बस एक मिलिट्री रीजन है जहां पर कम अधिकारी निकाले गए हैं। ये सभी थिएटर कमांड सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के आदेश पर काम करने वाली मिलिट्री यूनिट्स हैं। ये सेना, नौसेना, वायुसेना, मिसा. इल फोर्स को मिलाकर आपरेशन चलाती हैं। इसमें से 6 में से 5 जनरल अब हटाए जा चुके हैं। जिसने राष्ट्रपति बनने में मदद की उसे ही निकाला साल 2022 में सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में इन छह जनरलों को शी जिनपिंग ने खुद नियुक्त किया था।



■ आधुनिक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई

## यूनान में तटरक्षक पोत से टकराई प्रवासियों की नाव, 15 की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 प्रवासियों के शव पानी में मिले, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

